✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पटना के दिलावरपुर में निर्माणाधीन राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 47 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 13 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# औरंगाबाद में लगेगा सोलर पावर प्लांट

**पूर्व सांसद वीरेन्द्र कुमार सिंह की मांग पर नीतीश सरकार बारून में पावर प्लांट लगाने पर प्रायः सहमत | सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा रोजगार | औरंगाबाद के विकास में जुड़ेगी एक और कड़ी**

(कमल किशोर)

**औरंगाबाद।** बिहार में करीब 20 वर्षों से सत्तारूढ़ नीतीश सरकार औरंगाबाद जिले को एक बार फिर बड़ा तोहफा देने जा रही है। नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह की मांग और उनके द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर उन्हें सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारून प्रखंड में 500 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता वाला सोलर पावर प्लांट स्थापित करने का आश्वासन दिया है। औरंगाबाद से एक बार सांसद और नवीनगर से तीन बार विधायक रहे वीरेंद्र कुमार सिंह ने आज यहां बताया कि बारून प्रखंड के मेंह पंचायत के सोन नदी के किनारे दियारा क्षेत्र में सोलर पावर प्लांट लगाने के प्रस्ताव पर राज्य सरकार गंभीर है और इस संबंध में शीघ्र ही निर्णय ले लिए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस सोलर पावर प्लांट के लिए पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है और किसी किसान अथवा भूस्वामी से जमीन



अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी। इस सोलर पावर प्लांट की स्थापना में जमीन की उपलब्धता सबसे बड़ी सहायक सिद्ध हो रही है। श्री सिंह ने बताया कि देश की बिजली राजधानी के रूप में चर्चित हो रहे औरंगाबाद जिले के विकास में इस सोलर पावर प्लांट के जरिए एक और नई कड़ी जुड़ने वाली है। उन्होंने बताया कि यहां 500 मेगावाट बिजली का उत्पादन सौर ऊर्जा के जरिए होगा और इससे सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार हासिल हो सकेगा। पूर्व विधायक श्री सिंह ने बताया कि जमीन चयन के लिए अधिकारियों ने उनके साथ स्थल का निरीक्षण भी किया है। इंद्रपुरी सोन बराज से औरंगाबाद जिले की ओर सोन नद के किनारे वाले क्षेत्र में काफी बड़ा भूभाग उपलब्ध है जो पूरी तरह सरकारी है और यहां सोलर पावर प्लांट के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सोलर पावर प्लांट के लिए सड़क संपर्क की सुविधा बिल्कुल पास में है और निकट में ही एनटीपीसी-बीआरबीसीएल के दो-दो पावर प्लांट के साथ ही बारून में ग्रिड सबस्टेशन भी उपलब्ध है। श्री सिंह ने बताया कि इस सोलर पावर प्लांट के निर्माण पर 2000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आएगी।

**कहते हैं विशेषज्ञ**

सोलर पावर प्लांट लगाने में खर्च कम आता है और इसका उत्पादन लागत भी बिल्कुल कम है। कैपिसिटी यूटिलाइजेशन फैक्टर (सीयूएफ) मान्य पवार प्लांटों की तुलना में कम होने के बाबजूद सोलर प्लांट ज्यादा लाभकारी तथा उपयोगी है। इस प्रोजेक्ट से प्रदूषण की कोई गुंजाइश नहीं है। सोलर पावर वर्तमान तथा आने वाले समय की मांग है।

**विजय सिंह**
पूर्व कार्यकारी निदेशक
एनटीपीसी लि.

## थर्मल, हाइड्रो और सोलर पावर प्लांट का संगम बनेगा औरंगाबाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** देश की बिजली राजधानी के रूप में विकसित हो रहा औरंगाबाद जिला अब शीघ्र ही थर्मल, हाइड्रो और सोलर पावर प्लांट का संगम स्थल बनेग । बारून प्रखंड में प्रस्तावित सोलर पावर प्लांट की स्वीकृति मिलने के साथ ही यह जिला तीनों विधियों से बिजली उत्पादन के लिए न केवल पूरे राज्य में बल्कि देश के सबसे प्रमुख जिलों में एक होगा। फिलहाल नबीनगर में एनटीपीसी लिमिटेड की1980 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला प्रोजेक्ट कार्यरत है और इस प्रोजेक्ट में स्टेज-2 के तहत आठ-आठ सौ मेगावाट की तीन इकाइयां स्थापित की जा रही हैं। इस प्रकार यहां बिजली परियोजना में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी जो देश की दूसरी सबसे बड़ी बिजली परियोजना होगी । इसी प्रकार नवीनगर प्रखंड में ही भारतीय रेल बिजली कंपनी और एनटीपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम के रूप में भारतीय रेल बिजली कंपनी की 1000 मेगावाट उत्पादन क्षमता की बिजली परियोजना चालू है। इस प्रकार यह जिला जल विद्युत (हाइड्रो पावर) उत्पादन के क्षेत्र में भी वर्ष 1993 से जाना जाता रहा है। यहां बारून में करीब साढ़े तीन मेगावाट बिजली उत्पादन की दो इकाई स्थापित है जिनसे बिजली उत्पादन लगातार होता रहा है और अभी भी यह परियोजना कार्यरत है। बिहार स्टेट हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की डिहरा, तेजपुरा और सिपहा में भी जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। अब जबकि राज्य सरकार का ध्यान सौर ऊर्जा उत्पादन की ओर गया है तो इससे संबंधित सोलर पावर प्लांट बारून प्रखंड के मेंह पंचायत में लगने वाला है। इस प्रकार यह जिला थर्मल, हाइड्रो और सोलर पावर तीनों के उत्पादन के लिए प्रमुखता से जाना जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएमसीएच के जीएनएम की गोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना अंतर्गत डोईया गांव में शनिवार को एक महिला की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान 60 वर्षीय सुशीला देवी के रूप में हुई है, जो पटना पीएमसीएच में जीएनएम के पद पर कार्यरत थीं। घटना के समय सुशीला देवी खेत से लौट रही थीं, तभी पीछे से घात लगाए बदमाशों ने सिर में गोली मार दी। आनन-फानन में उन्हें बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला पोस्टमैन का शव

**हाजीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले में उस समय सनसनी फैल गई जब हाजीपुर के ढाला नंबर 54 के पास रेलवे ट्रैक से एक पोस्टमैन का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान लालगंज के कटहरा थाना क्षेत्र के घटारो निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई है। वे हाजीपुर पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत थे। शव मिलने की खबर से न केवल उनके परिजन बल्कि पूरा क्षेत्र स्तब्ध है।

### तीन थानेदार समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने लापरवाही के आरोप में तीन थानाध्यक्ष सहित पांच पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया। एसपी ने महिला थानाध्यक्ष सुधा कुमारी, एसआई बबन कुमारी सिन्हा और एएसआई रीना कुमारी, मुफस्सिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार और कसबा थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी को सस्पेंड कर दिया। कार्यहित को देखते रौटा थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन को कसबा थानाध्यक्ष, जलालगढ़ थाना के अपर थानाध्यक्ष आर्या पृथ्वी नायडू को महिला थानाध्यक्ष, महिला थाना के सुरुचि शर्मा को अनगढ़ थानाध्यक्ष, पुलिस केंद्र के सुदिन राम को मुफस्सिल थानाध्यक्ष, अनगढ़ थानाध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव रौटा थानाध्यक्ष बनाया गया है।

### ट्रेन से गिरकर पुलिस गाड़ी के चालक की मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गया-पटना रेलखंड पर कोर्ट स्टेशन के पास एक हादसे में 112 नंबर पुलिस गाड़ी के ड्राइवर और रिटायर्ड आर्मी जवान उमेश चंद्र राय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह मईहाट से ट्रेन पकड़कर जहानाबाद लौट रहे थे, इसी दौरान चलती ट्रेन से गिरकर उनकी मौत हो गई। मूल रूप से जहानाबाद के पिंजौरा गांव निवासी उमेश चंद्र राय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद पिछले 5 सालों से खुनाठी पुलिस पिकेट में 112 नंबर की गाड़ी चला रहे थे।

**प्रधानमंत्री ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र**

# भारत के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे नवनियुक्त युवा: मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** देशभर के 47 शहरों में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए 51 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी मिली है और वे आज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा



कि हमारा मंत्र है..'बिना पर्ची, बिना खर्ची'। युवाओं के संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग विभागों में नियुक्त हो रहे ये युवा आने वाले समय में देश के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ देश की रक्षा करेंगे, कुछ 'सबका साथ, सबका विकास' के सच्चे सिपाही बनेंगे। कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे, तो कुछ उद्योगों के विकास में योगदान देंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहा कि आपके विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन आप सब एक ही शरीर के अंग हैं, और वह है-देश की सेवा। बता दें कि इस दौरान पीएम मोदी ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि रोजगार मेले के अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर। श्री मोदी ने कहा कि (शेष पृष्ठ 10 पर)

## नहर में गिरी कार तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिले के पालीगंज अनुमंडल के रानीतालाब थाना क्षेत्र में शनिवार की अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों की हालत गंभीर है। घटना रानीतालाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव की है। बताया जा रहा है कि झपकी लेने के कारण ड्राइवर में कार पर से अपना नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते कार नहर में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि तीन लोगों की जान मौके पर ही चली गई। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन की टीम और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे जहां जेसीबी के सहारे कार को बाहर निकल गया लेकिन तब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। घायल लोगों को इलाज के लिए पटना एम्स रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान 52 वर्षीय निर्मला देवी, 36 वर्षीय नीतू सिंह एवं 10 वर्षीय स्तुति कुमारी के रूप में हुई है। सभी लोग वैशाली जिले के महुआ इलाके के रहने वाले थे। वहीं घायलों में नंदन सिंह और रिद्धि सिंह शामिल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि सभी लोग अपने कार से छत्तीसगढ़ से वैशाली के हाजीपुर जा रहे थे। घर में किसी के शादी के सालगिरह में शामिल होने के लिए आ रहे थे। पटना के रानीतालाब इलाके में गाड़ी चला रहे ड्राइवर को नींद आने लगी। इसी कारण यह हादसा हुआ। थानेदार प्रमोद कुमार ने बताया कि अहले सुबह पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ससरैया गांव के पास एक कार नहर में पलट गई है, जिसके बाद पुलिस की टीम और स्थानीय लोगों ने जेसीबी के सहारे कार को नहर से बाहर निकाला। कार में सवार तीन लोगों की मौत चुकी है जबकि दो लोग घायल हैं। मरने वालों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

## पुलिस गाड़ी की चपेट में आने से दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधुबनी।** शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब शनिवार को पुलिस की गाड़ी की चपेट में आने से सिंगयाही पुपरी निवासी फेंकन मुखिया और सचिन की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया और वे मुख्य सड़क को जाम कर दिया। घटना के करीब तीन घंटे बाद घटनास्थल पर मधवापुर और साहरघाट पुलिस पहुंची। इसको देखते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने ईंट व पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने भी पिस्टल से पांच राउंड हवाई फायरिंग की। हालांकि पुलिस ने एक राउंड फायिरंग की पुष्टि की। उस समय तक बेनीपट्टी डीएसपी अमित कुमार भी वहां पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर दोषी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार, डायल 112 की गाड़ी शराब लदी बाइक का पीछा कर रही थी, इसी क्रम में पुलिस की गाड़ी ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 10 वर्ष का दूसरा बच्चा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद पुलिस के जवान गाड़ी के साथ वहां से चले गए। ग्रामीण जख्मी को इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां उसकी मौत हो गई। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि यह एक गंभीर घटना है।

## बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क के निर्माण में लाएं तेजी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहटा में राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन के प्रथम तल एवं तृतीय तल का निरीक्षण कर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल पर जाकर मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ मुख्यालय प्रांगण में नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन भवनों तथा आसपास के इलाकों का मुआयना कर अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य आपदा



मोचन बल के मुख्यालय परिसर में बचे हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाकर इसे जल्द पूर्ण करायें। इस मुख्यालय परिसर तक सुगमतापूर्वक आवागमन हो सके, इसका ख्याल रखें। राज्य आपदा मोचन बल के मुख्यालय परिसर के नवनिर्मित भवनों पर सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित कराएं, इससे बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सभी सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया है और इस दिशा में काम पहले से हो रहा है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह निर्माणााीन एलिवेटेड पथ फोरलेन होगा, जिसमें चार बाईपास (नेऊरागंज, पैनाल, कन्हौली और विशुनपुरा) होंगे। यह पटना-बक्सर फोरलेन सड़क का अहम हिस्सा है। इस परियोजना की लागत 1969.39 करोड़ है, जिसका निर्माण सीईगल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। यह परियोजना बिहटा हवाई अड्डे को विशेष कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, साथ ही पटना की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इस अवसर पर विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकलकट्टी, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, पटना के आयुक्त डा. चंद्रशेखर सिंह, डीएम डा. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. कुमार, राज्य आपदा मोचन बल के कमांडेंट राजेश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आत्मनिर्भर बन रहा देश का युवा : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिला मुख्यालय स्थित हरिदास सेमिनरी स्थित आर्ट गैलरी ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री रोजगार मेला के तहत आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित करने के साथ उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि जबकि बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज का यह 'रोजगार मेला' न केवल हजारों युवाओं के जीवन में नए अध्याय की शुरुआत है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को



साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि आज देशभर में 47 स्थलों पर रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अब तक कुल 10 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार मेलों के माध्यम से नियुक्त किया जा चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को नई दिशा दी है। आज रोजगार मेला उसी श्रृंखला की एक प्रेरक कड़ी है। डॉ. प्रेम कुमार ने नियुक्त हुए सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। सभी नव-नियुक्त कर्मी ईमानदारी, निष्ठा और पारदर्शिता से कार्य करें तथा सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी सहकारिता के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के उपयोग, महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण तथा युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दे रही है। मंत्री प्रेम कुमार ने अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार की जनता की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश का युवा आत्मनिर्भर बन रहा है। बिहार के युवा अब न केवल नौकरी पाने वाले, बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। इस अवसर पर वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, डीआरएम एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## बिहार में 80.11% मतदाताओं ने जमा कराए गणना फॉर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में जारी वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के बीच चुनाव आयोग ने ताजा आंकड़े जारी किए हैं। उनके मुताबिक बिहार में अबतक 80.11% मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा कराए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि 77,895 बूथ लेवल अधिकारियों के साथ, 20,603 नए नियुक्त बीएलओ भी फील्ड में मौजूद हैं। भारत निर्वाचन आयोग निर्धारित तिथि 25 जुलाई को से काफी पहले गणना प्रपत्रों का संग्रह पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस उद्देश्य के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों, सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों एवं 963 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों सहित क्षेत्रीय स्तर की टीमों की बारीकी से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज शाम 6 बजे तक, उन सभी मतदाताओं को ईएफएस की 100% छपाई और लगभग पूरा वितरण कर लिया गया है जो अपने पते पर पाए गए थे। ईएफएस का संग्रह 6,32,59,497 या 80.11% को पार कर गया है। इसका मतलब है कि बिहार में हर 5 मतदाताओं में से 4 ने जमा कर दिया है। इस गति से अधिकांश 25 जुलाई से बहुत पहले एकत्र होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और अन्य कमजोर समूहों की सहायता के लिए 4 लाख से अधिक स्वयंसेवकों द्वारा विशेष प्रयास भी किए जा रहे हैं।

C M Y K

# एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा चुनाव : राजीव प्रताप रूडी

## गठबंधन को बहुमत मिलने पर नीतीश कुमार ही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में एनडीए के मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर जारी अटकलों के बीच भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा और अगर गठबंधन को बहुमत मिलता है तो वही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे। रुडी ने शनिवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि एनडीए एकजुट है और नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनावी मैदान में उतरेगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का प्रशासनिक अनुभव और सुशासन की छवि बिहार के लिए बेहद जरूरी है। उल्लेखनीय है कि रूडी का यह बयान ऐसे समय आया है जब सियासत में एनडीए के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही थीं। भाजपा के अंदर भी कई नेताओं की बयानबाजी से यह कयास लगाए जा रहे थे कि क्या पार्टी नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाएगी या किसी नए चेहरे को सामने लाएगी। रूडी के इस बयान के बाद बिहार की सियासी सरगर्मी एक बार फिर तेज हो गई है। इस बयान को नीतीश कुमार को एनडीए के भीतर पूर्ण समर्थन देने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि बीते दिनों चिराग पासवान के चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद भी सियासत में खलबली मच गई थी कि क्या वे नीतीश कुमार की जगह लेने वाले हैं। हालांकि उन्होंने भी अपने बयान में स्पष्ट कहा था कि नीतीश कुमार ही एनडीए का सीएम फेस होंगे।

## कांग्रेस ने मनाई सत्येंद्र बाबू की 109 वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की 109 वी जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार को विकास के राह पर अग्रसर करने के लिए सत्येंद्र बाबू ने असीमित प्रयास किये। उनके द्वारा बिहार में उद्योग कारखानों के स्थापना को लेकर दूरदर्शी सोच थी जिसे उन्होंने मूर्त रूप दिया। बिहार के राजनैतिक इतिहास के नायक के रूप में उन्हें आज भी याद किया जाता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर शनिवार को आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सत्येन्द्र नारायण सिन्हा पार्क, श्रीकृष्णापुरी में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा हुई और उनके योगदान को याद किया गया। उन्होंने बिहार की राजनीति में एक स्वच्छ, सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व की भूमिका निभाई थी। उनके विचार आज भी राजनीतिक और सामाजिक संदर्भों में प्रासंगिक माने जाते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सत्येंद्र बाबू का जीवन हमें जनता की सेवा और सिद्धांतों पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं और नेताओं ने उनके योगदान पर लिखी पुस्तकों और दस्तावेजों का अवलोकन किया। जयंती के उपलक्ष्य में राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा सत्येन्द्र बाबू, जिन्हें स्नेह से 'छोटे साहब' कहा जाता था, बिहार और देश की राजनीति में एक ऊंचा स्थान रखते थे। एक ऐसे जननेता जिनका जीवन सेवा, संघर्ष और सिद्धांतों का प्रतीक था। उनका नेतृत्व, आदर्श और दूरदृष्टि आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना, जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

# बिहारी अब और कितनी हत्याओं की भेंट चढ़ेंगे : चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष के साथ-साथ अब सरकार में शामिल दल भी अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने लगे हैं। इसी कड़ी में केन्द्रीय मंत्री एवं लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान ने नीतीश सरकार से पूछा है कि बिहारी अब और कितनी हत्याओं की भेंट चढ़ेंगे। बिहार में हो रही हत्याओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि समझ से परे है कि बिहार पुलिस की जिम्मेदारी क्या है? जिस तरह से चिराग ने बिहार पुलिस की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए हैं, उसके बाद नीतीश सरकार को अब जवाब देना मुश्किल हो गया है। चिराग से इस पोस्ट के बाद सियासी गलियारे में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर चिराग पासवान क्या करने वाले हैं और क्या एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं है? चिराग पासवान से पहले उनकी पार्टी के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा ने बिहार में लगातार कारोबारियों की हो रही हत्या पर सवाल उठाए थे। राजेश वर्मा ने नीतीश सरकार की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बताया था जिसके बाद जदयू के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री महेश्वर हजारी ने कहा था कि चिराग पासवान को गठबंधन में साथ रहना है या नहीं वह खुलकर बताएं। इससे पहले चिराग पासवान के बहनोई अरूण भारती ने भी बिहार में आपराधिक घटनाओं की गिनती गिनाई थी और कहा था कि राष्ट्र के लिए आप धृतराष्ट्र नहीं बन सकते हैं।

# मंगलमूर्ति द्वारा लिखित राजेंद्र बाबू की जीवनी द हाउस ऑफ ट्रूथ का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम में डा. राजेंद्र प्रसाद की भूमिका एक सदाकत के संत की रही जिसने महात्मा गांधी की राष्ट्र-भक्ति, देश-सेवा और ग्रामोत्थान के आदर्शों को अपने जीवन में पूरी तरह चरितार्थ किया। 11 जुलाई 25 को राजभवन में आयोजित एक समारोह में राजेंद्र बाबू की अंग्रेजी में डा. मंगलमूर्ति लिखी जीवनी 'द हाउस ऑफ ट्रूथ' का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने अपने भाषण में अपने ये उद्गार व्यक्त किये। पुस्तक के शीर्षक का महत्व बताते हुए राज्यपाल ने राजेन्द्र बाबू के पटना के 'सदाकत आश्रम' से उनके लम्बे जुड़ाव की चर्चा की और कहा कि किताब का यह नाम राजेंद्र बाबू के व्यक्तितत्व को पूरी तरह चित्रित और परिभाषित करता है। उनकी जीवनी का यह नाम 'द हॉउस ऑफ ट्रूथ' जो सदाकत आश्रम का अंग्रेजी तर्जुमा है - इससे अच्छा कोई दूसरा नाम हो भी नहीं सकता था। सदाकत और आश्रम ये दो शब्द अपने आप में उर्दू-हिंदी के भाईचारे को उजागर करते हैं और उसी का यह अंग्रेजी तर्जुमा है 'द हॉउस ऑफ ट्रूथ' जिससे अच्छा इस जीवनी का और कोई नाम नहीं हो सकता था। राजेंद्र बाबू की हिंदी वाली 'आत्मकथा' तो लोगों ने पढ़ी होगी, लेकिन उसकी कहानी 1946 में ही आकर खत्म हो गयी थी। इस जीवनी में आजादी के बाद की कहानी और उसमें राजेन्द्र बाबू की संविधान सभा के अध्यक्ष और लगातार 1950 से 1962 - बारह साल तक राष्ट्रपति पद पर रहने की कहानी - जो उनके निजी जीवन की कहानी है, पढ़ने को मिलती है। यह एक महत्वपूर्ण काम है जिसे डा. मंगलमूर्ति ने पूरा किया है जिसके लिए मैं उनको विशेष बधाई देता हूं। राजेंद्र बाबू सचमुच सच्चाई और सदाकत के जीते-जागते स्वरुप थे। उनकी सदाकत की इस तस्वीर को इस किताब में गहराई से उतारा गया है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान और अपने राष्ट्रपति-काल में भी वे कहीं भी इस सदाकत से नहीं डिगे। समारोह के प्रारम्भ में राष्ट्रगीत और दीपोज्ज्वलन के बाद बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और आ. शिवपूजन सहाय स्मारक न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष विजय प्रकाश ने राज्यपाल का स्वागत और अभिनन्दन किया तथा राजेंद्र बाबू की जीवनी के साथ ही न्यास की ओर से सहायजी की कुछ पुस्तकें भी भेंट कीं। समारोह के अंत में पद्मश्री बिमल कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। श्वेता सुमन ने मंच संचालन का कार्य किया।

# राकेश कुमार राष्ट्रीय व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री नियुक्त, सदस्यता अभियान को देंगे गति



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जक्कनपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कुमार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा ने राष्ट्रीय व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर की स्वीकृति के बाद यह नियुक्ति की गई। राकेश कुमार को संगठन के नियमों का पालन करते हुए सभी राज्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। राकेश कुमार की सामाजिक सेवा, समाज के प्रति समर्पण, विनम्रता और लगनशीलता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने निर्देश दिया है कि वे प्रदेश अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर सदस्यता अभियान को गति देंगे।

# हज से लौटे तीन अलीग के सम्मान में दुआईया महफिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एएमयू ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर, पटना द्वारा शनिवार को पटना स्थित नये कार्यालय में एक दुआईया महफिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हज से लौटे तीन प्रतिष्ठित अलीग, अलहाज एडवोकेट मोहम्मद नसरुल हुदा खान, अलहाज इंजीनियर जकी अहमद खान और अलहाज एडवोकेट अशहर मुस्तफा के सम्मान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 25 से अधिक अलीग्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुआ और हज यात्रा पर आधारित विचारों से सभी भावविभोर हो उठे। जनाब कसीम रजा साहब (सेक्रेटरी, मुस्लिम हाई स्कूल) ने एएमयूओबीए के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और सर सैयद शिक्षा स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने ऑफिस रिनोवेशन फंड में सहयोग की अपील की। इंजीनियर कमर आलम साहब ने संस्था के वरिष्ठ अलीग्स के योगदान का उल्लेख किया और आगे की योजना साझा की। अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज साहब ने सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। प्रो. रिजवानुल हक, इरफान सफदरी, अशरफ, आजाद कमाल, डॉ. अरशद हक, डॉ. अमजद अली, अली इमाम, एडवोकेट अनवर हुसैन, एडवोकेट सफियान, एडवोकेट इकबाल, आसिफ नियाजी, इंजीनियर शौकत और सैयद काजमी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। महासचिव मोशीर आलम ने कहा कि नया कार्यालय केवल एक भवन नहीं बल्कि हमारी एकता, सेवा और सर सैयद के मिशन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सभी अलीग भाइयों से इस मिशन से जुड़ने की अपील करते हैं।

# 'अगड़ा-पिछड़ा' की बहस ने बिहार को काफी नुकसान पहुंचाया : ऋतुराज सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने इंडिया गठबंधन पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि 'अगड़ा-पिछड़ा' की बहस ने बिहार को काफी नुकसान पहुंचाया है और इससे समाज का कोई कल्याण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार की असली लड़ाई गरीबी, अविकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और पलायन की समस्या से है न कि जातिगत विभाजन से। ऋतुराज सिन्हा ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि राजद बार-बार उसी पुराने जख्म को कुरेद रहा है जो समाज के लिए एक अभिशाप बन चुका है। अगड़ा-पिछड़ा की राजनीति ने राज्य को सिर्फ पीछे धकेला है। अगर कोई असल मुद्दा है तो वो है पलायन को रोकने का, बिहार में इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने का और गरीबी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने का है। वहीं कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर किसी पार्टी या राजनीति का विषय नहीं है बल्कि यह समाज की बुनियादी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर कानून-व्यवस्था विफल होती है तो इसकी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की बनती है और इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# लालू यादव ने 'भूरा बाल साफ करो' नारा देकर समाज में विद्वेष फैलाया था : नित्यानंद राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लालू प्रसाद यादव के समय बिहार में सिर्फ हिंसा और सामाजिक उन्माद था। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने 'भूरा बाल साफ करो' जैसा नारा देकर समाज में विभाजन और विद्वेष फैलाया था। उन्होंने कहा कि आज बिहार में एनडीए सरकार के चलते सामाजिक सौहार्द बना हुआ है और सबका विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी बिहार आते हैं, नई योजनाएं और सौगातें लेकर आते हैं जिससे राज्य का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम जल्द ही मोतिहारी आने वाले हैं जो बिहारवासियों के लिए एक खुशी की बात है। वहीं महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर जारी विवाद पर नित्यानंद राय ने कहा कि भारत एक बहुभाषी देश है और हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई भाषाओं में ज्ञान-विज्ञान और संस्कृति की बात की है और हिंदी को राजभाषा मानते हुए सभी भाषाओं को सम्मान और संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर जवाब देते हुए नित्यानंद राय ने कहा कि चोरी उनके नियत में है, चोरी उन्हें ही मुबारक हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का केवल झूठ और भ्रम फैलाने का काम है। वहीं राज्य में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कहीं भी अपराध हो, वह दुखद होता है, लेकिन आज की सरकार में अपराधियों पर कार्रवाई होती है। पहले लालू राज में उन्हें संरक्षण मिलता था। नित्यानंद राय ने दावा किया कि राजद की सरकार अपराधियों को बचाती थी जबकि एनडीए सरकार कानून के अनुसार सजा दिलवाती है। उन्होंने कहा कि बिहार में केवल एनडीए की सरकार ही विकास कर सकती है और आज हर वर्ग के लिए काम हो रहा है।

## चेन पुलिंग में 612 व महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 1176 पुरुष यात्री हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रुप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रुप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत पिछले माह के 15 जून से 30जून 2025 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 612 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरुद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 327 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 136, सोनपुर मंडल में 64, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 40 तथा धनबाद मंडल में 45 लोगों को हिरासत में लिया गया।


# मुफ्त बिजली पर वित्त विभाग का खंडन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के वित्त विभाग ने इस खबर का खंडन किया है कि उसने 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने के उर्जा विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल एक अखबार ने यह खबर छापी थी कि राज्य सरकार लोगों को मुफ्त में 100 यूनिट बिजली देने जा रही है। उर्जा विभाग के इस प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है, लेकिन शनिवार शाम बिहार सरकार के वित्त विभाग ने फ्री बिजली पर खंडन पत्र जारी किया है। वित्त विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि कतिपय संचार माध्यमों में इस प्रकार की सूचना प्रसारित हो रही है कि वित्त विभाग द्वारा प्रत्येक माह 100 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी है। इस संबंध में सूचित करना है कि ऐसी कोई सहमति वित्त विभाग द्वारा नहीं दी गयी है और इस संबंध में कोई भी निर्णय वित्त विभाग द्वारा नहीं लिया गया है। इस प्रकार यह खबर कि वित्त विभाग द्वारा 100 यूनिट के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी है। भ्रामक तथा तथ्यों से परे प्रतीत होता है। बता दें कि आज ही एक अखबार ने खबर छापी है कि ऊर्जा विभाग ने बिहार के लोगों को हर महीने 100 यूनिट बिजली फ्री देने की योजना तैयार की है। ऊर्जा विभाग ने इस प्रस्ताव को तैयार कर वित्त विभाग को भेजा था। वित्त विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। अब यह प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में भेजा जाएगा। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद इस योजना को लागू कर दिया जाएगा।

# बी. डी. कॉलेज में सेहत केंद्र के तहत संयुक्त गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में 20वें विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सेहत केंद्र और एमबीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'जनसंख्या और संसाधन प्रबंधन' विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने वर्तमान जनसंख्या परिदृश्य और उससे उत्पन्न सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर विमर्श किया। गोष्ठी में डॉ. सोहेल अहमद, डॉ. अभय कुमार सिंह, डॉ. शिवेन्द्र सिंह और सेहत केंद्र के नोडल पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार साव ने अपने विचार प्रकट किए। डॉ. अशोक कुमार साव ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति, उसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव, उसे नियंत्रित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जनसंख्या को आज एक बोझ नहीं, बल्कि एक संसाधन के रूप में देखा जा रहा है यदि उसे उचित शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल के साथ सशक्त बनाया जाए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर भी प्रकाश डाला जिसमें जापान, रूस, इटली और जर्मनी जैसे देशों में जनसंख्या में गिरावट एक बड़ी चुनौती बन चुकी है जबकि भारत और नाइजीरिया जैसे देशों में अत्यधिक जनसंख्या एक प्रमुख चिंता का विषय है। इन विभिन्न स्थितियों का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे अलग-अलग देश जनसंख्या से संबंधित समस्याओं का समाधान ढूंढने में लगे हैं।

# बिहार में कोई भी सुरक्षित नहीं : अलका लांबा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सक्रिए हुई कांग्रेस के नेताओं का बिहार दौरा लगातार जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को दिल्ली से पटना पहुंची अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का स्वास्थ्य जिस तरह गिरता जा रहा है, उसी तरह बिहार की कानून व्यवस्था भी बुरी तरह गिर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज बिहार में न व्यापारी सुरक्षित हैं, न नेता, न महिलाएं और न ही बच्चियां। राज्य में लगातार हत्या, लूट और अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं जिससे आम जनता में असुरक्षा का माहौल है। अलका लांबा ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार है, लेकिन अब इस सरकार को जाना होगा। उन्होंने दिल्ली में हाल ही में हुए दोहरे हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली हो या बिहार, दोनों जगह डबल इंजन की सरकारें हैं और दोनों जगह कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। अलका लांबा ने कहा कि जब राज्य के मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य ही बिगड़ रहा है तो राज्य प्रशासन और शासन व्यवस्था से कैसे उम्मीद की जा सकती है? उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण पर दिए गए निर्देशों का जिक्र करते हुए कहा कि अब देखना होगा कि चुनाव आयोग इस पर क्या रुख अपनाता है? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है।

# बढ़े हुए लीवर की चिकित्सा एक्युप्रेशर से होगी : डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** हिपाटोमेगाली का मतलब है लीवर का सामान्य आकार से बड़ा हो जाना, इसे हिन्दी में 'बढ़ा हुआ लीवर' या 'यकृत का बढ़ना' कहा जा सकता है। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह एक लक्षण है जो किसी आन्तरिक स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। हिपाटोमेगाली का लक्षण अलग-अलग हो सकता है। पेट के ऊपरी दाएं भाग में दर्द अथवा बेचैनी, पेट में सूजन, पीलिया, त्वचा एवं आंखों का पीला पड़ना, थकावट, मितली एवं उल्टी। इसका निदान शारीरिक परीक्षण, रक्त परीक्षण एवं इमेजिंग परीक्षण अल्ट्रासाउण्ड, सीटी स्कैन या एम.आर.आई द्वारा किया जाता है। हिपाटोमेगाली की चिकित्सा आन्तरिक कारणों पर निर्भर करता है। चिकित्सा में मर्मदाब एक्युप्रेशर, जीवनशैली में बदलाव, दवाएं एवं सर्जरी। सबसे अच्छी बात यह है कि लीवर एकमात्र आन्तरिक अंग है जो सर्जरी के बाद वापस बढ़ सकता है जिससे जीवित लीवर दान संभव हो जाता है। यदि आप अपने लीवर का एक हिस्सा दान करते हैं तो यह अपने मूल आकार में पुनः उत्पन्न हो जाएगा। साथ ही प्रत्यारोपित भाग भी बढ़ेगा। एक्युप्रेशर बढ़ा हुआ लीवर के कार्यो को नियंत्रित करने में जीवनी ऊर्जा एवं रक्त संचार को नियंत्रित करता है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा कॉलेज परिसर में एक्युप्रेशर जनक डा. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त के पुण्यतिथि के अवसर पर हिपाटोमेगाली विषयक संगोष्ठी में एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कही। संगोष्ठी को वीणा प्रकाश एवं डा. शारदा सुमन ने भी संबोधित किया तथा सर्व प्रकाश, डा. संजय पोद्दार, डॉ सुशांत कुमार, डा. अभिषेक, डा. नीतीश, डा. रामअवतार, डा. मनीशंकर, डा. काजल, डा. चांद अली, डा. हरेन्द्र प्रसाद, डा. मानसी, डा. अनुप, डा. शबनम अंसारी, डा. नासरिन अंसारी, आदित्य प्रकाश, डॉ. प्रीति, जितेन्द्र कुमार, श्रुति, शशिभूषण, सोनी देवी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# गोस्वामी तुलसीदास स्मृति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदास स्मृति अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सावन मास की शुभ बेला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना) ने कहा—गोस्वामी तुलसीदास जी न केवल लोकभाषा के महान रचनाकार थे, बल्कि वे संस्कृत पर अत्यंत गहरी पकड़ रखने वाले विद्वान भी थे। उनकी काव्य चेतना और भावनात्मक गहराई संस्कृत साहित्य की परम्परा से अनुप्राणित है। 'रामचरितमानस' की संरचना में संस्कृत व्याकरण, अलंकार और दर्शन की छाया स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। उद्घाटनकर्ता डॉ. अनिल कुमार सिंह (पूर्व सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश एवं प्रधान संरक्षक, अभियान) ने उद्घाटन भाषण में कहा—तुलसीदास संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित थे। उन्होंने संस्कृत ग्रंथों का अध्ययन कर जनभाषा में रामकथा को प्रस्तुत किया। उनका संस्कृत से संबंध केवल वैदुष्य तक सीमित नहीं था, बल्कि उनके चिंतन का आधार भी संस्कृत धर्मग्रंथ ही थे। मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश) ने अपने वक्तव्य में कहा तुलसीदास का संस्कृत से ऐसा आत्मिक संबंध था कि उन्होंने लोक में प्रसार हेतु संस्कृत तत्वज्ञान को अवधी भाषा में व्यक्त किया।

# चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना एवं टाइगर एनालिटिक्स के बीच एमओयू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** एआई कंपनी टाइगर एनालिटिक्स और बिहार सरकार की मदद से बना ऑटोनॉमस संस्था चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) ने डेटा, एनालिटिक्स और एआई के क्षेत्र में साथ काम करने के लिए एक पार्टनरशिप (एमओयू) किया है। यह एमओयू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में सीआईएमपी के पीजीडीएम बैच 2025-27 के ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान साइन किया गया। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य इन जरूरी क्षेत्रों में नए आइडिया लाना, रिसर्च के मौके बढ़ाना और क्षमता बढ़ाना है। यह पार्टनरशिप भारत में सरकार, नीति बनाने और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एआई के जरिए बदलाव लाने का एक बड़ा कदम है। दोनों संस्थान अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल करके मुश्किल समस्याओं को हल करेंगे और लगातार सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देंगे। इस एमओयू का एक मुख्य पहलू है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सीधे सरकारी कामकाज में लागू किया जाएगा। चंद्रगुप्त इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना, जो बिहार सरकार द्वारा स्थापित एक संस्था है, एआई के जरिए शासन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के साथ साझेदारी करेगा।

# सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला सड़क सुरक्षा समिति, कैमूर (भभुआ) की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा, दुर्घटना की प्रवृत्तियों का विश्लेषण, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की स्थिति, संबंधित विभागों की कार्रवाई तथा भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की संख्या अत्यधिक है और इसमें ब्लैक स्पॉट की भूमिका महत्वपूर्ण है। चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित सुधारात्मक कार्य रामगढ़, दुर्गावती, कुदरा, चैनपुर, सहित कुल 12 ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों की समीक्षा की गई जिनमें पीयूपी निर्माण, ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड, पुलिस चौकी स्थापना, साइनबोर्ड, लाइटिंग, सड़क चौड़ीकरण इत्यादि के निर्देश दिए गए हैं। एनएच-2 के कई हिस्सों पर टोल प्लाजा से संबंधित शिकायतों एवं दुर्घटनाओं को लेकर एनएचएआई को सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मोहनियां टोल प्लाजा से पूर्ववर्ती लेन को सुचारु करने तथा अवैध पार्किंग हटाने का आदेश दिया गया। पुलिस बल की सक्रियता और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाना, ओवरलोडिंग और ओवरटेकिंग जैसी प्रवृत्तियों पर रोक के लिए विशेष पुलिस तैनाती का निर्देश दिया गया। यातायात नियंत्रण हेतु एनएच-2 पर मोटरसाइकिल चालकों के लिए विशेष निगरानी रहेगी। ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी संकेत एवं संरचना निर्माण के तहत सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से एनएचएआई एवं निर्माण एजेंसियों को सड़कों पर जरूरी चेतावनी संकेतक, रंबल स्ट्रिप, रेलिंग, स्पीड ब्रेकर एवं लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्कूल-कॉलेज, पंचायत स्तर, पीटीसी, बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश। दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को 1 लाख तक के प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था। इसके लिए 'गुड समेरिटन' की पहचान व प्रमाणन हेतु समीक्षा समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में एनएचएआई, राष्ट्रीय उच्च पथ, परिवहन विभाग, पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निकाय, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, दुर्घटनास्थल पर त्वरित राहत, दुर्घटना पीड़ितों के अधिकार संरक्षण एवं जनजागरूकता के लिए सामूहिक और ठोस प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल को 'क्रू प्रशिक्षण' श्रेणी में द्वितीय रनर अप शील्ड से किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय रेल के सभी मंडलों के वरीय मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) के हैदराबाद में 10-11 जुलाई को आयोजित सम्मेलन के दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल को उत्कृष्ट क्रू प्रशिक्षण के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा द्वितीय उपविजेता (रनर अप) शील्ड प्रदान की गई। डीडीयू मंडल को यह शील्ड अहमदाबाद मंडल और प्रयागराज मंडल के साथ संयुक्त रूप से प्राप्त हुई है। रेलवे बोर्ड में एडिशनल मेंबर (ट्रैक्शन) से यह शील्ड प्राप्त करते समय मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन) अमन कुमार द्वारा डीडीयू मंडल का प्रतिनिधित्व किया गया। यह सम्मान डी0डी0यू0 मंडल द्वारा क्रू प्रबंधन तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना के रूप में प्रदान किया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा देश भर के मंडलों के बीच संरक्षित रेल परिचालन व क्रू प्रशिक्षण के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह शील्ड प्रदान की जाती है। चयन की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित मानकों पर आधारित रही जिसमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर यह स्थान प्राप्त किया। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा इस उपलब्धि हेतु संबंधित सभी को बधाई दी गई तथा आगे और बेहतर काम करने के लिए उत्साहवर्धन किया गया। यह सम्मान मंडल की कार्य संस्कृति, समर्पण तथा प्रशिक्षण प्रणाली की गुणवत्ता को दर्शाता है। डी0डी0यू0 मंडल की यह उपलब्धि भविष्य में और भी श्रेष्ठ परिणामों की प्रेरणा बनेगी।

# पैक्स चुनाव में पहले दिन अध्यक्ष व पांच सदस्यों ने किया नामांकन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखंड के नरैना पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर शनिवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए कमलेश दुबे उर्फ डबल दुबे ने पर्चा भरा। वहीं सदस्य पद के लिए पांच अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया। इसकी जानकारी निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रियंका कुमारी ने दी।

# कैथी से बक्सर कांवरियों का जत्था रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अकोढ़ीगोला।** तेतराढ़ पंचायत के 'शिव धाम' कैथी पर पहली सोमवारी को जलाभिषेक करने के चल कांवरिया बाबा धाम कमिटी के नेतृत्व में शनिवार को चार बसों से बक्सर जल लाने के लिए रवाना हुए। कांवरिया बक्सर से गंगाजी का पवित्र जल भर कर पुनः पैदल चलते हुए कैथी शिव मंदिर पहुंच कर पहली सोमवारी पर जलाभिषेक करेंगे। कांवरिया जत्था को थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मुखिया धमेन्द्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मुखिया हरेराम सिंह व पूर्व सरपंच बिनोद पासवान ने संयुक्त रूप से हरि झंडी दिखाकर कांवरिया जत्था को रवाना किया। उस दौरान कमिटी के अध्यक्ष विजय कुमार पासवान ने बताया की 1997 से लगातार आज तक तेतराढ़ पंचायत के ग्राम कैथी में स्थित भगवान शंकर पर प्रत्येक वर्ष पहली सोमवारी को जलाभिषेक करने के लिए बक्सर से पैदल चलकर कैथी शिव मंदिर पहुंचते है। और मंत्रोचरण व शिव जयघोषों के साथ श्रद्धा पूर्वक जलाभिषेक करते हैं। ये वर्षों पुरानी परंपरा चलती आ रही है। वहीं पहली सोमवारी पर मंदिर परिसर में भजन कीर्तन भी किया जाएगा।

# मारपीट के तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के चांदी गांव के हरिजन टोला में शुक्रवार देर शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर मारपीट में शामिल तीन आरोपी को धर दबोचा। वही अन्य आरोपी पुलिस को आते देख भाग निकले। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चांदी गांव के हरिजन टोला निवासी अशोक राम के लिखित आवेदन के अनुसार अपने घर में परिजन के साथ खाना खा रहे थे कि जोरावरपुर निवासी मुकेश कुमार, रितेश कुमार, गुरुकुमार अपने अन्य साथियों के साथ लाठी डंडे व हथियार से लैश होकर बाइक से मेरे दरवाजा पर पहुंच कर जाति सूचक गाली-गलौज करने लगा और घर में घुस कर पुत्र गौरीशंकर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे बुरी तरह जख्मी हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश कुमार, रितेश कुमार व गुरुकुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए।

# प्रोफेसर को सुरक्षा दे प्रशासन और धमकी देने वाला गिरफ्तार हो : पत्रकार संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** एमपी कालेज के प्रोफेसर सह पत्रकार डॉ लक्ष्मण शरण सिंह को फोन पर जान से मारने की धमकी की घटना की जिले के पत्रकारों ने घोर निन्दा की है। कैमूर पत्रकार संघ की बैठक शनिवार को शहर के एक होटल में आयोजित हुई। अध्यक्षता विकास सिंह व संचालन श्रीकांत पांडेय ने किया। बैठक में जिले के पत्रकारों के साथ हो रही घटनाएं एवं उनकी सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। संघ के वरीय सलाहकार व 'नवबिहार टाइम्स' के ब्यूरो चीफ सुनील कुमार तिवारी ने बैठक के एजेंडा पर सारगर्भित सुझाव दिए। हिंदुस्तान के क्राइम रिपोर्टर उदय शुक्ला ने पत्रकारों की सुरक्षा का सवाल उठाया। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में पत्रकारों का एक शिष्टमंडल डीएम सुनील कुमार व एसपी हरिमोहन शुक्ला को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने डीएम-एसपी से प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण शरण सिंह को सुरक्षा मुहैया कराने और फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले बदमाश को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग किया। पत्रकारों ने एसपी से यह भी कहा कि कुछ दिन पहले प्रभात खबर के पत्रकार विनोद कुमार सिंह के साथ सब इस्पेक्टर पूनम कुमारी के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया।

# पंचायत उपचुनाव में निर्विरोध चुनी गईं पंच सुनीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** मुड़ियार पंचायत के वार्ड नंबर 11 की पंच कमला देवी का निधन हो जाने से यह पद रिक्त पड़ गया था। वहीं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पंचायत के रिक्त पड़े पदों पर उपचुनाव कराया गया जिसमें मृतक पंच कमला देवी की बहू सुनीता देवी ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। वार्ड वासियों द्वारा सहानुभूति दिखाते हुए कोई और पर्चा न भरकर सुनीता देवी को निर्विरोध चुनने का निर्णय लिया। प्रखंड में एक अच्छा संदेश दिया। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन ने निर्विरोध पंच सुनीता देवी को प्रखंड कार्यालय में प्रमाण पत्र दिया।

# गलत आरोप लगा महिला की पिटाई, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** बराढ़ी गोला शिवपुरी मुहल्ला में पड़ोसी के घर में घुस कर औरत को गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से पिटाई कर दिया। पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने उक्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए नामजद प्राथमिकी करते हुए मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बराढ़ी गोला शिवपुरी निवासी संजीत कुमार की पत्नी आरती देवी पर गलत आरोप लगाते हुए पड़ोसी सतेन्द्र कुमार पत्नी इंदू देवी व पुत्र आदित्य कुमार घर में घुस कर गाली-गलौज के साथ मारपीट किया जहां पड़ोसी आरती देवी जख्मी हो गई। उन्होंने बताया कि जख्मी के आवेदन पर सभी आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है।

# मंदिर परिसर में स्वच्छता और संकल्प की जरूरत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ठाकुरबाड़ी मंदिर में 24 घंटे का अखंड रामचरितमानस पाठ भक्ति भाव से आयोजित किया गया। जय श्रीराम के नारों से मंदिर गूंज उठा, हवन-पूजन भी विधिवत संपन्न हुआ। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर रामचरितमानस का पाठ करते रहे। पर अफसोस, राम के आंगन की सफाई और व्यवस्था पर किसी की नजर नहीं पड़ी। नमामि गंगे सिर्फ गंगा घाटों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए – जहां राम, वहां रामराज्य की बात करने वालों से कोई पूछे कि मंदिर के सामने की गंदगी, अव्यवस्था और कूड़े के ढेर किसके रामराज्य की तस्वीर पेश कर रहे थे। भक्तजन दिन-रात भक्ति में लीन थे, लेकिन क्या भक्ति केवल भजन और पाठ तक सीमित रहनी चाहिए। अगर उतनी ही तन्मयता से मंदिर परिसर की सफाई भी कर दी जाती, तो शायद राम भी प्रसन्न होते और भक्त भी सच्चे अर्थों में सेवा कर पाते। मंदिर साल में एक-दो बार ही ऐसे आयोजनों से गुलजार होता है—यही तो मौका होता है मंदिर के प्रति सामाजिक जुड़ाव और जिम्मेदारी निभाने का। पर यह अवसर भी झंडा, मंच और फोटो तक सिमट कर रह गया। स्थायी समाधान की जरूरत है। सिर्फ भक्ति नहीं, अब व्यवस्था, स्वच्छता और संकल्प की जरूरत है। ताकि अगली बार जब कोई राम नाम जपे, तो राम का आंगन भी उतना ही स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित दिखे। राम को भाव चाहिए, पर भव्यता में भाव खोना नहीं चाहिए। साफ-सुथरा मंदिर परिसर भी रामभक्ति का एक स्वरूप है—इसे समझने की जरूरत है।

# तिलौथू पीएचसी में रेबीज वैक्सीन का संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तिलौथू (रोहतास)।** प्रखंड अंतर्गत स्थानीय बाजार में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) इस समय स्वास्थ्य सेवाओं के बदहाल हालात को लेकर चर्चा में है। पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में रैबीज वैक्सीन पूरी तरह अनुपलब्ध है जिससे पशु (कुत्ता, सियार) के काट लेने के मामलों में इलाज के लिए आने वाले मरीज अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार मेडिसिन स्टोर कीपर राकेश कुमार की लापरवाही के चलते रेबीज वैक्सीन की आपूर्ति नहीं हो सकी है। अस्पताल के प्रभारी रामेश्वर प्रसाद ने भी इस लापरवाही की पुष्टि करते हुए असंतोष जाहिर किया है। उनका कहना है कि कई बार ध्यान दिलाने के बावजूद स्टोर कीपर वैक्सीन लाने के प्रति गंभीर नहीं दिख रहे हैं। प्रभारी चिकित्सक रामेश्वर प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मैं आज सासाराम गया था मैंने वहां शिकायत की रैबीज इंजेक्शन क्यों नहीं दिया जा रहा है। तब वहां पर स्टाफ ने बताया कि आपका स्टोर कीपर ही ले जा सकता है। आपको नहीं दिया जा सकता। प्रभारी ने यह भी कहा कि मैंने ताकीद कर दिया था कि समय से इंजेक्शन ले आना। यह स्टोर कीपर की सरासर लापरवाही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिलौथू ब्लॉक के आसपास कैमूर पहाड़ियों में बसे ग्रामीण इलाकों में आए दिन जानवरों के काटने की घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन अस्पताल में रैबीज वैक्सीन जैसी आवश्यक दवा न होना स्वास्थ्य व्यवस्था का मजाक बन गया है। अस्पताल भवन करोड़ों की लागत से बना है, लेकिन जब जरूरत पड़ती है तो न तो दवाएं मिलती हैं और न ही जिम्मेदार कर्मियों की जवाबदेही नजर आती है। मरीजों को डिहरी ऑन-सोन, सासाराम या औरंगाबाद जैसे दूर-दराज के अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई और स्टोर कीपर राकेश कुमार पर विभागीय जांच की मांग की है।

# भारतमाला परियोजना मामलों के लिए आर्बिट्रेटर का कैंप कोर्ट कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसानों के लंबित मामलों के शीघ्र एवं सुविधाजनक निपटारे के उद्देश्य से आर्बिट्रेटर सह आयुक्त, पटना प्रमंडल द्वारा 14 जुलाई 2025 (सोमवार) को कैमूर जिले में कैंप कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चांद, चैनपुर एवं भभुआ अंचल के किसान चैनपुर प्रखंड में आयोजित कैंप कोर्ट में भाग ले सकेंगे। भगवानपुर एवं रामपुर अंचल के किसान रामपुर प्रखंड में आयोजित कैंप कोर्ट में उपस्थित होकर अपने मामले प्रस्तुत कर सकेंगे। यह प्रखंड-स्तरीय कैंप कोर्ट किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। ताकि उन्हें पटना जाकर केस दायर करने की आवश्यकता न हो। विदित हो कि पूर्व में मई माह में भभुआ समाहरणालय परिसर में आयोजित कैंप कोर्ट के दौरान 52 राजस्व ग्रामों से संबंधित मामलों में एक साथ आदेश जारी किया गया था। इस कैंप कोर्ट में वे सभी रैयतगण आवेदन दे सकते हैं जिनके पक्ष में अभी तक आर्बिट्रेशन कोर्ट का निर्णय नहीं आया है या जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं दिया है।

# आरपीएफ ने ट्रेन में छूटा बैग यात्री को किया वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्राप्त सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक शिवराज साह साथ स्टाफ डिहरी ऑन-सोन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर गाड़ी संख्या 53611 अप से एक काला एवं ब्लू कलर का पिट्ठू बैग जिसमें इस्तेमाली कपड़े, एक ब्लूटूथ तथा बैग में रखे एक कत्थई कलर का पर्स जिसमें 505 रुपए नगद तथा एक साधारण अंगूठी है, को उक्त ट्रेन से उतारकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर लाकर सुरक्षित रखा गया तथा यात्री को सूचित गया। सूचना मिलने पर यात्री निखिल कुमार सिंह उम्र करीब 20 वर्ष पिता धनंजय सिंह ग्राम सिड़हा थाना ऊंटरी रोड जिला-पलामू (झारखंड) पोस्ट पर उपस्थित हुए जिसका उचित पहचान व सत्यापन के उपरांत एक गवाह रोशन कुमार सिंह उम्र 25 वर्ष पिता विनोद सिंह ग्राम सिड़हा थाना-ऊंटारी रोड जिला-पलामू (झारखंड) के समक्ष उपरोक्त पिट्ठू बैग को सभी सामान के साथ सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

विज्ञप्ति संख्या- HPRC 11/2025

**हसनपुर कॉलेज, हसनपुर रोड**

समस्तीपुर, बिहार, पिन 848205

(बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से संबद्धता प्राप्त)

**रिक्तियां**

1. प्राध्यापक- हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, समाज शास्त्र, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, वाणिज्य, दर्शनशास्त्र, संगीत, गणित, मैथिली, फारसी, 2. लिपिक, 3. पुस्तकालयाध्यक्ष , 4. झाडूकश 5. रात्रिप्रहरी 6. पदचर के पद पर विज्ञापन प्रकाशन के 1 महीने के अंदर शैक्षणिक योग्यता, अन्य विशिष्ट योग्यता, आधार नंबर, मोबाइल नंबर एवं अन्य संबंधित कागजातों के साथ आवेदन आमंत्रित है।

# अहर्ता :- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के नियमानुसार।
# ईमेल:-hasanpurcollege12@gmail.com
# फोन- 7903070951
सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन डाक/ईमेल/हाथोहाथ कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

अध्यक्ष
प्रबंध समिति/ शासी निकाय
हसनपुर कॉलेज, हसनपुर रोड, समस्तीपुर

प्राचार्य
हसनपुर कॉलेज, हसनपुर रोड
समस्तीपुर

# युवक नहर में डूबा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना के मणिनगर के पास मुख्य पश्चिमी नहर में एक युवक शनिवार को डूब गया। परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस के अनुसार न्यू एरिया निवासी युवक राजू कुमार नदी किनारे शौच करने गया था। पैर फिसल नदी में जा गिरा।

# 47 बोतल शराब के साथ धंधेबाज धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने 47 बोतल सहराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया जिसे पूछताछ के बाद शनिवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि धराया धंधेबाज अरुण चौधरी पिता पिता स्व. हीरा चौधरी कुदरा थाना के विश्रामपुर गांव का निवासी है।

# ग्रामीणों ने श्रमदान से बनायी कच्ची सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नासरीगंज (रोहतास)।** जनप्रतिनिधियों नेताओं और सरकार की उदासीनता से त्रस्त होकर नासरीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घनाव पंचायत के ग्रामीणों ने गांव से मुख्य सड़क तक खुद श्रमदान कर कच्ची सड़क बना दी। ग्रामीण चंदन कुशवाहा, दिनेश्वर सिंह, चंद्रदेव सिंह ने बताया कि बीते कई सालों से गांव में जाने का रास्ता खराब है। छात्र नौजवान, बच्चे, बूढ़े खराब सड़कों के सहारे पानी में घुसकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। इसी रास्ते से होकर छात्रों को विद्यालय जाना तथा अपनी जरूरत को पूरा करना होता है। पंचायत के मुखिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा नेताओं से कई बार गुहार लगाने, समस्या को बताने के बाद भी समस्या का हल नहीं हुआ। अंत में गांव के सैकड़ों लोगों ने चंदा इकट्ठा कर और श्रमदान देकर गांव से मुख्य सड़क तक लगभग 1 किलोमीटर की कच्ची सड़कें बनाई। उन्होंने बताया कि कच्ची सड़क बनाने से सैकड़ों लोगों को फायदा मिलेगा बच्चे नौजवान सभी इस सड़क से लाभ उठाएंगे। ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पंचायत की मुखिया का इस गांव में कोई भी कार्य नहीं हुआ है और न ही कभी घूमने आते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि ग्रामीणों का गांव में जाने का रास्ता विवादित है और विवादित जगह पर कार्य कैसे कराया जाएगा। गांव के मंदिर के पास भी कार्य करवाना है अन्य कार्य भी हुए हैं इस गांव में। बताते चलें कि इसी पंचायत के मुखिया को राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित किया गया था। मौके पर पिंटू कुमार, उमेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, श्रीनिवास सिंह, अनंत सिंह, चंद्रदेव सिंह, ज्वाला कुमार, वशिष्ठ सिंह, अभिषेक सिंह, दिनेश्वर सिंह, अमन कुमार मौजूद रहे और उन्होंने श्रमदान देकर रास्ता बनाया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पक्की सड़कें नहीं बनाई गई तो हम लोग आने वाले चुनाव में वोट का भी बहिष्कार करेंगे।

**शिवदेनी साव महाविद्यालय**

(मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई)

कलेर (अरवल)

**आवश्यकता**

एस.डी. कॉलेज में वोकेशनल शिक्षा के तहत बी.सी.ए. में एक योग्य शिक्षक की आवश्यकता है। AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से MCA के डिग्रीधारी आवेदक 30.07.2025 को कार्यालयावधि तक स्पीड पोस्ट अथवा हाथों-हाथ आवेदन कर सकते हैं।

**अनुभवी/महिला आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी।**

वेतन/मानदेय-NEGOTIABLE

डॉ. वेद प्रकाश चतुर्वेदी
प्राचार्य
एस.डी. कॉलेज, कलेर (अरवल)

# 51.36 करोड़ की लागत से होगा सड़कों का चौड़ीकरण : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को सुलभ और सुरक्षित बनाने की नीति के तहत पथ प्रमंडल, नवादा के अंतर्गत दो प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य को मंजूरी प्रदान की गई है। दोनों परियोजनाओं पर कुल 5136.235 लाख (इक्यावन करोड़ छत्तीस लाख तेईस हजार पांच सौ) रुपये की लागत आएगी।

एनएच-20 से गोपालपुर मोड़ होते हुए कुलना तक की कुल 5.40 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। इस कार्य पर कुल 2419.145 लाख (24 करोड़ उन्नीस लाख चौदह हजार पांच सौ) रुपये की लागत आएगी। यह मार्ग शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ता है। इसके चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से यातायात को रफ्तार और याता सुगम होगा।

खनवा से सिरदल्ला तक की 12.10 किमी लंबी सड़क को भी आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना पर 2717.09 लाख (सत्ताईस करोड़ सत्रह लाख नौ हजार) रुपये खर्च होंगे।

यह दोनों मार्ग नवादा जिले के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं अभी इन सड़कों की स्थिति संकरी और क्षतिग्रस्त है, जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का



सामना करना पड़ता है। इनके सुदृढ़ीकरण से क्षेत्रीय आवागमन, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को बेहतर बनेगा।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि इन योजनाओं की निविदा प्रक्रिया तकनीकी स्वीकृति के उपरांत ही आरंभ की जाएगी। यदि संबंधित पथ (ओ पी र म सी )के अंतर्गत आते हों, तो उन्हें विलोपित करने के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाएगा।

सम्राट चौधरी ने कहा कि, जिन पथों का अन्य विभागों से अधिग्रहण किया जाना है, वहां विधिवत हस्तांतरण के पश्चात ही निर्माण की अनुमति दी जाएगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार प्रकट करते हुए कहा की इन योजनाओं से न केवल स्थानीय लोगों का यातायात सुगम होगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी सृजित होंगे।

बधाई देने वालो मे वारिसलीगंज की विधायक अरुणा देवी, पूर्व विधायक अनिल सिंह, पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, निर्वतमान अध्यक्ष संजय मुन्ना,महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य,नंदकिशोर चौरसिया उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, मंत्री निशा राजवंशी,कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिजीत सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष सिन्हा,विकास सोलंकी, चंदन राजवंशी, गौतम भारती, भाजयुमो उपाध्याक्ष अजित शंकर मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो,शिवरानी केशरी एवं अन्य ने दिया

# दो सहोदर भाइयों को चाकू मारकर किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में दो सहोदर भाई को चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया है। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। घटना के पीछे भूमि विवाद बताया जा रहा है। जख्मी की पहचान पड़रिया निवासी दिनेश यादव का पुत्र हरदीप यादव और प्रदीप यादव के रुप में किया है। दर्ज प्राथमिकी ने पीड़ित दिनेश ने कहा मेरे दोनों पुत्र अपने चाचा राजेन्द्र यादव से भूमि नापी कर बंटवारा करने की बात करने के लिए उनके घर गया था। तब सभी आरोपित ने मारपीट और गाली-गलौज करने लगा। जब मेरा पुत्र विरोध किया, तो इसी बीच आरोपित ने दोनों पुत्र को चाकू मारकर घायल कर दिया है। इस घटना में हरदीप यादव को पेट में और प्रदीप यादव को कलाई में चाकू मारकर घायल किया गया है। जख्मी हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में दाखिल कराया गया है। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स भेज दिया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने कहा इस बाबत पड़रिया निवासी दिनेश यादव के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 261/2025 है। जिसमे राजेन्द्र यादव,सूरज कुमार, किशोरी यादव समेत सात को आरोपित किया है। घटना के पीछे भूमि विवाद दिनेश यादव और उसके सहोदर भाई राजेन्द्र यादव व अन्य भाइयों के बीच चल रहा है।

# संपत्ति विवाद में पीएमसीएच के जीएनएम की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के डोईया गांव का में एक महिला की सिर में गोली मार हत्या कर दी गई। मृतका स्वर्गीय सुनील प्रसाद की 60 वर्षीया पत्नी सुशीला देवी है। सुशीला देवी पटना पीएमसीएच में जीएनएम के पद पर कार्यरत थी। घटना के संबंध में सुशीला देवी के पुत्र सोनू कुमार ने बताया कि शुक्रवार से ही चचेरे भाई धमकी दे रहा था की गोली मार देंगे। जब मैं रोड की तरफ से लौट रहा था तब देखा की मां सड़क किनारे गिरी हुई है। इसके बाद उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सोनू ने बताया कि चचेरे भाइयों से संपत्ति का विवाद चल रहा है। इसी विवाद में उन्हीं लोगों के द्वारा मां की हत्या कर दी गई है। दरअसल महिला खेत से लौट रही थी इसी बीच घात लगाए बदमाशों के द्वारा पीछे से सिर में गोलीमार उसकी हत्या कर दी गई। गोतिया से साढ़े चार बीघा जमीन का विवाद चल रहा है। सुशीला देवी प्रतिदिन शाम के वक्त ड्यूटी के लिए जाती थी और सुबह घर लौट आती थी। इस मामले में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि घटना की सुचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। सम्पति विवाद को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी। गोलीमार कर महिला की हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामलें की जांच में जुट गई है।

## थानेदार की हत्या के आरोपित को गोलियों से भूना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में थानेदार के हत्या के आरोपित को घात लगाए बदमाशों ने गोली मार हत्या कर दी है। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के दुधैला गांव के पास की है। मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के बडीहा गांव निवासी अशोक यादव का (32) वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रवि जमीनी विवाद को लेकर शनिवार को लगने वाले थाना स्तर पर जनता दरबार में गया हुआ था। जनता दरबार समाप्त होने के बाद वह नगरनौसा थाना से घर लौटकर जा रहा था। इसी बीच दूधैला गांव के पास घात लगाए बदमाशों ने रवि पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। गोली रवि के दोनों पैर, सीना एवं गले के पास लगी है। परिवार से संपत्ति विवाद में गोली मारने की बात सामने आ रही है। गोलीबारी की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसके बाद दो आरोपियों को पकड़ लिया गया। जिसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल गांव में तनाव बना हुआ है जिसे देखते हुए कई थानों की पुलिस को घटनास्थल पर बुलाया गया है। वहीं एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। हिलसा डीएसपी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन एवं परिजनों को समझाने बुझाने के प्रयास में जुट गए है। वर्ष 2015 में 18 सितंबर को नगरनौसा के तत्कालीन थानाध्यक्ष अवधेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। थानाध्यक्ष एक वारदात की सूचना पर नगरनौसा के बडीहा गांव पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए बाद में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। थानेदार अवधेश कुमार गया जिला के रहने वाले थे। बडीहा गांव में जमीन विवाद को लेकर राम उचित यादव व कपिल यादव की बीच गोलीबारी हुई थी। इस घटना में राम उचित यादव को गोली लगी थी।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की भव्य शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** पावन धरती पर पावापुरी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुरुआत शनिवार को 251 कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा में सभी श्रद्धालु शामिल हुए। कलश शोभा यात्रा गांव स्थित दुर्गा स्थान से निकलकर पंचाने नदी गई। इस दौरान धर्म और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कलश शोभायात्रा सैकड़ों श्रद्धालुओं की टोली कलश सिर पर धारण कर गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकली। चारों ओर जय श्रीराम, हरि बोल और राधे राधे के जय उदघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश में जल भरकर पुनः दुर्गा स्थान पहुंचा और कलश स्थापित किया गया। इस शोभायात्रा में महिलाओं, युवतियों और बच्चों की काफी संख्या में शामिल हुई



और परंपरागत परिधान में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पावापुरी नगर भ्रमण किया। पुरुषों और युवाओं ने भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ धार्मिक उल्लास को जीवंत कर दिया। कलश यात्रा का शुभारंभ देवी दुर्गा मंदिर से हुई। पंचाने नदी पर विधिवत जल भरा गया। कथा स्थल पर पहुंचने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चारण के बीच श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस सात दिवसीय कथा का वाचन सुप्रसिद्ध संत महामंडलेश्वर दीनबंधु जी महाराज के मुखारविंद से होगा। उन्होंने अपने प्रथम प्रवचन में श्रीमद्भागवत के महत्व को बताते हुए कहा कि यह कथा केवल कहानी नहीं, आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। कथा आयोजक अभय कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है और श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शीतल छाया और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

# सामुदायिक भवन में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा रोह प्रखंड के कोशीरूखी ग्राम पंचायत के कोशीरूखी सामुदायिक भवन परिसर में गरीबी उन्मूलन का प्रभावी कार्यान्वयन योजना 2015 के तहत कानूनी जानकारी प्रदान करने के लिए आज विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल अमन जैन, पीएलवी मनीलाल कुमार रोह प्रखंड के



कोशीरूखी ग्राम पंचायत के मुखिया एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने सम्बोधन में डिफेंस कॉउन्सिल के सदस्य अमन जैन ने कहा कि गरीबी उन्मूलन के लिए बनाये गये कानून की जानकारी उपलब्ध कराये जाने को लेकर शिविर का लगातार आयोजन किया जाता है। कानून की जानकारी नहीं होने पर लोग परेशान होते हैं तथा वे उन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल अमन जैन ने उपस्थित तमाम जनप्रतिनिधयों से आग्रह किये कि आपलोग अपने अपने क्षेत्र के गरीब और जरूरतमद लोगों को इसमें मदद कर उनके शोषण होने से बचाएं तथा गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के बारे में लोगों को बतायें। इस अवसर पर प्रखंड के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत कोशीरूखी के मुखिया, लीगल एड अमन जैन एवं पीएलवी मनीलाल कुमार ने वर्तमान समय में लोगों को कानून की जानकारी उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया।

# शादी से इंकार, युवती ने लगाई फांसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सिलाव थाना क्षेत्र के भुई गांव में प्रेमी के परिवार द्वारा शादी से इनकार किए जाने से आहत एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान महतो निरंजन की पुत्री के रूप में हुई है। वह स्नातक की छात्रा थी। युवती के पिता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से उनकी पुत्री का मोहल्ले के एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। तीन साल पहले जब उन्होंने दोनों को साथ देखा था, तो युवक के घर जाकर शिकायत की थी। उस समय युवक के परिवार ने यह कहकर भरोसा दिलाया था कि दोनों एक ही जाति के हैं, इसलिए बालिग होने पर शादी करा देंगे। जब युवती बालिग हुई, तो उसने शादी के लिए दबाव डालना शुरू किया। लेकिन युवक के परिवार ने शादी से इनकार करते हुए दहेज की मांग कर दी। युवती ने यह बात अपने पिता को बताई। इसके बाद पिता उसे लेकर युवक के घर पहुंचे, जहां युवक की मां ने शादी से इंकार करते हुए युवती को घर से भगा दिया। घर लौटने के बाद से ही वह गुमसुम रहने लगी थी। शुक्रवार की देर रात वह अपनी छोटी बहन के साथ कमरे में सो रही थी। इसी दौरान उसने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब बहन की नींद खुली तो उसने उसे फंदे से झूलता देखा और चीखने लगी। आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे और उसे नीचे उतारा। फिर आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष मो. इरफान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**बिहारशरीफ।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चपेट में आने से शनिवार को बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के महुआ टोला के मो. नसरूद्दीन का 16 वर्षीय पुत्र मो. नदीम के रूप में हुई। घटना सिलाव सामुदायिक अस्पताल के पास की है। मृतक बिहारशरीफ की ओर से राजगीर की तरफ जा रहा था। तभी उसका बाइक टर्निंग में अनियंत्रित होकर डीभाइडर से टकराकर दूसरी लेन में चला गया। तभी विपरीत दिशा से बालु लदे तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर उसे कुचलते हुए फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बाइक चला रहा अरमान की जान हेलमेट के कारण बच गया। स्थानीय लोगों ने उसे सिलाव अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी मो. इरफान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मगध प्रमंडल शिक्षक सम्मान समारोह आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स टीबीटी का मगध प्रमंडल स्र शिक्षक सम्मान समारोह रविवार क नवादा के गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में होगा। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम 9 बजे सुबह से शुरू होगी। इसके पूर्व पांचों जिलों के चयनित शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन होगा। रजिस्ट्रेशन का कार्य 7 बजे सुबह तक कर लिया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए एक रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। स्टेट एडमिन सह कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मगध प्रमंडल के पांच जिलों नवादा, गया जी, अरवल, औरंगाबाद एवं जहानाबाद के ऐसे शिक्षकों जो नवाचार के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। ऐसे शिक्षकों को उनके नवाचारों के लिए सम्मानित किया जाएगा। बताया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.एस सिद्धार्थ होंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में पांचों जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिलों के डायट के प्राचार्य, व्याख्याता आदि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष, सचिव, महासचिव, अंचल कमेटियों के अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य शिक्षाविदों का जमावड़ा होगा। ये सभी टीबीटी मंच तले आयोजित कार्यक्रमों का आंनद उठाएंगे। साथ ही सम्मानित होने वाले शिक्षकों का उत्साह बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ. अनुज कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सहित अन्य अतिथि भी शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 87 छात्र-छात्राओं की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखा हिलसा के तत्वावधान में शनिवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय, दल्लू विगहा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें निःशुल्क जांच व परामर्श उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का उद्घाटन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता कुमारी एवं डॉ. शाहिद अनवर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने



संस्था की स्थापना, उद्देश्य एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. शाहिद अनवर ने छात्र-छात्राओं को गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों, साफ-सफाई और संतुलित आहार की महत्ता पर विशेष जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे सही खानपान और दैनिक आदतों में थोड़े से बदलाव से बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 87 छात्र-छात्राओं की जांच की गई और आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में प्रमोद प्रसाद, संजय मिश्रा, अशोक प्रसाद, संजीव कुमार सुमन, धर्मेंद्र चंद्र सिंह, बंटी कुमारी, ललिता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय परिवार और रेड क्रॉस की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# कौआकोल में टीबीओ को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित भ्रमणशील पशु चिकित्सालय में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन कर स्थानांतरित टीबीओ डॉ. हरिशंकर शरण को विदाई दी गई। विदाई के मौके पर टीबीओ डॉ. शरण को विभागीय कर्मियों ने फूलों का माला पहनाकर एवं बुके व अन्य उपहार आदि देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विदाई मौके पर टीबीओ डॉ0 हरिशंकर शरण ने कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल में कर्मियों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं लोगों का काफी सहयोग मिला, जिसकी वजह से वे अपनी सेवाएं ईमानदारी पूर्वक दे पाए। बता दें कि स्थानांतरित टीबीओ डॉ0 हरिशंकर शरण का तबादला विभाग द्वारा मरांची, पटना कर दिया गया है। वहीं कौआकोल पशु चिकित्सालय में किन्हीं अन्य चिकित्सक को पदस्थापित नहीं किया गया है। जिस कारण इस अस्पताल में अब कोई भी कर्मी नहीं हैं। इस अवसर पर प्रभारी टीबीओ सह बरौन बाजितपुर अतिरिक्त पशु अस्पताल के पशु चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार, वैक्सिनेटर संतोष कुमार, मनोज सिंह,मिथलेश कुमार, आरपिन कुमार आदि मौजूद थे।

# निःशुल्क कांवरिया सेवा केन्द्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** सावन माह में श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय के खपुरा मोड़ स्थित जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह के आवास पर निःशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र शिविर उद्घाटन किया गया। जिला भू अर्जन पदाधिकारी अभय तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेश चौधरी, बीपीआरओ गौरव कुमार, जिला परिषद सदस्य बच्चन देवी एवं प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर उप प्रमुख धर्मराज सिंह, रामदेव चौरसिया, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधी नंदकिशोर चौधरी, पंसस दिनेश सिंह, गोरेलाल चौहान, उपेंद्र सिंह, मुखिया ललन पासवान, मुखिया विनय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव सहित कई मौजूद थे। उद्घाटन के पश्चात अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सेवा केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इसे सराहनीय पहल बताया। एसडीपीओ महेश चौधरी ने कहा कि सावन के इस पावन माह में कांवरियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। ऐसे सेवा शिविरों से सामाजिक समरसता को बल मिलता है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी अभय तिवारी ने शिविर की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि यह सेवा भाव सभी के लिए प्रेरणादायी है। सेवा केंद्र के आयोजक पंकज सिंह ने बताया कि छह वर्षों से वे लगातार कांवरिया सेवा केंद्र का आयोजन कर रहे हैं। इस वर्ष भी केंद्र में ठहरने, खाने-पीने, स्नान व गर्म-ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। चिकित्सा सेवा के साथ-साथ थके कांवरियों के लिए पैर दबाने तक की विशेष सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पहले दिन से ही शिविर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से उत्साह का वातावरण बना हुआ है। शिविर में आने वाले कांवरियों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे निर्बाध रूप से अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# मगध प्रक्षेत्र शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ में निर्वाचित पदाधिकारी सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के शिक्षकेत्तर कर्मचारियों डॉ. शेखर और मुकेश कुमार को मगध विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ में अहम जिम्मेदारी मिलने पर शनिवार को कॉलेज परिसर में सम्मानित किया गया। डॉ. शेखर को संघ का संयुक्त सचिव तथा मुकेश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य एवं मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एक सम्मान समारोह में दोनों पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वित नियंत्रक



डॉ. रजनीश देव, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार, दर्शनशास्त्र विभाग की डॉ. दिव्या पांडे सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि यह मनोनयन हाल ही में पटना के अरविंद महिला महाविद्यालय, काजीपुर में संपन्न हुए बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के 28वें महाधिवेशन के दौरान हुआ था, जिसमें मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के नए प्रक्षेत्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की गई थी।

# कांवरियों के लिए नि:शुल्क भोजन, रहने की भी व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के अस्पताल रोड स्थित अगिया बेताल दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कांवरियों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा शिविर में प्रत्येक साल की तरह सावन के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक कांवरियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई है साथ ही साथ अगिया बेताल दुर्गा पूजा समिति के सदस्य महेंद्र कुमार की ओर से दुल्हन बैंक्विट हॉल में, एसी रूम में ठहरने की व्यवस्था, दवा की व्यवस्था, चाय की व्यवस्था निःशुल्क की गई है। कांवरिया नवादा से होकर सुल्तानगंज तक पहुंचते हैं। कल पहले दिन इसका उद्घाटन किया गया। उद्घाटन नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार एवं महेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। गौरतलब है कि नवादा अस्पताल रोड स्थित अगिया बेताल दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस तरह का आयोजन प्रत्येक साल किया जाता है। प्रत्येक दिन शाम में 7 बजे से लेकर देर रात्रि 1 बजे तक भोजन की व्यवस्था का सिलसिला चलता रहता है। इस दौरान कांवरियों को खाने के और पीने के लिए चाय दवा आदि की व्यवस्था की जाती है।

# नेत्र जांच शिविर आयोजित, 500 लोगों को चश्मा वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** बिहारी स्वाभिमान मंच की ओर से शनिवार को खुसरूपुर प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया देवी स्थान परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 लोगों की आंखों की जांच की गई और जांच उपरांत सभी को निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। इसके अलावा नेत्र रोग से पीड़ित 25 लोगों को पटना रेफर कर लेंस प्रत्यारोपण कराया गया। कार्यक्रम में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि यह अभियान बख्तियारपुर



विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक चलाया जाएगा ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति नेत्र चिकित्सा सुविधा से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि मंच का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। मौके पर प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। नर ही नारायण है कि भावना से प्रेरित होकर प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार समाज सेवा में योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस अभियान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी है। शिविर को सफल बनाने में विनय कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, सुनील कुमार सुमन और डॉ. राजीव कुमार सहित कई लोगों का योगदान रहा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सर्वोच्च प्राथमिकता में रख त्वरित गति से करें भूमि अर्जन : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के क्रम में जिले के विकास के लिए की गई घोषणाओं एवं राज्य सरकार द्वारा उन सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर ससमय उसकी स्वीकृति के उपरांत योजनाओं की कार्य प्रगति के संबंध में जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा वरीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में निर्देश दिया कि संबंधित योजनाओं के लिए भूमि अर्जन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित गति से करे। ताकि ससमय योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके।

गौरतलब हो कि प्रगति यात्रा के दौरान गया जिले के विकास को लेकर 13 घोषणायें की गई थी जिसकी कार्य तेजी से करवाने को कहा है ताकि समय अवधि में कार्य पूर्ण हो सके। घुगड़ीटाड़ के पास 04 लेन फ्लाईओवर जिसकी लम्बाई 0.810 किलोमीटर है। सीताकुंड पुल के पहले से प्रारंभिक बिंदु है और अंतिम बिंदु महावीर कॉलेज बाईपास के समीप है। साथ ही 2 लेन सर्विस रोड भी बनाया जाएगा। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 141.21 करोड़ रुपया है। इस परियोजना से विष्णुपद एरिया, मंगलागौरी एवं बोधगया विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। घुघरी टांड पर 4-लेन (रैंप सहित) का निर्माण होने से विष्णुपद मंदिर को आने जाने में सुलभ हो जायेगा। मौजूदा स्थिति में चौराहा पर जाम लगा रहता है। 4-लेन (रैंप सहित) का निर्माण होने के उपरान्त जाम की स्थिति समाप्त हो जायेगी। हर साल आने वाले पितृपक्ष मेला में चौराहा हमेशा जाम रहता है। 4-लेन (रैंप सहित) का निर्माण होने के उपरान्त जाम की स्थिति समाप्त हो जायेगी। 4-लेन का निर्माण होने के उपरान्त गया, बोधगया, राजगीर, नालन्दा एवं पावापुरी आदि महत्वपूर्ण धार्मिक जगहों पर आने जाने में सहूलियत एवं समय की बचत होगी। इसके साथ-साथ बिहार एवं झारखंड के बीच भी सुलभ संपर्कता स्थापित होगी तथा अपेक्षाकृत कम दूरी तय करना पड़ेगा। 4-लेन का निर्माण होने के उपरान्त महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल यथा विष्णुपद मंदिर, बौधगया का मंदिर, राजगीर का प्रसिद्ध विश्व शांति स्तुप एवं नालन्दा का प्रसिद्ध विश्वविद्यालय मंदिर तथा पावापुरी की जैन मंदिर आदि जगहों पर आवागमन में सुविधा होगी। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि मुख्य सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण एवं दोनों ओर नाला का निर्माण पहले करवाये ताकि आमजनों को कम से कम परेशानी हो सके। उसके बाद ही फ्लाईओवर का निर्माण कार्य करवाये। डीएम ने निर्देश दिया है कि बड़े भारी वाहनों का परिचालन हेतु वैकल्पिक रास्ता खोजने का निर्देज़ दिया है साथ ही ट्रैफिक प्लान भी सही से बनाने को कहा है। मुफस्सिल मोड़ 02 लेन फ्लाईओवर जिसकी लम्बाई 2.650 किलोमीटर है। इस योजना में मुफस्सिल मोड़ समीप मंदिर पास ओवरब्रिज गोलंबर बनाया जाएगा। मुफस्सिल मोड़ ( गोलंबर) से जगजीवन कॉलेज तक, मुफस्सिल मोड़ (गोलंबर) से मानपुर प्रखंड कार्यालय तक, मुफस्सिल मोड़ (गोलंबर) से पुराना फल्गु नदी 6 लेन तक रहेगा। परियोजना की चौड़ाई 2 लेन फ्लाईओवर एवं दोनों तरफ नाला निर्माण भी करवाया जाएगा। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 349.22 करोड़ रुपया है। इस परियोजना से गया चौक बाजार, खिजरसराय, विष्णुपद, मंगलागौरी एवं बोधगया विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

## माई-बहन योजना के नाम पर जनता को गुमराह करने वाले फर्जीवाड़े के खिलाफ प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गयाजी जिले के जिलाधिकारी को नागरिकों द्वारा शिकायत किया गया था कि गया विधानसभा क्षेत्र सहित जिले में एक दल द्वारा चलाई जा रही एक संदिग्ध और भ्रामक 'माई बहन योजना' के नाम पर जनता को ठगने और उनके निजी सरकारी दस्तावेज जुटाने की आपराधिक गतिविधियां की जा रही है। फार्म भरवाने के बहाने उनसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी जैसे संवेदनशील दस्तावेज एकत्र किए जा रहे थे। यह कार्य बिना किसी सरकारी मान्यता या वैधानिक प्रक्रिया के किया जा रहा था जिससे यह स्पष्ट था कि इसके पीछे फर्जीवाड़ा, जालसाजी और संभावित चुनावी कदाचार की साजिश है। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), गया को तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसके परिणामस्वरूप 8 जुलाई को नगर अंचल, गया के अंचल अधिकारी द्वारा कोतवाली थाना, गया में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई है। यह प्रशासन की तत्परता और कानून व्यवस्था के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इधर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, महामंत्री अशोक कुमार, विनोद सिंह, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, पश्चिमी मंडल 2 अध्यक्ष हरि यादव, पश्चिमी मंडल 1 अध्यक्ष सूरज राणा, मध्य मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू, उतरी मंडल 1 अध्यक्ष राजेश कुमार मस्तान, उतरी मंडल 2 अध्यक्ष गुंजन मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम पुकार सिंह, पवन कुमार ने प्रशासन की इस त्वरित पहल का स्वागत करते हुए ठोस एवं शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा की जयंती मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के बीएड विभाग के सभागार में बिहार के महान विभूति पूर्व मुख्यमंत्री एवं मगध विश्वविद्यालय के संस्थापक सत्येंद्र नारायण सिन्हा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार सिन्हा एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि वे एक युग पुरुष थे। प्यार से उन्हें लोग छोटे साहब कहा करते थे। वे एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री रहे तथा अन्य पदों पर उन्होंने बिहार का प्रतिनिधित्व किया। बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मानिक मोहन शुक्ला ने कहा कि बिहार ही नहीं बल्कि देश को इस महान विभूति का अनुकरण करना चाहिए जिन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। उनके त्याग एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाग के अन्य शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर बीएड विभाग के डॉ ब्रजमोहन सिंह, डॉ ईश्वर सिंह, डॉ विजय कुमार पांडे, डॉ नीरज कुमार, डॉ दीपक कुमार मिश्रा, डॉ सुशील कुमार सिन्हा, प्रो महेश लाल, डॉ रितेश कुमार, डॉ मीता रानी, प्रो प्रवीण कुमार, डॉ शंभू कुमार, लाइब्रेरीयन राजेश रंजन कुमार सिंह, मुकेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## विवाहिता का हत्यारोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** मउ थाना की पुलिस ने विवाहिता की हत्या कर शव जला देने के आरोप में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। मउ एसएचओ राहुल कुमार ने बताया कि मउ थाना कांड संख्या 81/25 के नामजद अभियुक्त रामजीत यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। श्री कुमार ने बताया कि विगत पांच जुलाई को चंदौती थाना क्षेत्र के सोना बिगहा गांव के निवासी रामसेवक यादव द्वारा पुत्री की हत्या कर शव जला दिये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित राम सेवक यादव द्वारा शिकायत में कहा गया था कि उनकी पुत्री रिंकू की शादी वर्ष 2008 में मउ थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के सहदेव यादव के पुत्र रामजीत यादव के साथ हुई थी। विगत चार जुलाई को रामसेवक यादव को सूचना मिली कि दामाद रामजीत सहित ससुराल के अन्य लोगों द्वारा मिलकर रिंकू की हत्या कर दी है व शव को जलाया जा रहा है। सूचना पर रामसेवक पहुंचे तब तक ससुराल वालों द्वारा शव को स्थानीय शमशान घाट पर जला दिया गया था। रामसेवक द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई व दामाद सहित ससुराल पक्ष के सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है।

## जेपी सेनानी राजेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** टिकारी क्षेत्र के पूर्व मुखिया व जेपी सेनानी राजेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर शुक्रवार को रकसिया गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। स्व. सिंह के रकसिया ग्राम स्थित पैतृक आवास पर केंद्रीय मंत्री सह गया सांसद जीतन राम मांझी, क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार व औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह सहित कई नेता व सामाजिक कार्यकर्ता रकसिया गांव पहुंचे व दिवगंत स्व सिंह को श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने शोक जताते हुए कहा कि स्व सिंह राजनीति के एक स्तम्भ व हम सबों के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। उनका निधन क्षेत्र की जनता के साथ-साथ उनके लिए अपूरणीय क्षति है। क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि स्व सिंह क्षेत्र के लिए अमर है। वे जन-जन के नेता व लोकप्रिय नेता थे। पूर्व सांसद सुशील सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लिए सदैव बेहतरी की चाह रखने वाले ऐसे नेता के निधन से आहत हूं। इसके अलावा अतरी के पूर्व विधायक कृष्ण नन्दन यादव, जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार, राजद संगठन जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, अजय दांगी, कांग्रेस नेता सत्येन्द्र नारायण, राजेश कुमार, युवा संघर्ष मंच के डीके डाडेल सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## आंती में प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** आंती में प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पशुचिकित्सालय क्षेत्र के पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगा। हालांकि मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने अपने संबोधन के दौरान विधायक की सराहना करते हुए कहा कि पशु चिकित्सालय विधायक के प्रयास से खुला है जो सराहनीय है। फिलहाल यह सामुदायिक भवन, आंती में शिफ्ट हुआ है, लेकिन शीघ्र ही पशु चिकित्सालय का अपना भवन आंती उच्च विद्यालय के समीप निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि विधायक डॉ अनिल कुमार विकास की बात करते हैं, लेकिन कोंच अंचल और आंती पुलिस की कार्यशैली में खामियां हैं और वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। अब प्रशासन को इस मामले में जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। सभा में विधायक भी शामिल थे जिन्होंने मुखिया प्रतिनिधि के आरोपों को गंभीरता से लेने की बात कही। वहीं, पशुपालकों का कहना है कि इस पशुचिकित्सालय से उन्हें काफी फायदा होगा। वे अपने पशुओं का बेहतर इलाज करा सकेंगे और उनकी सेहत में सुधार होगा। अब देखना यह है कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कैसे होती है और पशुचिकित्सालय का कामकाज कैसा रहता है। मौके पर पशु पालन विभाग के क्षेत्रीय निदेशक डॉ निर्मल कुमार सिंह, रवींद्र कुमार, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, मो.हसनैन, मो.सगीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## तीन महीने का राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता कैंपेन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया के द्वारा 1 जुलाई से 30 सितंबर तक तीन महीने का राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंपेन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मध्यस्थता केंद्र में चल रहा है। इस राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता कैंपेन के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मदन किशोर कौशिक की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय के सभाकक्ष में बैठक हुई।

## सावन मिलन महिलाओं के बीच सांस्कृतिक समरसता को देता है बढ़ावा : अमर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मलेन के द्वारा सावन मिलन महोत्सव के अवसर पर अग्रसेन भवन बैंक, रोड पटना में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल, महामंत्री अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, महिला अध्यक्ष डॉ गीता जैन एवं अन्य ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उद्घाटन करते हुए अमर अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं के बीच सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। महामंत्री अक्षय अग्रवाल ने कहा कि हिंदू धर्म में सावन के महीने को बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। पूरे सावन माह में शिवजी की आराधना होती है। अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ गीता जैन ने कहा कि खुशहाली तभी होगी जब धरती पर हरियाली होगी। सावन का महीना हरियाली, खुशहाली का प्रतीक है। धरती पर हरियाली करने में महिलाओं का अहम योगदान है।

इस बार सावन महोत्सव का थीम 'सावन के रंग, सखियों के संग' रखा गया। थीम के अनुरूप सभी महिलायें हरे एवं पीले परिधान में वातावरण को राधामय बना रही थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ में भगवान गणेश की वन्दना एवं लड्डू गोपाल के पूजा तथा भोग लगाने से हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ गीता जैन, मधु सिंह, डॉ बिंदा सिंह, शकुन्तला अग्रवाल, किरण गुप्ता, रेखा मोदी, नीता गोयल, रानी शाह, अनीता कृष्ण, दया अग्रवाल, नीना मोटानी, नीता सिन्हा, तनुजा अग्रवाल, अम्बर अग्रवाल, रूबी, स्वर्णलता, पुष्पा जैन, इला मित्तल, सीता बंसल आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** गांधी इंटर उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को पूर्व मंत्री सह वर्तमान टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति का अनावरण किया गया। विधायक श्री कुमार ने कहा कि गांधी इंटर उच्च विद्यालय का प्रखंड के एक नामी विद्यालय में इसका स्थान है। गांधी जी के नाम पर इस विद्यालय का नामांकन है, लेकिन गांधी जी की प्रतिमा यहां नहीं रहने से विद्यालय अधूरा लगता था। विधायक ने कहा कि जब हम पहली बार इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए थे। विद्यालय भवनहीन था और शिक्षक कम थे। आज भवन के साथ-साथ योग्यता पूर्ण शिक्षक मौजूद हैं। पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिता हो रही है। बच्चे यहां से जिला तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जहां से चयन होकर आगे तक जाएंगे। मौके पर विधायक डॉ अनिल कुमार के अलावा प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, पर्नेन्दु कुमार, सुशील कुमार, रिंटू कुमार, राजीव रंजन, अशोक कुमार, रवि शंकर राव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बिजली चोरी मामले में आठ लोगों पर जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** बिजली विभाग ने चंदैनी, जहाना, आंती एवं निघई गांव में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने छापेमारी कर बिजली चोरी करते हुए 8 लोगों को पकड़ा जिन पर जुर्माना लगाया गया है और उनके खिलाफ शनिवार को प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी ने बताया कि चंदैनी, जहाना, आंती एवं निघई गांव में बिजली चोरी की शिकायतें मिली थीं जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई की। उक्त स्थानों पर क्रमशः विजय यादव पर 97200 रुपए, जहरा खातून पर 20936 रुपए, प्रमोद यादव पर 97200 रुपए, अरविंद कुमार पर 9501 रुपए, शमशेर अली पर 8839 रुपए, मो नासिर आलम पर 47097 रुपए, कुंती देवी पर 3539 रुपए और राकेश कुमार पर 75571 रुपए का जुर्माना लगाया गया है और बिजली चोरी के मामले में 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर जीबीएम कॉलेज ने निकाली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की एनएसएस इकाई एवं सेहत केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में बढ़ती मानव जनसंख्या पर रोक लगाने हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो डॉ सहदेब बाउरी के संरक्षण में एवं एनएसएस पदाधिकारी व सेहत केन्द्र की नोडल ऑफिसर डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. शगुफ्ता अंसारी, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय एवं अजीत कुमार के नेतृत्व में कॉलेज की स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडटों, अन्य विभागों की छात्राओं एवं प्रोफेसर्स ने रैली निकाली। जागरूकता रैली में छात्रा माया, निशा, जूली, सिंकू, अंजली, आरती, नजरा, अनन्या, शिखा, श्रेया, सोनम, सिंपी व अन्य ने सड़क पर 'हम दो, हमारे दो', बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगाना है। भारत को विकसित बनाना है। 'छोटा परिवार, सुखी परिवार' जैसे नारे लगाते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण हेतु सरकार एवं प्रशासन के साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी यथासंभव कदम उठाये जाने की मांग की।

## सरकारी स्कूल के शिक्षक ने ग्रामीण विद्यार्थियों को दिलाई पॉलिटेक्निक में सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** प्रखंड अंतर्गत आदमपुर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय आदमपुर में कार्यरत कंप्यूटर साइंस शिक्षक रविशंकर पाल ने ग्रामीण शिक्षा में एक नया इतिहास रचते हुए यह साबित कर दिया कि यदि इरादे नेक हों तो संसाधनों की कमी भी छात्रों की सफलता में बाधा नहीं बन सकती। टीआरइ-1 बहाली प्रक्रिया के अंतर्गत बहाल होकर जब श्री पाल ने उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय आदमपुर में योगदान दिया, तब उन्होंने पाया कि छात्र शिक्षा के प्रति काफी संवेदनशील हैं, लेकिन विषय-विशेषज्ञों की कमी और उचित मार्गदर्शन के अभाव में वे पिछड़ रहे हैं। यह देख कर उन्होंने संकल्प लिया कि वह न केवल छात्रों को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करेंगे। बल्कि इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की भी तैयारी कराएंगे। कंप्यूटर साइंस के शिक्षक होने के बावजूद उन्होंने स्वयं रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान पढ़ाना शुरू किया क्योंकि इन विषयों के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं थे। बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही उन्होंने छात्रों को बिहार पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करना शुरू कर दिया। विद्यालय अवधि में अंतिम दो पीरियड इसके लिए समर्पित किए गए और विद्यालय बंद होने पर वे ऑनलाइन कक्षाएं भी संचालित करते रहे। उनकी अथक मेहनत और छात्रों की लगन रंग लाई और सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले अनेक छात्र इस बार बिहार पॉलिटेक्निक परीक्षा में सफल हुए।


असैनिक शल्य चिकित्सक
–सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, गढ़वा
(जिला यक्ष्माकार्यालय,गढ़वा)
Email Id: dtojhgrh@rntcp.org

(शुद्धि–पत्र)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 01/2025 ज्ञापांक 564 दिनांक–01/07/2025 जिसका PR 356294 है को भरने की अंतिम तिथि 09-07-2025 से बढ़ाकर 25-07-2025 किया जाता है। शेष निविदा की सभी शर्ते एवं कंडिकायें पूर्ववत रहेंगी।

जिला यक्ष्मापदाधिकारी
जिला यक्ष्माकेन्द्र, गढ़वा

असैनिक शल्य चिकित्सक
–सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी,
गढ़वा

PR 357130 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D


## पत्थर से कूचकर हत्या मामले का हुआ खुलासा, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पतेड़-तेलबिगहा रोड में पत्थर से कुचकर हत्या मामले का खुलासा कर लिया गया है। इस मामले में एक व्यक्ति को देसी थरनट के साथ गिरफ्तार भी किया गया है। वजीरगंज डीएसपी सुनिल कुमार पांडेय ने बताया कि मामला एक महिला से अवैध प्रेम संबंध से जुड़ा हुआ है। तेलबिगहा गांव की एक दूसरी जाति की महिला के साथ मृतक शत्रुधन पासवान के अवैध प्रेम संबंध थे जिसके कारण गांव के ही चार लोगों ने घटना को अंजाम दिया है।

## अतिपिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 24 जुलाई को किया जाएगा विधानसभा का घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** अतिपिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव किया जायेगा। विधानसभा घेराव के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को टिकारी स्थित शांति पैलेस में तैयारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व एमएलसी सह मोर्चा के पूर्व सहसंयोजक प्रो. रामबली सिंह चंद्रवंशी सहित अन्य मोर्चा के नेता मौजूद रहे। प्रो चंद्रवंशी ने प्रदेश के 36 प्रतिशत अति पिछड़ा वाली आबादी को पटना के गांधी मैदान पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान से मोर्चा के नेतृत्व में 5 सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा के घेराव के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रमुख मांगों में तेली, तमोली और दांगी को मूल अति पिछड़ी जाति की श्रेणी से अलग करने, पंचायत व नगर निकाय चुनाव में आरक्षण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 36 प्रतिशत करने, कर्पूरी फर्मूला के तर्ज पर रोहणी आयोग की अनुशंसा को अविलंब लागू करने समेत अन्य मांगें शामिल है। मांग को मजबूती के साथ राजधानी में रखी जायेगी। बैठक की अध्यक्षता टिकारी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुन्ना राज चंद्रवंशी ने किया। बैठक में विनोद कुमार, दानी प्रजापति, अजय कान्दू, सुरेश निषाद, जयपाल कुमार, चंद्रलेखा प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।


झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0
Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू।

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉंची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | जुलाई– 2025 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00बजे अपराह्न तक। | 23-07-2025 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल,
डालटनगंज।

PR 357127 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

संपादकीय

# विकास का पुल ध्वस्त!

देश में पुलों के गिरने और नवनिर्मित सड़कों के पहली ही बारिश में उखड़ने की घटनाएं कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही हैं। मध्यप्रदेश में जिस गैरपेशवराना स्टाइल में ओवर ब्रिज बन रहे हैं, उससे तो ये लगने लगा है कि हमारे सिविल इंजीनियरों को कुछ आता भी है या नहीं या फिर सिर्फ पैसा खाने और बड़ा हिस्सा 'ऊपर' तक पहुंचाने के लिए ही उन्हे नौकरी पर रखा जा रहा है। पुलों के गिरने की श्रृंखला में ताजा कड़ी और गुजरात है, जहां महीसागर नदी पर बने गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह 7.30 बजे अचानक ढह गया। निर्माणाधीन अथवा नवनिर्मित पुलों के गिरने का रिकॉर्ड तो बिहार में बना है, लेकिन गुजरात का यह हादसा उससे भी ज्यादा भयानक और चिंतित करने वाला हैं, क्योंकि जब पुल का हिस्सा गिरा, जिस वक्त गिरा, उस वक्त पुल पर से वाहन गुजर रहे थे। पुल की एक स्लैब गिरते ही उस पर गुजर रहे वाहन और उनमें बैठे यात्री सीधे 110 फीट नीचे जा गिरे, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों को बचा लिया गया। वडोदरा कलेक्टर अनिल धामेलिया ने बताया कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है और छह घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जाता है कि यह पुल 1985 में बना था। हादसे के कारणों की जांच के आदेश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए यहां के प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उनके मुताबिक इस जर्जर पुल की कई बार शिकायत की गई थी। लेकिन किसी से ध्यान नहीं दिया। बिना किसी पूर्व चेतावनी के हुए इस हादसे में दो ट्रक, एक पिकअप वैन और एक अन्य वाहन नदी में गिर गए। ज्यादा समय नहीं बीता है जब मोरबी में ऐसा ही हादसा हुआ था, जिसमें 135 लोग मारे गए थे। गंभीरा ब्रिज, जो माहीसागर नदी पर स्थित है और मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी घटनास्थल पर विशेषज्ञों की एक टीम भेजकर जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे ने वडोदरा, आनंद, भरूच और अंकलेश्वर को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी को तोड़ दिया है, जिससे क्षेत्रीय परिवहन और व्यापार प्रभावित हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए इस हादसे को 'गुजरात मॉडल' के नाम पर भ्रष्टाचार का परिणाम बताया और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

उसमे भी हादसे में गुजरात सरकार की प्रशासनिक लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई थी। विशेष जांच दल (एसआईटी) की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार, मोरबी नगर पालिका ने बिना किसी निविदा प्रक्रिया के ओरेरवा ग्रुप, एक घड़ी निर्माण कंपनी, को पुल के रखरखाव और संचालन का ठेका दे दिया, जो तकनीकी रूप से इस कार्य के लिए अक्षम थी। इसके अलावा, मरम्मत के बाद पुल को फिर से खोलने से पहले स्थानीय नगर पालिका से फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया गया था। जांच में यह भी पाया गया कि केवल 2 करोड़ रुपये के ठेके में से मात्र 12 लाख रुपये ही मरम्मत पर खर्च किए गए, जो सरकारी भ्रष्टाचार और निगरानी की कमी को दर्शाता है। सरकार ने हादसे के बाद नगर पालिका को निलंबित कर दिया, लेकिन यह कदम देर से उठाया गया, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल उठे। इस हादसे ने गुजरात के तथाकथित 'विकास मॉडल' पर सवाल उठा दिए हैं, क्योंकि बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएं सरकारी प्रणालियों में जवाबदेही और पारदर्शिता की कमी को उजागर करती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुल ढहने की घटना पर दुख जताया है। सवाल यह है कि पुल निर्माण में जो भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही हो रही है, वह रूकेगी?

# अनुसूचित जातियों की उम्मीद मानवाधिकार आयोग

**डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इक्वैलिटी के लिए भारत में अनेक प्रयास किया था। उन्होंने यह सोचा था कि आज़ादी के बाद हमारे देश की जनता बराबरी के साथ रहना सीख लेगी। अनुसूचित जाति के लोग भी एक समय के बाद अपनी गरिमा के साथ जी सकेंगे। लेकिन अभी तक भारत में अनुसूचित जाति का समाज यातना सहने को मजबूर है। उसके ऊपर तस्करी का आरोप लगाया जा सकता है। उसके सर के बाल मुड़वाए जा सकते हैं। उसे घास खिलाई जा सकती है। उसे मार खानी पद सकती है। उसे जलील होना पड़ सकता है। उसे अपने ही भूभाग पर लज्जित जीवन जीने पड़ सकते हैं।**

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

अनुसूचित जाति का समाज आज़ादी के 75 वर्ष बाद आज़ाद भारत में जानवरों जैसे घास खाने के लिए विवश किया गया है। यह मामला है उड़ीसा का, जहाँ अनुसूचित जाति के लोग सुरक्षित नहीं हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) को 'द न्यू इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित एक समाचार रिपोर्ट मिली। जिसमें इस बात का खुलासा किया गया था कि 22 जून 2025 को उड़ीसा के गंजम जिले में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित 52 वर्षीय बुलू नायक और 43 वर्षीय बाबुल नायक नामक दो व्यक्तियों की पिटाई की गई। उन्हें घास खाने और नाली का पानी पीने के लिए मजबूर किया गया। आरोप है कि उन पर मवेशियों की अवैध तस्करी ये लोग कर रहे थे। इस बात को लेकर उन्हें शारीरिक रूप से पीटा गया। उनके मोबाइल फोन छीन लिए गए। उन्हें एक स्थानीय सैलून में ले जाया गया। उनके सिर भी जबरदस्ती मुंडवा दिए गए।

उड़ीसा के सैकड़ों इलाके ऐसे हैं जहाँ अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं। आंकड़े बताते हैं की देश की कुल अनुसूचित जाति की आबादी की साढ़े तीन से चार प्रतिशत की आबादी उड़ीसा में रहती है। ओडिशा में अनुसूचित जातियों यानि एससी समाज के साथ भेदभाव एक गंभीर समस्या है। सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव, और हिंसा के मामले अभी भी सामने आते हैं, जिससे उनके जीवन के कई पहलुओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। भेदभाव के कारण, अनुसूचित जातियों को गरीबी और आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। एक तो शिक्षा की कमी, दूसरे भेदभाव की स्थितियां उड़ीसा के अनुसूचित जातियों को उबरने नहीं दे रही हैं। बहिष्कार, भेदभाव व हिंसा यह जिन समाज द्वारा अनुसूचित जातियों पर किया जाता है, वे अपने बर्चस्व को बनाए रखने के लिए ऐसा करते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि उनका यह बर्ताव मनुष्य के गरिमा के खिलाफ है और हिंसा से अनुसूचित जातियों के मानवाधिकार अतिक्रमित होते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा संकल्प 2106 जो कि 21 दिसंबर 1965 को हुआ था, उसका स्मरण आता है। इस संकल्प पत्र में दो महत्वपूर्ण बात कही गयी थी। पहला, सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा यह घोषणा करती है कि सभी मनुष्य गरिमा और अधिकारों में स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं। सभी को बिना किसी भेदभाव के, विशेष रूप से जाति, रंग या राष्ट्रीय मूल के आधार पर, इसमें निर्धारित सभी अधिकारों और स्वतंत्रताओं का अधिकार है। दूसरा, सभी मनुष्य कानून के समक्ष समान हैं और किसी भी भेदभाव और भेदभाव के लिए किसी भी उकसावे के खिलाफ कानून के समान संरक्षण के हकदार हैं। यह दोनों बातें बर्चस्व बनाए रखने वाला समाज सदैव अनदेखा कर देता है। समृद्धशाली भारतीय जातियां मनुष्य की गरिमा का ख्याल नहीं करते और उनके ऊपर अत्याचार करते हैं। उड़ीसा की घटना इसका साक्षात् प्रमाण है। यह घटना उड़ीसा में अनुसूचित जाति के लोगों की सुरक्षा और सम्मान पर गंभीर चिंताएं पैदा करती है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। यह आयोग का बहुत ही महत्वपूर्ण फैसला है। वास्तव में, अब भी ऐसी घटनाएँ कई बार सोचने को बाध्य करती हैं कि हमारा समाज आज भी किस दशा में जी रहा है। हमारे भारतीय जनमानस में अनुसूउचित जातियों पर अतिक्रमण की बुरी प्रथा का तक रहेगी? आयोग ने जिस तत्परता से अनुसूचित जातियों के साथ हुए घृणित बर्ताव को संज्ञान में लिया, वह निश्चय ही इस बात का प्रमाण है कि न्याय की उम्मीद अनुसूचित जाति को कभी छोड़ने की ज़रूरत नहीं है।




डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इक्वैलिटी के लिए भारत में अनेक प्रयास किया था। उन्होंने यह सोचा था कि आज़ादी के बाद हमारे देश की जनता बराबरी के साथ रहना सीख लेगी। अनुसूचित जाति के लोग भी एक समय के बाद अपनी गरिमा के साथ जी सकेंगे। लेकिन अभी तक भारत में अनुसूचित जाति का समाज यातना सहने को मजबूर है। उसके ऊपर तस्करी का आरोप लगाया जा सकता है। उसके सर के बाल मुड़वाए जा सकते हैं। उसे घास खिलाई जा सकती है। उसे मार खानी पद सकती है। उसे जलील होना पड़ सकता है। उसे अपने ही भूभाग पर लज्जित जीवन जीने पड़ सकते हैं। वह अत्याचार को सहन करने के लिए बाध्य हो सकता है। दूसरे बर्चस्वशाली समाज के लोग अनुसूचित जातियों के जीवन के साथ खेल सकते हैं। उनके संचार के माध्यम छीने जा सकते हैं। उन्हें भयभीत किया जा सकता है। यह देश बहुत महान होने का भले दंभ भर ले, लेकिन यह कृत्य भारत की छवि के लिए हानिकारक हैं। एनएचआरसी, भारत ने ओडिशा के गंजम जिले में अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी के संदेह में अनुसूचित जाति के जिन दो व्यक्तियों पर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों द्वारा कथित अत्याचार किया है उसका स्वतः संज्ञान लिया गया है। आयोग ने ओडिशा के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग का मानना है कि यदि समाचार रिपोर्ट की सामग्री सत्य है, तो यह मानव अधिकारों के उल्लंघन का यह गंभीर मुद्दा है। किसी को भी किसी की गरिमा के साथ खेलने का कोई हक नहीं है। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। पीड़ितों को उनकी गरिमा की सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करना चाहिए। आयोग की यह कोशिश निश्चय ही उसके गंभीरता को प्रकट करती है। उड़ीसा के गरीब, दलित, दमित समाज को जीने की उम्मीद देती है। उड़ीसा के अनुसूचित जातियों क्हृी गरिमा का यह आश्वासन डॉ. आंबेडकर की चिंताओं का निराकरण है। डॉ. आंबेडकर के भारत को गरिमा के साथ स्थापित करने की यह कोशिश है। एनएचआरसी, भारत और इसके अध्यक्ष, माननीय सदस्य व महासचिव ऐसी कोशिशों से निश्चित रूप से जो प्रयास कर रहे हैं, उसकी तारीफ की जानी चाहिए।

सामाजिक अशांति फैलाने वाले तत्वों की पहचान भी होना ज़रूरी है। हमारे समाज में अराजकतावादी जो कि गरीब व दमित समाज के साथ इस तरह का व्यवहार करते हैं, उन्हें ख़त्म करना भी ज़रूरी है। जो अनुसूचित जाति के लोगों के साथ संदेह में घटनाएं हुई, वह बताती हैं कि संदेह में कोई अप्रिय व बड़ी घटनाएँ भी ऐसी स्थिति में हो सकती हैं। इसलिए स्थानीय स्तर पर जो ऐसे कृत्य कर रहे हैं, उनमें व्यवहारिक परिवर्तन की भी कोशिश होनी चाहिए जिससे कोई अप्रिय घटना न घटे। एनएचआरसी, भारत तो स्वतः संज्ञान लेकर सुरक्षा व गरिमा की गारंटी दे सकता है। स्थानीय स्तर पर इसके लिए समाज के अभिजात्य वर्ग के लोगों व सेवाभावियों का दायित्व है कि वे गरीबी से जूझ रहे समाज के हित में कार्य करें। उन लोगों को समझाएं जो किसी जाति, वर्ग व समूह के साथ हिंसक हो जाते हैं और उनकी गरिमा के साथ खेलने लगते हैं। भारत के इस महत्वपूर्ण समय को यदि सभी के साथ सहिष्णु होकर हम आगे बढ़ेंगे तो भारत की जितनी भी विसंगतियां हैं, वे अपने आप मिट जाएँगी। यदि संदेह के साथ हिंसा व असहिष्णु व्यवहार होते रहे तो श्रेष्ठ भारत का हम निर्माण कभी नहीं कर सकेंगे।

अध्यात्म

## दान करने से वस्तु घटती नहीं

एक राजा बड़े धर्मात्मा और दयालु थे, किंतु उनसे भूलसे कोई एक पाप हो गया था। जब उनकी मृत्यु हो गयी, तब उन्हें लेने यमराजके दूत आये। यमदूतों ने राजाको कोई कष्ट नहीं दिया। यमराजने उन्हें इतना ही कहा था कि वे राजाको आदरपूर्वक नरकों के पास से आने वाले रास्ते से ले आवें। राजाकी भूल से जो पाप हुआ था, उसका इतना ही दण्ड था। यमराज के दूत राजा को लेकर जब नरकों के पास पहुँचे तो नरक में पड़े प्राणियों के चीखने, चिल्लाने, रोने का शब्द सुनकर राजा का हृदय घबरा उठा। वे वहाँ से जल्दी-जल्दी जाने लगे। इसी समय नरक में पड़े जीवों ने उनसे पुकार कर प्रार्थना की - महाराज! आपका कल्याण हो! हम लोगों पर दया करके आप एक घड़ी यहाँ खड़े रहिये। आपके शरीरसे लगकर जो हवा यहाँ आती है, उसके लगने से हम लोगों की जलन और पीड़ा एकदम दूर हो जाती है। हमें इससे बड़ा सुख मिल रहा है। राजा ने उन नारकी जीवों की प्रार्थना सुनकर कहा - मित्रो! यदि मेरे यहाँ खड़े रहनेसे आप लोगों को सुख मिलता है तो मैं पत्थर की भाँति अचल होकर यहीं खड़ा रहूँगा। मुझे यहाँ से अब आगे नहीं जाना है। यमदूतोंने राजासे कहा- आप तो धर्मात्मा हैं। आपके खड़े होने का यह स्थान नहीं है। आपके लिये तो स्वर्ग में बहुत उत्तम स्थान बनाये गये हैं। यह तो पापी जीवों के रहने का स्थान है। आप यहाँ से झटपट चले चलें। राजाने कहा- मुझे स्वर्ग नहीं चाहिये। भूखे-प्यासे रहना और नरक की आग में जलते रहना मुझे बहुत अच्छा लगेगा, यदि अकेले मेरे दुःख उठाने से इन सब लोगोंको सुख मिले। प्राणियों की रक्षा करने और उन्हें सुखी करने में जो सुख है वैसा सुख तो स्वर्ग या ब्रह्मलोक में भी नहीं है। उसी समय वहाँ धर्मराज तथा इन्द्र आये। धर्मराजने कहा- राजन्! मैं आपको स्वर्ग ले जाने के लिये आया हूँ। अब आप चलें। राजाने कहा- जब तक ये नरक में पड़े जीव इस कष्ट से नहीं छूटेंगे, मैं यहाँ से कहीं नहीं जाऊँगा। धर्मराज बोले- ये सब पापी जीव हैं। इन्होंने कोई पुण्य नहीं किया है। ये नरक से कैसे छूट सकते हैं? राजाने कहा- मैं अपना सब पुण्य इन लोगों को दान कर रहा हूँ। आप इन लोगों को स्वर्ग ले जायँ। इनके बदले मैं अकेले नरक में रहूँगा। राजाकी बात सुनकर देवराज इन्द्रने कहा- आपके पुण्य को पाकर नरक के प्राणी दुःखों से छूट गये हैं। देखिये ये लोग अब स्वर्ग जा रहे हैं। अब आप भी स्वर्ग चलिये। राजा ने कहा- मैंने तो अपना सब पुण्य दान कर दिया। अब आप मुझे स्वर्ग में चलने को क्यों कहते हैं? देवराज हँसकर बोले- दान करने से वस्तु घटती नहीं, बढ़ जाती है। आपने इतने पुण्यों का दान किया, यह दान उन सबसे बड़ा पुण्य हो गया। अब आप हमारे साथ पधारें। दुःखी प्राणियों पर दया करनेसे ये नरेश अनन्त काल तक स्वर्ग का सुख भोगते रहे।

# 'खुद' से टूटता रिश्ता और भीड़ में अकेलापन...

**हमें खुद के साथ भी उतना ही दयालु होना चाहिए, जितना हम दूसरों के साथ होते हैं। हम अपने माता-पिता, जीवनसाथी, दोस्तों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं, उनके वादों को पूरा करते हैं। पर क्या कभी हमने खुद से कोई वादा किया और उसे निभाया? शायद नहीं। और यही सबसे बड़ी नाइंसाफी है जो हम खुद से करते हैं। यह समझना जरूरी है कि दुनिया साथ छोड़े तो कोई बात नहीं, लेकिन हमारा सबसे स्थायी साथी हम स्वयं हैं। इसलिए हम अपने भीतर के उस दोस्त को दोबारा जगाएं जो हर स्थिति में, हर मोड़ पर हमारा साथ देता है। वह दोस्त, जो खामोशी में भी हमें समझता है। वह कोई और नहीं, हम खुद हैं। हर टूटन एक नई शुरुआत की भूमिका होती है। जीवन में जब हम भीतर से टूटते हैं, तो यह एक अवसर होता है खुद को फिर से जोड़ने का, खुद को नए सिरे से परिभाषित करने का।**

सुप्रिया सत्यार्थी

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर खुद को कई भूमिकाओं में उलझा हुआ पाते हैं। एक अच्छा बेटा-बेटी, एक समर्पित जीवन साथी, एक मेहनती कर्मचारी, एक जिम्मेदार नागरिक। इन भूमिकाओं को निभाते-निभाते हम भूल जाते हैं कि हमारा सबसे जरूरी रिश्ता खुद के साथ है। मगर हम दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने की होड़ में समाज के बनाए मानकों पर खरा उतरने की कोशिश में और दूसरों को खुश रखने के प्रयास में इतना डूब जाते हैं कि अपनी ही पहचान खो बैठते हैं। इस अनदेखी का नतीजा अक्सर यह होता है कि हम अंदर से खाली, थके हुए और बिखरे हुए महसूस करने लगते हैं। भीतर के खालीपन के बीच एक अनकहा सवाल हमारे भीतर गूंजता है कि क्या हम सच में खुद से प्यार करते हैं? क्या हम अपनी जरूरतों, इच्छाओं और भावनाओं को उतना ही महत्त्व देते हैं, जितना दूसरों की?

हममें से कई लोग एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां दर्द और दुख को छिपाना एक सामान्य बात है। हम अक्सर एक मुस्कुराता हुआ मुखौटा पहन लेते हैं, भले ही हमारे भीतर तूफान चल रहा हो। ऐसा लगता है जैसे समय थम-सा गया है और दिल की भावनाएं चीखना चाहती हैं, पर शब्द साथ नहीं देते। यह चुप्पी उस भीतर के द्वंद्व की ओर इशारा करती है, जहां हम खुद से ही नाराज होते हैं। जब हम खुद से इतनी नाराजगी पाल लेते हैं कि अपनी ही आत्मा को कमजोर कर देते हैं, तो यह आत्म-विनाश की ओर पहला कदम होता है।

हम कल्पना कर सकते हैं कि अगर हम किसी और व्यक्ति से लगातार नाराज रहते हैं, तो उस रिश्ते का क्या होगा? वह रिश्ता टूट जाएगा, कमजोर पड़ जाएगा। ठीक वैसे ही, जब हम खुद से नाराज होते हैं, तो हमारा अपने भीतर का रिश्ता कमजोर पड़ जाता है। हम अपनी गलतियों और कमियों को लेकर खुद को कोसते रहते हैं और यह नकारात्मकता एक गहरे गड्ढे की तरह हमें अपनी ओर खींचती चली जाती है।

यह आत्म-घृणा हमारे आत्मविश्वास को खत्म कर देती है और हमें अपने ही दुश्मन में बदल देती है। अगर हम वास्तव में दुनिया को सच्चा प्रेम देना चाहते हैं, अगर हम चाहते हैं कि हमारे संबंध दूसरों के साथ स्वस्थ और मजबूत बनें, तो सबसे पहले हमें खुद को अपनाना सीखना होगा। जब तक हम स्वयं को पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर लेते, तब तक हम दूसरों को भी पूरी तरह से स्वीकार नहीं कर पाएंगे। कई बार हम भीड़ में होते हैं, लेकिन भीतर से बिल्कुल अकेले महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब आता है, जब हमारा अपना 'स्व' हमसे दूर चला जाता है, जब हम अपनी वास्तविक पहचान से कट जाते हैं। यह अधूरेपन की अनुभूति धीरे-धीरे हमारे जीवन के सारे रंग चुरा लेती है। जीवन बेरंग और नीरस लगने लगता है।

हम दूसरों में, बाहरी दुनिया में खुशी और सुकून ढूंढ़ने लगते हैं, लेकिन यह समझना जरूरी है कि सच्चा सुकून और शांति किसी और के पास नहीं, बल्कि हमारे भीतर होती है। जब हम अपने



अस्तित्व से जुड़े होते हैं, जब हम अपनी आंतरिक शांति को पाते हैं, तो सारा संसार शांत और सुंदर लगता है। लेकिन जब हमारी आत्मा के भीतर अशांति हो, तो दुनिया की हर सफलता भी खोखली और बेमानी लगती है।

हम अक्सर यह मान लेते हैं कि अगर कोई हमसे अच्छा व्यवहार नहीं कर रहा है, तो इसमें हमारी ही कोई कमी है। क्या दूसरों की नफरत हमें खुद से नफरत करने का अधिकार देती है? बेशक नहीं। दूसरों की राय, उनके विचार, उनके व्यवहार से हमारी आत्म-छवि निर्धारित नहीं होनी चाहिए। अगर कोई हमें नहीं समझता, तो इसका मतलब यह नहीं है कि हम गलत हैं। दर्द को भीतर छिपाकर जीना एक धीमा जहर है। यह धीरे-धीरे हमें अंदर से खोखला कर देता है। कभी-कभी बस कोई ऐसा चाहिए होता है जो हमारी बातों को बिना टोके, बिना किसी पूर्वाग्रह के, बिना कोई राय बनाए, बस सुन ले। और अगर ऐसा कोई व्यक्ति न मिले, तो हमें खुद के लिए वह सुनने वाला, समझने वाला दोस्त बनना होगा।

हमें खुद के साथ भी उतना ही दयालु होना चाहिए, जितना हम दूसरों के साथ होते हैं। हम अपने माता-पिता, जीवनसाथी, दोस्तों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं, उनके वादों को पूरा करते हैं। पर क्या कभी हमने खुद से कोई वादा किया और उसे निभाया? शायद नहीं। और यही सबसे बड़ी नाइंसाफी है जो हम खुद से करते हैं।

यह समझना जरूरी है कि दुनिया साथ छोड़े तो कोई बात नहीं, लेकिन हमारा सबसे स्थायी साथी हम स्वयं हैं। इसलिए हम अपने भीतर के उस दोस्त को दोबारा जगाएं जो हर स्थिति में, हर मोड़ पर हमारा साथ देता है। वह दोस्त, जो खामोशी में भी हमें समझता है। वह कोई और नहीं, हम खुद हैं। हर टूटन एक नई शुरुआत की भूमिका होती है। जीवन में जब हम भीतर से टूटते हैं, तो यह एक अवसर होता है खुद को फिर से जोड़ने का, खुद को नए सिरे से परिभाषित करने का। इस बार शुरुआत खुद से हो- एक नई सुबह, एक नई चेतना और एक नया रिश्ता खुद के साथ।

जब हम खुद से प्रेम करना सीखते हैं, तभी हम वास्तव में दूसरों से प्रेम कर पाते हैं। आत्म-प्रेम कोई घमंड नहीं है, यह एक आवश्यकता है- मानसिक, भावनात्मक और आत्मिक। यह हमें भीतर से मजबूत बनाता है, ताकि हम जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। जब हम खुद से प्यार करते हैं, तो अपनी सीमाओं को समझते हैं, अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाते हैं। यह आत्म-सम्मान हमें दूसरों के प्रति अधिक दयालु, अधिक धैर्यवान और अधिक समझदार बनाता है। यह हमें एक पूर्ण और संतुष्ट जीवन जीने की दिशा में ले जाता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा।

**वृषभ**
जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। अस्वस्थ लोगों की सेहत में सुधार होगा।

**मिथुन**
आज आप नया कार्य आरम्भ कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क**
आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शान्ति रहेगी। यदि कोई ऋण ले रहे हैं तो सावधानी रखें।

**सिंह**
प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें।

**कन्या**
वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में परिवर्तन कर सकते हैं। परिवार में किसी धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

**तुला**
यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। सन्तान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें।

**वृश्चिक**
अधिकारी आपके विरुद्ध हो सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं को सम्भालकर रखें। एक साथ अनेक कार्य करने का प्रयास न करें।

**धनु**
दाम्पत्य सम्बन्धों में ताजगी रहेगी। मन में नये कार्यों को लेकर उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिये दिन काफी अच्छा रहेगा। आभूषणों पर धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर**
कारोबार की स्थिति में सुधार आने की सम्भावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं।

**मीन**
आज आप आलस्य करने से बचें। दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें।

# आशा कार्यकर्ताओं को दी गई ट्रेनिंग

## प्रभारी पदाधिकारी ने दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** बिहार सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री डिजिटल मिशन योजना के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तेतरी में बैठक हुई। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. मनमोहन सिंह ने सभागार में सभी आशा कार्यकर्ताओं के लिए एम आशा ऐप का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आयोजित प्रशिक्षण एक बैच में किया गया है। इस प्रशिक्षण का आयोजन पीरामल फाउंडेशन एवं बेगूसराय के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयंत चौधरी और उनकी टीम सदस्य नव्या गाँधी फेलो के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका मुख्य उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं को डिजिटल तकनीक का कुशल उपयोग सिखाना और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाना है। इसके तहत दिए एक एम आशा ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण में प्रमुख बिंदुओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। जिसमें एम आशा ऐप में लगिन और डेटा एंट्री की प्रक्रिया, रोगियों की स्वास्थ्य जानकारी का सुरक्षित प्रबंधन, टीकाकरण, प्रसव सेवाओं, और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल प्रबंधन, रिमाइंडर और अलर्ट फीचर्स का उपयोग एम आशा ऐप के बारे में तथा कई अन्य जानकारी विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान एम आशा ऐप को लेकर इससे होने वाले लाभों को लेकर जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. मनमोहन सिंह ने बताया कि एम आशा ऐप का विकास स्वास्थ्य सेवाओं में डेटा प्रबंधन और निगरानी को सरल और सटीक बनाने के लिए किया गया है। इस ऐप से आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को आसानी से रिकर्ड को साझा कर सकती हैं। जिससे स्वास्थ्य विभाग को रियल-टाइम डेटा प्राप्त हो ताकि त्वरित निर्णय लिए जा सकते हैं। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कई आशा कार्यकर्ताओं ने इस ऐप को उपयोगी और समय की बचत करने वाला बताया। एक आशा कार्यकर्ता ने उत्साह से कहा, अब हमें मैनुअल डेटा संकलन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ऐप के माध्यम से हम तुरंत और सटीक जानकारी अपडेट कर सकेंगे, जिसके माध्यम से हमारा कार्य और भी अधिक प्रभावी हो जाएगा। इसके साथ ही बीएचएम शाह जियाउल रहमान एवं बीसीएम पंकज कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य सभी आशा कार्यकर्ताओं को समय-समय पर डिजिटल प्रशिक्षण देकर नई तकनीकों के उपयोग में दक्ष बनाना है, ताकि वे स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार ला सकेंगे। इसके साथ ही सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य से संबंधित हर योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकें।

## 15 जुलाई से 14 सितंबर तक चलेगा दस्त नियंत्रण अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** स्वास्थ्य उपकेंद्र पर तैनात एएनएम की बैठक पीएचसी नावकोठी में शनिवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों में होने वाले दस्त को ससमय नियन्त्रित नहीं किया जाता है तो यह जानलेवा हो जाता है। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को सचेत रहने का निर्देश दिया। 15 जुलाई से 14 सितम्बर तक सघन दस्त नियंत्रण अभियान संचालित होना है। इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मी अपने अपने पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर दस्त नियन्त्रण हेतु कार्य का निष्पादन करेगें। ओआरएस तथा जिंक की गोली एक साथ 14 दिनों तक देकर दस्त का इलाज करने का निर्देश दिया। 2 माह से 06 माह तक के बच्चों को 10 मिग्रा जिंक गोली तथा 7 माह से 60 माह के बच्चों को ओआरएस के साथ 20 मिग्रा जिंक गोली देकर इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार कल्याण पखवाड़ा के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें क्षेत्र से बंध्याकरण हेतु लाभुकों को लाभान्वित करने पर बल दिया गया। आरोग्य दिवस पर किये गए टीकाकरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, बीएमसी गोपाल शर्मा, डबल्यू एच ओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार, काउंसलर राजकुमार सिंहा, एएनएम पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, मोनी कुमारी, सुजाता कुमारी, सीमा कुमारी, बेबी कुमारी, स्वर्णिम स्नेही, शशिकला कुमारी आदि ने भाग लिया।

## वर्षा नहीं होने से किसान की भदई फसल बर्बाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। वर्षा नहीं होने के कारण संपूर्ण जिला भयंकर सूखे की चपेट में आ चुका है। जिले के किसानों ने भदई अभियान के तहत मक्का की फसल लगाई थी। जो पानी के भाव में सुख चुका है। किसानों ने बुवाई के बाद फसलों की बढ़ोतरी के लिए खाद भी छिटा था। लेकिन जल के अभाव में तमाम प्रक्रियाओं को बेअसर कर दिया हैं।इतना ही नहीं जिले के छोटे बड़े किसानों ने अपनी खेत में जनेर और हरे घास कि भी बुआई की थी। चिलचिलाती धूप और पानी के अभाव में ये भी दम तोर चुके हैं।अपनी फसल को चौपट होते देख जिले के किसानों को पसीना छूटने लगा हैं। ऊंची कीमत पर मक्के की खरीदारी और खाद्य के उपयोग में किसानों ने काफी पैसे खर्च किए। लेकिन फसल के सूख जाने से उनकी सारी मेहनत बेकार चली गई। हालत तो यह है कि वर्षा नहीं होने से अब धान की बुआई पर भी संकट के बदले मांडराने लगा हैं। बूआई अभियान के बर्बाद होने से जिले के किसानों में हाहाकार मचा है। तो वही मवेशियों के लिए चारा का घोर संकट सामने खड़ा है। सहकारी ऋणों के माध्यम से जो कर्ज लेकर किसानों ने खेती की थी। वह राशि भी शुद्ध सहित किसानों के सिर पर बोझ बना है। सामाजिक कार्यकर्ता सह .षक नेता राम पुकार सिंह महंथ ने बिहार सरकार के .षि मंत्री को त्राहिमाम संदेश भेज कर जिले को सूखा क्षेत्र घोषित करने की मांग की हैं।

## मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** एबीवीपी बलिया द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस सह एबीवीपी के 77 वे स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत मेंहदी प्रतियोगिता परियोजना बलिया उच्च विद्यालय बलिया में आयोजित किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रांत छात्रा प्रमुख श्वेत निशा, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की प्राचार्य अर्चना कुमारी एवं एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने संयुक्त रूप से किया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सृष्टि कुमारी द्वितीय स्थान पर वर्षा कुमारी तृतीय स्थान पर खुशी कुमारी चौथे स्थान पर आरती कुमारी एवं पांचवे स्थान पर साबरीन खातून रही। इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रांत छात्रा प्रमुख श्वेत निशा ने कहा कि अभाविप ही एक मात्र ऐसा संगठन है। जो छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। इस मेहदी कला की जानकारी प्राप्त करनेवाली महिलाओं के लिए जीविका का साधन भी बन सकता है। विद्यालय की प्राचार्य अर्चना कुमारी ने कहा कि आज पूरे दुनिया में यह छात्र संगठन अनुशासन को अग्रिम पंक्ति में रखते हुए छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ला रहा है। एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ऐसा कार्यक्रम करके युवाओं के बीच सुंदर संदेश देने का काम कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य उप केन्द्र से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** इनरवा फुलवार पंचायत के मठिया भोपत में अतिरिक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं संबंधित पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सरपंच महेश राय द्वारा संयुक्त तौर पर फीता काट कर किया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होने से ही स्वास्थ्य समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र के खुलने से गरीब, किसान, मजदूर तथा अन्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो गया है। उन्होंने केंद्र में कार्यरत सभी कर्मियों को ईमानदारी पूर्वक सेवा दे,ताकि मरीजों का इलाज ठीक ढंग से हो सके.प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.रामनरेश कुमार ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण से लेकर प्रसव पूर्व जांच एवं परिवार नियोजन के अस्थायी साधन के साथ अन्य बीमारियों का इलाज उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र में ही मिल सकेगा। कहा कि पंचायत के लोगों को नियमित रूप से ओपीडी, निःशुल्क दवाइयां यहां से वितरण किया जाएगा।

## कम्पीटिशन उत्तीर्ण छात्रों को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर में शुक्रवार बेल्ट्रॉन कार्यपालक सहायक परीक्षा में अंतिम रूप से सफल छात्र एवं छात्राओं को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। विदित हो कि इस संस्थान के 51 छात्र इस परीक्षा में सफल हुए हैं। सभी सफल छात्र-छात्राओं को बारी-बारी से सम्मानित करने का निर्णय इस संस्थान के द्वारा लिया गया है। इस कड़ी में आज संस्थान के छात्र सौरभ कुमार मंडल, कार्यपालक सहायक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेगूसराय, प्रेम कुमार दास कार्यपालक सहायक, बेगूसराय ब्लक एवं साक्षी कुमारी (अनुकंपा) कनीय लेखा सहायक, विद्युत कार्यालय, पटना सुपुत्री स्वर्गीय चंचल कुमार को संस्थान की ओर से अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि माता-पिता और गुरुजन हमेशा अपने छात्र को खुद से बेहतर बनते हुए देखना चाहते हैं। मेहनतकश इंसान को सफलता भले ही एक दिन में नहीं मिले परंतु एक न एक दिन जरूर मिलती है। उन्होंने सफल छात्रों के बारे में बताते हुए कहा कि अगर ईमानदारी पूर्वक मेहनत करते हैं तो एक मजदूर का बेटा भी राजा बन सकता है। इस अवसर पर संस्थान के उपनिदेशक प्रथम परमार, प्रशिक्षक खुशी, छवि, लक्ष्मी सहित सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के मोतिहारी आने पर होगी अपार भीड़ : राधा मोहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** प्रधानमंत्री के 18 जुलाई को मोतिहारी आगमन को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय, गाँधी कॉम्प्लेक्स में शनिवार को कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग प्रभागों के प्रभारियों और सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने प्रभागों के प्रभारियों से कार्य की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

श्री सिंह ने कहा कि एक हमारे लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का अवसर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठी बार हमारे यहां आ रहे हैं। इस अवसर पर आपार भीड़ होगी और बड़ा जनसैलाब गाँधी मैदान में उमड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर पूरे नगर की भी साज-सज्जा की जायेगी। साफ-सफाई का विशेष अभियान चला कर नगर को स्वच्छ बनाया जायेगा। श्री सिंह ने सभी प्रभाग के प्रभारियों से अपने दायित्वों के निर्वाहन में पूरी मुस्तैदी बरतने का निर्देश दिया। बैठक में विधायक बरुराज सुनील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी सरोज रंजन पटेल, जिलाध्यक्ष पवन राज, कार्यक्रम संयोजक प्रकाश अस्थाना, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद सहित प्रभागों के प्रभारी और सदस्य मौजूद थे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर दिया गया टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अररिया।** आज मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया आरएस के प्रांगण में 9 वर्ष से 14 वर्ष तक के छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु एचपीवी का निशुल्क टीका लगाया गया। जैसा कि बता दे बिहार सरकार पूरे बिहार में 9 वर्ष से 14 वर्ष तक के छात्राओं को मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत टीका लगा रही है। इसी क्रम में आज यह टीका सदर अस्पताल अररिया के टीम द्वारा मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में दिया गया। इस निशुल्क टीकाकरण में 77 छात्राओं ने टीका लगाया। सभी छात्राओं को आधार कार्ड में उम्र देखकर टीका लगाया गया। इस अवसर पर टीकाकरण लगाए गए छात्राओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र भी देने की बात कही । इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोहिज डॉ मंगेश तथा एएनएम उषा कुमारी, अनु कुमारी, मौसम कुमारी एवं रितु कुमारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर पाराशर त्यागी एवं प्रशासनिक प्रभारी अभिनंदन नौटियाल ने मेडिकल टीम को बधाई दी ।इस अवसर पर शिक्षिका माला गुप्ता व अंशु कुमारी, मृणाल प्रधान राजेश गुप्ता, प्रद्युत मंडल, राकेश श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा।

## चंवर में मिला शव, हत्या की आशंका

### पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के सिसवा खरार पंचायत के मननपुर गांव स्थित वार्ड संख्या 8 के चंवर के बांध पर शुक्रवार को एक युवक का शव मिला। अहले सुबह गांव के किसान खेतों के तरफ जा रहे थे, तो देखा कि एक युवक का शव सड़क किनारे बांध में पड़ा है। जिसके चेहरे से खून निकल रहा था। देखते ही देखते यह सूचना गांव में फ़ैल गई। वहां आस पास के ग्रामीण की भीड़ इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर डीएसपी संतोष कुमार, कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सदल बल के साथ घटनास्थल पर मामले की जांच पड़ताल की। मृतक की पहचान केसरिया थाना क्षेत्र के चांदपरसा गांव निवासी अभय सिंह के 25 वर्षीय पुत्र अवनिश के रूप में की गई है। मृतक अवनिश अपने दोस्त के साथ एक संबंधी के यहां आया था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसे मारना पीटना शुरू किया। यह देख साथ गया उसका दोस्त वहां से भागकर मृतक के परिजनों को सूचना दिया। परिजन द्वारा 112 नम्बर पुलिस की गाड़ी को सूचित किया गया। लेकिन मृतक अवनिश का पता नहीं चल सका। घटना गुरुवार के बताई जा रही है। डीएसपी ने बताया कि परिजन के बताए अनुसार छापेमारी की जा रही है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, राजोखर में शनिवार को अंतर-हाउस कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में बालक एवं बालिका वर्ग की चार-चार हाउस टीमों में नालंदा, विक्रमशिला, तक्षशिला और साकेत ने भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और आपसी प्रतिस्पर्धा में खेल भावना का परिचय दिया। बालक वर्ग में विक्रमशिला विजेता रही, जबकि साकेत उपविजेता रही। बालिका वर्ग में तक्षशिला/विक्रमशिला ने संयुक्त रूप से विजेता का खिताब प्राप्त किया और साकेत उपविजेता रही। टूर्नामेंट का उद्घाटन नूर उल हक, कोषागार पदाधिकारी, अररिया द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को इस प्रकार की सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह टूर्नामेंट प्राचार्य दबीर आलम, समन्वयक कुमार आर्यन, स्कूल के खेल प्रभारी, एवं सभी शिक्षकों के सहयोग से शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें कोई बड़ी चोट की सूचना समाचार प्रेषण तक नहीं रही। इस मौके पर स्कूल निदेशक अनुप कुमार ने कहा, ऐसे खेल आयोजन विद्यालय में नियमित रूप से होते रहेंगे, जिससे छात्र शारीरिक रूप से सक्रिय और मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक वो बौद्धिक विकास बढ़ती है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की सूची में क्रमशः ख़ुशी साह, ख़ुशी परवीन, स्नेह कुमारी, अदिति, सोनम, स्वर्णा अंशा, सानवी, आयुर्शी, दीपश्री, सना परवीन, अनन्या गुप्ता, कसफ, सोनी परवीन, फरहीन परवेज़, परिधि राज, अनुष्का कुमारी, मीठी कुमारी, आयेशा गुप्ता,सुषमा साह, करिश्मा. पिहू, परी, अनाबिया तथा अंश राज, हर्षित अनानोल, रिषभ राज, साहेब, अनुभव राज, आदित्य कुमार, फव्वाद आलम, सुजीत, सौरभ, आदित्य, आयुष, शारीफ, अनुज कुमार, अदनान सामी, मीर उमर, फवाद, पुष्पम, नादिर, दीपांशु, नितीश, आर्यन, शिवम, ओम प्रकाश, उमर, अंशु कुमार राज, पुष्पम सिंह, सत्यम, शांतनु, ज़र्ताब, प्रिंस, अमीर, सतीश कुमार, ज़ैद, दिव्या आलोक, साजन, इशांत. नवाजिश, नवाजिश नूर, दानिश रजा, दानिश, रोहन, शुभम, शर्जील, अमन, दीपित, शम्स कुमार, अबुलेश, अल्तमश आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केसरिया चकिया रोड स्थित राजपुर पंचायत के केसर कोल्ड स्टोरेज के प्रांगण में शुक्रवार को 11 जुलाई को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जल यात्रा निकाली गई। भव्य जल यात्रा शामिल भाजपा प्रदेश संयोजक भाजपा लघु उद्योग पूर्व सिंडिकेट सदस्य राजपाल प्रतिनिधि मनकेश्वर सिंह ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ जल यात्रा एवं मण्डप पूजा श्रावण कृष्ण प्रतिपदा वेदी पूजन अन्नाधिवस एवं पुष्पदिवस 12 जुलाई शनिवार श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया दोपहर में नगर भ्रमण किया जाएगा। शय्यधिवस अग्नि स्थापन हवन एवं संध्या आरती 13 जुलाई रविवार दैनिक वेदी पूजन एवं प्रतिष्ठा एवं हवन पूर्णाहुत की जाएगी। वाराणसी से आए आचार्य मनोज शास्त्री, राधेश्याम पाठक, डॉ सच्चिदानंद पाठक, त्रिपुरारी शरण महाराज, गौतम कृष्ण, आनंद ओझा, शालिग्राम पाण्डेय, अवधेश मिश्रा, मोहित पाण्डेय द्वारा विधवाद पूजन कराई जाएगी।

### लाभुकों के खाते में गई पेंशन की राशि

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सीधा प्रसारण ग्रामीणों को दिखाया एवं सुनाया गया। कार्यक्रम के नोडल बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें बताया गया की पेंशन योजना की राशि को राज्य सरकार ने चार सौ रूपये से बढ़ाकर 1100 रूपये कर दिया गया है और इसका सीधा लाभ लाभुकों के बैंक खातों में आ रही है। सभी लाभुकों में खुशी देखी गई।उन्होंने बिचौलियों से बचने की नसीहत ग्रामीणों को सरकार के विभिन्न लाभकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। मौके दर्जनों सेविका और लाभुक शामिल रहे।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी रजाकपुर का फुलेना साह है। गांव के ही सुरामा देवी ने नालिसी वाद संख्या 527-22 दर्ज कर उसे आरोपित की थी। लंबी अवधि से न्यायालय में अनुपस्थित था। इससे न्यायालय ने इसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अलावे एस आई अबोध कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### तीन वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने अलग मामले के तीन कुर्की वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के भगतपुर निवासी मुखिया प्रतिनिधि सखीचंद यादव के पुत्र गिरधारी यादव को कांड संख्या 50-99 में उसी गांव के रामजी यादव के पुत्र योगेंद्र यादव को 86-05 में एवं नूरजमापुर निवासी सत्यनारायण यादव के पुत्र बलराम यादव को नीमाचांदपुरा कांड संख्या 16-94 में गिरफ्तार किया गया है। तीनों गिरफ्तार व्यक्ति पर कुर्की वारंट निर्गत किया गया था। उन्होंने बताया कि तीनों गिरफ्तार व्यक्ति को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इधर डंडारी थाना क्षेत्र के अलग जगहों से समकालीन अभियान चलाकर कोर्ट वारंटी को डंडारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पूर्व के कांड में फरार अभियुक्त को न्यायालय के आदेश पर टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर डंडारी पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रतारपुर ग्राम निवासी गांगो यादव का पुत्र सुलो यादव के रूप में बताया गया। वहीं दूसरे की पहचान डंडारी निवासी दुलारु चौधरी एवं तीसरे की पहचान कल्याणपुर निवासी आजो पासवान का पुत्र सुलेंद्र पासवान के रूप में बताया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ डंडारी थाना में अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत के लिए बेगूसराय भेज दिया गया है।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक नयाभूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया तथा एक पुराने मामले को निष्पादित किया गया। दर्ज मामला नावकोठी वार्ड संख्या 10 के सुनील रजक व विपिन महतो के बीच भूमि विवाद का है। द्वितीय पक्ष विपिन महतो द्वारा प्रथम पक्ष सुनील रजक की जमीन पर जबरन कब्जा कर लेने से संबंधित है। वही निष्पादित मामला हसनपुर बागर के मो समी अहमद तथा मो अफरोज के बीच बंटवारा का मामला रहने से बंटवारा वाद दायर करने का आदेश देकर निष्पादित किया गया। जनता दरबार में कुल 06 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार,चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख तय की गयी। मौके पर सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, अंचल कर्मी अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

### घर में घुसकर आभूषण की चोरी

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गिधौना मठ टोला स्थित एक घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते सेंध मारी कर घर में घुस सोए गृह स्वामी पर नशा छिट बेहोश करते पेटी में रखे नगद समेत आभूषण उड़ा ले गए. घटना को लेकर पीड़ित गृह स्वामी मुसाफिर महतो ने बताया है कि बीते गुरुवार की देर रात्रि सभी परिवार खाना खा कर सो गए थे तभी मेरे देवर का अहले सुबह लगभग 2 बजे नींद टूट गई और उसने देखा कि दिवाल का कुछ भाग टूटा था, मै भी जाग कर देखा और बाहर निकली तो अंधेरा था चोरों ने बिजली बल्ब निकाल कर फेंक दिया था.बेटी की शादी के निमित पेटी में रखे नगद दो लाख,डेढ़ लाख रुपए मूल्य का पांच थान सोने तथा पांच थान चांदी का आभूषण निकाल खाली पेटी को घर से कुछ दूरी खेत में फ़ेक कर फरार हो गया था.इधर पीड़ित ने थाने में आवेदन दिए जाने की बात कही है।

### प्रखंड कार्यालय की साफ-सफाई करेगी जीविका

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय की साफ सफाई की जिम्मेदारी जीविका दीदियों को सौंप दी है। विकासशील जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ नावकोठी द्वारा चयनित दीदियों ने कार्यभार संभाल लिया है। चयनित सदस्य ने बाल्टी, झाड़ू, फिनाइल, पोछा आदि सफाई सामग्री के साथ प्रखंड परिसर पहुँच कर प्रखंड तथा अंचल कार्यालय पहुँच कर साफ सफाई की शुरुआत की। बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग का यह सराहनीय कदम है। अब प्रखंड कार्यालय तथा अंचल कार्यालय कचरा मुक्त रहेगा। यह पदाधिकारी तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य के हित में होगा। पदाधिकारियों की मौजूद्गी में सफाई कर्मियों ने सभी कक्ष की सफाई, पोछा कर चकाचक बना दिया। कक्ष से निकले कचरे का सही स्थान पर डालकर निपटारा भी किया। मौके पर बीडीओ चिरंजीव पांडेय, सीओ सूरज कुमार, बीपीआरओ निधि प्रिया, जीविका बीपीएम मनोरंजन कुमार, संघ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपहृत लड़की बरामद, आरोपित गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा पुलिस ने प्रसंग में अपहृत लडकी को पुरूषोतमपुर रेलवे ढाला के पास से शनिवार को उसके प्रेमी के साथ लड़की को बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि लड़की को मेडिकल एंड 164 के बयान के हेतु बेतिया भेजा गया है और आरोपी शशि कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। विदित हो कि बीते दिन इनरवा थाना क्षेत्र के गांव से लड़की को अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की पिता ने शशि कुमार समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

### मैनाटांड के युवक की देहरादून में मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव के एक युवक को विद्युत करंट की चपेट में आने से देहरादून में मौत हो गई। घटना शुक्रवार की है। मृतक रमपुरवा के हसमुद्दीन मियां पुत्र का 19 वर्षीय पुत्र अलाउद्दीन आलम बताया जाता है।मौत की खबर सुनते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। उक्त युवक मजदूरी करने के लिए देहरादून गया था।

### पैक्स चुनावः अध्यक्ष पद पर छः आवेदन

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के दो पैक्स लौरिया और मरहिया पकड़ी में अध्यक्ष पद पर कुल छः नामांकन दाखिल किए गए। एक तरफ पिता पुत्र ने तो दूसरी तरफ पति पत्नी ने साथ साथ अपने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस बाबत निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि लौरिया पैक्स में अध्यक्ष पद हेतु निवर्तमान अध्यक्ष मनु उर्फ अभिमन्यु कुमार ने अपनी और अपनी पत्नी सुमन देवी के साथ नामजदगी का पर्चा दाखिल किया तो दूसरी तरफ प्रतिद्वंदी कुणाल कुमार ने अपना और अपने पिता विनोद साह के साथ अपनी दावेदारी हेतु पर्चा दाखिल किया। वही मरहिया पकड़ी पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष किशोरी देवी के पोता रघुराज प्रताप सिंह ने और पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया सगीर मियां ने अपने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया।

### उर्वरक विक्रेता की मनमानी को लेकर एसडीएम से शिकायत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उर्वरक दुकानदारों द्वारा यूरिया खाद के साथ नैनो यूरिया नही लेने पर किसानों को यूरिया खाद नहीं देने का मामला सामने आया है। मामले में धुमनगर गांव निवासी किसान अंगूर गद्दी ने दुकानदारों की मनमानी के विरुद्ध अनुमंडल पदाधिकारी से शिकायत की है।एसडीएम को दिए शिकायत में बताया है कि उसे धान के फसल में यूरिया खाद देना है। जिसके लिए वह मुस्तुफा राईस मिल स्थित गोदाम में गया था। जहां यूरिया खाद मांगने पर दुकानदार द्वारा बताया गया कि यूरिया के साथ नैनो यूरिया लेना होगा नहीं तो यूरिया नही मिलेगा। किसान ने बताया कि नैनो यूरिया को दुकानदार द्वारा जबदस्ती बिक्री किया जाता है। और निर्धारित दर से अधिक रुपये ली जाती है। जबकि कृषि विभाग द्वारा बैठक में निर्धारित मूल्य पर यूरिया किसानों को उपलब्ध कराने की बात कही जाती है। एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच करवाया जाएगा।

### स्पशार्घात से युवक की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के चांदनी चौक स्थित पंचर दुकान में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मलदहिया वार्ड 15 निवासी लक्ष्मण महतो के 24 वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। अर्जुन शुक्रवार रात दुकान बंद करने के दौरान बोर्ड से प्लग निकाल रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया। उसे अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिकारपुर पुलिस शव को कब्जे में ले कर आगे की करवाई में जुट गई है।

### विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैरिया थाना क्षेत्र के भीतहा पंचायत के शाही टोला गांव के बगल एक पुल के पास शुक्रवार के रात्री करीब 10 बजे एक विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म करते हुए युवक को पकड़ ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। पकडाया आरोपी भितहा शाही टोला निवासी भोली मिया बताया गया है। थानाध्यक्ष अंजेस कुमार ने बताया कि महिला बेतिया से अपने घर जा रही थी। बहकावे में लेकर आरोपी ने अपने साथ ले लिया। और सूनसान जगह देख उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। तभी महिला की चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने पहुंच उसे दबोच लिया और डायल 112 को सूचना देकर सौंप दिया।

### जालसाजी मामले में एक गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जालसाजी मामले के फरार चल रहे कुर्की जब्ती के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को चखनी रजावटिया पंचायत के चखनी गांव में छापेमारी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि कोर्ट से निर्गत कुर्की वारंटी व चखनी गांव निवासी शंभू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि कुर्की अभियुक्त के विरुद्ध थाना में जालसाजी मामला दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसको देखते हुए न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत भेज दिया गया ।

### तीतरा में संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आज

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा संचालित गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन 13 जुलाई 2025 दिन रविवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे किया जाएगा। यह कार्यक्रम संघ के जीरादेई प्रखंड अंतर्गत तीतरा स्थित कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। इस आशय की जानकारी "आपन सिवान" के संयोजक इंजीनियर प्रमोद कुमार मल्ल ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम संघ की परंपराओं और कार्यपद्धति को




सुदृढ़ करने का माध्यम होता है, जिसमें स्वयंसेवक अपने विचार, समर्पण और संकल्प को पुनः दृढ़ करते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक चंदन जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और अपने उद्बोधन से स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्वयंसेवकों की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन में विभिन्न खंडों और शाखाओं से बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक गुरु वंदना और गुरु दक्षिणा समर्पण किया जाएगा, जो संघ की आंतरिक परंपरा का एक अहम हिस्सा है।

### लापरवाही को लेकर बीएलओ से स्पष्टीकरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड प्रशासन द्वारा मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य 2025 मे मतदाता गणना प्रपत्र प्रारूप को कलेक्ट करने और उसे बीएलओ एप पर अपलोड करने में लापरवाही को लेकर चार बीएलओ को जवाब तलब किया है। इसमें नरकटियागंज विधानसभा के बूथ संख्या 141 की इशरत जहां, 148 के रमेश पासवान, 149 के शमीम अंसारी के अलावा सिकटा विधानसभा के बूथ संख्या 148 के सुमन कुशवाहा शामिल है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि मतगणन प्रपत्र प्रारूप को बूथवार प्रतिनियुक्त सभी बीएलओ के द्वारा तीन जुलाई से मतदाता गणना प्रपत्र प्रारूप को भरते हुए अपलोड भी किया जा रहा है। लेकिन उक्त सभी बीएओ द्वारा मतदाता गणना प्रारूप प्रपत्र में रूची नहीं ली जा रही है।

### भू विवाद संबंधित लगा जनता दरबार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस कप्तान के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।भूमि विवाद के निपटारे के लिए फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंचे थे।इस दौरान अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार ने बताया कि जमीन विवाद से संबंधित कोई मामले आए,जिसमें आन द स्पाट एक मामले का निष्पादन किया गया।वहीं शेष मामलों में सुनवाई की अगली तिथि शनिवार को दी गई। मौके पर आरओ रमेश कुमार सिंह एस आई पंकज कुमार सिंह सहित फरियादी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बापू के प्रपौत्र तुषार गांधी ने भीतिहरवा से शुरू की परिवर्तन यात्रा

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गौनाहा प्रखंड के भीतिहरवा से महात्मा गाँधी के प्रपौत्र तुषार गाँधी ने शनिवार को नफरत के खिलाफ परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि जिस तरह बापू ने अंग्रेजों के खिलाफ 1917 में स्वतंत्रता की पहली लड़ाई इसी चम्पारण की धरती से की थी और जिसकी आग की लपट पूरे देश में फैल गई और भारत अंग्रेजी हुकूमत से मुक्त हुआ और स्वतंत्र राष्ट्र बना । वैसे ही 20 वर्षो से सरकारों ने जनता को छला है,अब देश की जनता को नफरत की राजनीति से मुक्ति दिलाने की लड़ाई चम्पारण की पावन धरती से शुरू की गई है। ताकि सरकार की असली चेहरा से जनता को रूबरू कराना व जनता को गरीबी की चंगुल से मुक्ति दिलाना, यही उक्त यात्रा का मकसद है ।

# छात्राओं से छेड़खानी करता पकड़ा गया शिक्षक, ग्रामीणों ने जमकर की धुनाई

**सिवान के महाराजगंज में प्राथमिक विद्यालय की घटना, ग्रामीणों ने बंद कमरे में किया कैद, पुलिस ने बचाया**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।

**सिवान।** महाराजगंज अनुमंडल के राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, कपिया में शुक्रवार को उस समय हंगामा मच गया जब वर्ग 2 और 4 की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत कर रहे शिक्षक रामेश्वर साह को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने पहले तो शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी और फिर उसे एक कमरे में बंद कर दिया।



**प्रतिदिन करता था अश्लील हरकतें, शुक्रवार को परिजनों को दी जानकारी**

छात्राओं के परिजनों ने बताया कि शिक्षक रामेश्वर साह आए दिन बच्चियों के साथ अनुचित व्यवहार करता था। शुक्रवार को बच्चियों ने हिम्मत कर इसकी जानकारी अपने घरवालों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण शनिवार को विद्यालय पहुंच गए और शिक्षक को रंगे हाथों पकड़ लिया।

**112 नंबर पर दी गई सूचना के बावजूद दो घंटे तक नहीं पहुंची पुलिस, आक्रोशित हुए ग्रामीण**

घटना की जानकारी तत्काल 112 नंबर पर दी गई, लेकिन पुलिस वाहन दो घंटे तक नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में और भी अधिक आक्रोश फैल गया। बाद में एक ग्रामीण ने एसपी मनोज कुमार तिवारी को व्यक्तिगत रूप से सूचना दी। एसपी के निर्देश पर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, पुलिस उप निरीक्षक ललन सिंह व ओम प्रकाश सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे।

**पुलिस ने किया रेस्क्यू, ग्रामीण फिर भी मारने पर आमादा**

पुलिस जब आरोपी शिक्षक को बंद कमरे से निकालकर गाड़ी तक लेकर जा रही थी, तब भी ग्रामीण उसे मारने के लिए बेताब थे। भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने शिक्षक को अपनी सुरक्षा में वाहन में बैठाया और थाने ले गई।

**बीईओ ने कहा- शिक्षक का कार्य घृणित, भेजा गया निलंबन का प्रस्ताव**

विद्यालय पहुंचे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) राजकिशोर उपाध्याय ने छात्राओं और ग्रामीणों से घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शिक्षक रामेश्वर साह का कृत्य अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को निलंबन हेतु पत्र भेज दिया गया है। सोमवार से विद्यालय संचालन के लिए दो महिला शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

**पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज, पीएचसी में इलाज के बाद भेजा जाएगा जेल**

थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि शिक्षक के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल उसका प्राथमिक उपचार पीएचसी में कराया गया है, इसके बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा।

**दो साल से कर रहा था सेवा, मूल पदस्थापन महुआरी विद्यालय में**

बताया गया कि शिक्षक रामेश्वर साह की मूल पदस्थापना महुआरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में है, लेकिन वह बीते दो वर्षों से कपिया के कन्या प्राथमिक विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत था।

## जनसंवाद में राजनीति में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से बगहा को सर्वांगीण रूप से सशक्त करने की बात की गई एवं युवाओं के राजनीति में सक्रिय भूमिका पर चर्चा की गई। इस आयोजन पर बगहा के सुदूर क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वल शुक्ला ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित देव अर्पण ने कहा कि लव कुश के शिक्षा की धरती और वाल्मीकि के तपोभूमि को सदैव दरकिनार किया गया है।और आलम यह है कि यहां से छात्र राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान तो प्राप्त करते हैं लेकिन उनकी शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। आज लोग भले यह कह लें कि यहां के छात्र अधिकारी के रूप में चयनित हो रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह बगहा मूल के दिल्ली, पटना,



कोटा, बनारस छात्र हैं, जिनका जन्मस्थान तो बगहा है, लेकिन इन्हें अपनी शिक्षा हेतु सुदूर राज्यों में जाना पड़ता है।श्री अर्पण ने कहा कि यहां के छात्र रोजगार हेतु लालायित हैं, परन्तु यहां के मेगा टेक्सटाइल पार्क को भी इनसे दूर कर दिया गया, और किसी प्रकार का औद्योगिकरण यहां नहीं हो रहा है। किसानों की स्थिति खराब है जबकि इस स्थान पर ऐसे उद्योग लगाए जा सकते हैं, जहां से इन किसानों को समृद्धि मिले। अंत में अर्पण ने कहा कि उनकी तैयारी है कि इस विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे एवं विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी पेश कर करेंगे।

## जन्म मृत्यु के आवेदन जमा करने को लेकर आवेदक परेशान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों के आवेदन जमा कराने को लेकर आवेदक काफी परेशान है। उन्हें कभी पंचायत तो कभी प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। वावजूद उनका आवेदन न तो पंचायत कार्यालय में जमा हो रहा है न प्रखंड कार्यालय में। आवेदन नही जमा होने से आवेदक परेशान हो रहे है। आवेदक, आर्यन कुमार, लक्ष्मीना कुमारी, जमील मियां, सलोनी देवी, विकास पटेल, पंकज कुमार, जमीर अंसारी आदि ने बताया कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र का आवेदन करने प्रखंड कार्यालय आए थे। लेकिन यहां आवेदन नहीं जमा किया जा रहा है। कर्मी नए नियम का हवाला दे रहे हैं। जबकि पहले प्रखंड कार्यालय में ही आवेदन लिया जाता था। इधर बिहार जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली में संशोधन किया गया है। नई नियमावली के लागू होने के चलते आवेदन कहां जमा होगा, अधिकारी एवं कर्मियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## डीएम ने किया समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को समाहरणालय के विभिन्न प्रशाखा में कागजातों के रखरखाव के लिए पर्याप्त संख्या में रैक का निर्माण कराने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर में निर्माण हेतु प्रस्तावित भवनों के निर्माण एवं प्राक्कलन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विभाग से समन्वय स्थापित कर त्वरित गति से निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न भवनों में स्थापित कार्यालयों का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने भवनों की भौतिक स्थिति का अवलोकन करते हुए कार्यालयों में अलमीरा के अभाव में यत्र तत्र कपड़ो में बांधकर रखे गये संचिकाओं को सुसज्जित तरिके से रखने के लिए भवन कार्यपालक अभियंता को आवश्यकतानुसार सिमेंटेंड रैक के निर्माण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पूर्व के निदेर्शों का अनुपालन नही करने के लिए बिना परिचय पत्र के कार्यालय में पहुंचे कर्मी को फटकार भी लगायी। हालाकि निरीक्षण के दौरान सभी कर्मी एवं अधिकारी प्रोपर ड्रेस एवं परिचय पत्र के साथ दिखे। लेकिन बिना परिचय पत्र के कार्यालय कार्य संपादित कर रहे कर्मी उनके नजरों से नही बच सके। और उन्होंने इसे पहली भूल करार देते हुए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित ड्रेस कोड का सख्ती के साथ अनुपालन करें। साथ ही पहचान पत्र अवश्य धारण करें। मौके पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक अरूण प्रकाश, स्थापना उप समाहर्ता, मो. अहमद अली, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, राकेश कुमार, भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता कमलेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# डीएवी पीजी कॉलेज को मिले दो नये बर्सर, डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह और पंकज कुमार ने संभाला जिम्मा

**कॉलेज की वित्तीय व्यवस्था अब दो अनुभवी प्राध्यापकों के हाथों में, शिक्षकों में खुशी की लहर**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** डीएवी पीजी कॉलेज, सीवान में शनिवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव हुआ। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के आदेशानुसार कॉलेज को दो नए बर्सर मिले हैं। डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह को बर्सर (व्यय) और पंकज कुमार को बर्सर (आय) के रूप में नियुक्त किया गया है। दोनों ने औपचारिक रूप से अपने-अपने पदों का कार्यभार संभाल लिया। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार वाजपेई के निर्देश पर की गई है, जिसकी अधिसूचना रजिस्ट्रार प्रो. नारायण दास ने जारी की। यह बदलाव कॉलेज के वित्तीय और प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा देने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

**बर्सर की भूमिका अहम, जिम्मेदारी बड़ी**

कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में बर्सर का पद वित्तीय मामलों की रीढ़ होता है। संस्थान का बजट, खर्च, अनुदान, वित्तीय योजना, लेखा



प्रणाली आदि की देखरेख बर्सर के जिम्मे होती है। यह न सिर्फ वित्तीय नीतियों और मानकों का पालन सुनिश्चित करता है, बल्कि संस्था की समग्र वित्तीय स्थिति पर नजर रखता है। कॉलेज में दो अलग-अलग बर्सर की नियुक्ति से अब आय और व्यय के प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों ने जताई खुशी**

डीएवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रामानंद राम ने दोनों बर्सर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कार्यभार संभालने से कॉलेज के विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए अब वित्तीय निर्णय तेजी से लिए जा सकेंगे। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. धनंजय यादव ने कहा कि कॉलेज परिवार को दोनों प्राध्यापकों से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों नए बर्सर शिक्षकों की आर्थिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**बधाई देने वालों का लगा तांता**

डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह और पंकज कुमार को नये दायित्व मिलने पर पूरे कॉलेज परिसर में खुशी की लहर है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. धनंजय यादव, सचिव पवन कुमार यादव, प्रो. अली इमाम, प्रो. शमशाद अहमद खान, प्रो. तनवीर अख्तर नूर, प्रो. रेयाज हसन, प्रो. जयकिशोर साहनी, डॉ. रवि कुमार, डॉ. नवेद अंजुम, डॉ. नसीम अंसारी आदि का नाम शामिल है।

**कॉलेज के विकास की नई उम्मीद**

कॉलेज परिवार को विश्वास है कि वित्तीय प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले ये दोनों युवा प्राध्यापक संस्था को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उनके कुशल प्रबंधन से न केवल बजटीय प्रक्रिया में गति आएगी, बल्कि संसाधनों के बेहतर उपयोग से छात्रों को भी लाभ मिलेगा।

## सीएचसी में एएनएम का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वास्थ्य कार्यक्रम को बेहतर ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में एएनएम का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनुपम प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में एएनएम को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों, अस्पताल की सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई है। साथ ही नियमित टीकाकरण, टेली कॉन्सलैंसी, गैर संचारी रोग, दवाओं की खपत, टीकाकरण को पोर्टल पर चढ़ाने, दवा राशि का अग्रसाहन करना,मासिक प्रतिवेदन, स्वास्थ्य उपकरण का इलाज के लिए आए हुए मरीजो का ऑन लाइन पंजीकरण करना एवं बच्चों के छह माह तक स्तनपान पर बल, पूरक आहार, परिवार नियोजन व संपूर्ण टीकाकरण पर विस्तार से जानकारी दी गई।

## मोदी के कार्यक्रम में बेतिया से भाग लेंगे 25 हजार कार्यकर्ता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोतिहारी में प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता के लिए शनिवार को जदयू कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने की। बैठक में प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह, जिले के प्रभारी राणा रणधीर सिंह ने मुख्य रुप से हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह आगामी 15 जुलाई को एनडीए के कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भागीदारी करें इस पर रणनीति तैयार की गयी। बैठक के दौरान हीं कार्यकताओं की ओर से जिले के नौ विधानसभा सीटों में से पांच विधानसभा सीटों पर जदयू को टिकट की दावेदारी करने की आवाज कार्यकताओं ने उठायी। जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में पश्चिम चंपारण जिले से करीब 25 हजार जदयू कार्यकर्ता भाग लेंगे। सांसद सुनील कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए एनडीए के घटक दलों के साथ आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को असलम खा हक्की, डॉ.एन एन शाही, अनिल झा, शंभू पांडे, नेहा नेसार सैफी, नंदकिशोर चौधरी, विद्या सिंह पटेल आदि ने भी संबोधित किया।

## दहेज में बाइक व रुपये को लेकर विवाहिता की हत्या

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के मथुरा गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर दी गई है। मृत विवाहिता की पहचान 22 वर्षीय गोल्डी कुमारी के रूप में हुई है। शनिवार की सुबह मृतका के ससुराल वाले उसके शव जलाने के लिए ले गए तभी शिकारपुर पुलिस व विवाहिता के मायके वाले पहुच गए। जिसके बाद ससुराल वाले शव को चिता पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया है। मृतका के पिता राजेन्द्र ठाकुर व भाई दिलीप ठाकुर ने पुलिस को बताया कि गोल्डी की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। वह तीन माह की गर्भवती भी थी। ससुराल वाले दहेज में ढाई लाख रुपये और बाइक को लेकर उसे हमेशा प्रताड़ित करते थे।

## शिक्षिका की पुत्री ने पायी एसएससी में सफलता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पुरानी गुदरी निवासी शिक्षिका व आर्य समाज बेतिया की उपमंत्री वीणा गुप्ता फुले नही समा रही है। उनकी बेटी प्रगति गुप्ता ने भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करते हुए केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उसने एसएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए वित मंत्रालय में स्टेनोग्राफर पद प्राप्त किया है। एकल जीवन जी रही शिक्षिका वीणा गुप्ता ने बड़े हिम्मत और धैर्य के साथ अपने तीन बच्चों का पालन पोषण किया। आज उनकी बड़ी पुत्री प्रगति ने भी सफलता प्राप्त कर मां का नाम रौशन किया है। अपनी कड़ी मेहनत व मां वीणा गुप्ता के संघर्षो के परिणामस्वरुप स्टेनोग्राफर पद प्राप्त कर प्रगति ने अपनी सफलता के लिए अपनी मां को ही श्रेय दिया। उसने बताया कि बचपन से हीं मां ने हीं एक पिता की भूमिका निभायी और हम दो बहनों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। प्रगति ने कहा कि वह अपना आदर्श अपनी मां एवं बहन संस्कृति को मानती है। विदित हो कि प्रगति की छोटी बहन संस्कृति विगत वर्ष बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए राजस्व अधिकारी बनी। वर्तमान में वह मुजफ्फरपुर जिले में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अब वीणा गुप्ता की बड़ी पुत्री प्रगति ने एसएससी में सफलता हासिल कर स्टेनोग्राफर का पद प्राप्त किया है।



# गुरु पूर्णिमा पर 'अंतर्ध्वनि' पुस्तक का हुआ लोकार्पण, साधकों में उत्साह

**ध्यान, संवाद व आत्मिक यात्रा को समर्पित पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम संपन्न**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवर आचार्य श्री सत्येन्द्र जी महाराज द्वारा रचित आध्यात्मिक कृति 'अंतर्ध्वनि — संवाद से समाधि तक' का लोकार्पण समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। यह लोकार्पण निर्वाण संघ के इसुआपुर स्थित ध्यान कक्ष के बाबा लाल दास जी के मठिया के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधकगण शामिल रहे। इस पुस्तक में साधकों द्वारा पूछे गए जिज्ञासात्मक प्रश्नों पर गुरुवर ने विस्तृत चर्चा की है। साथ ही ध्यान विधियों, आत्म-अन्वेषण एवं आत्म-जागरण की दिशा में उपयोगी मार्गदर्शन भी इस ग्रंथ का प्रमुख अंग है। 'अंतर्ध्वनि' न केवल एक पुस्तक है, बल्कि यह चेतना की उस पुकार का उत्तर है जो साधक को भीतर की ओर मोड़ती है। कार्यक्रम में निर्वाण संघ के अध्यक्ष राजेश प्रसाद, त्रिभुवन चतुर्वेदी, उद्घोषक सनोज मेहरा, पप्पू कुमार, श्याम जी, उमेश उमंग, सानू जी, रविन्द्र बैठा, विभा कुमारी, जितेंद्र कुमार सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। सभी ने ह्यअंतर्ध्वनिह्न की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे आत्मिक पथ का प्रकाश स्तंभ बताया। इस अवसर पर गुरुवर श्री सत्येंद्र जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि यह ग्रंथ आत्मा की पुकार है, चेतना की प्रतिध्वनि है। आपने जिस निर्मल भाव से इसे अपनाया है, वही भाव आपको संवाद से समाधि तक की यात्रा में पथप्रदर्शक बनेगा। यही गुरुकृपा है, यही आशीर्वाद है। आत्मदीप बनें, उजास फैलाएं। इस दौरान सनोज मेहरा, योगेंद्र पांडेय, गीतांजलि रथ, कुंज अग्रवाल, लाल बहादुर गिरि, मेहुल सोलंकी, राजेश मित्तल, ज्ञानचंद यादव, डॉ. उमेश उमंग, विभा कुमारी, श्रीभगवान शर्मा, रविश कुमार सानू सहित कुल 40 श्रद्धालु साधकों ने पुस्तक की अपनी-अपनी प्रतियां ससम्मान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से सभी सहयोगियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## संयुक्त निदेशक (शष्य) ने कृषि संबंधित योजनाओं का लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसानों को कृषि से संबंधित योजनाओ का लाभ व जानकारी ससमय दे। ताकि किसान प्रगतिशील हो। किसानों को प्राथमिकता के साथ कृषि उपादान मुहैया कराना सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों के साथ सामंजस्य स्थापित कर कृषि योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना आवश्यक है। उक्त बातें कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक (शष्य) उपादान ब्रज किशोर ने कही। वे अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान शनिवार को प्रखंड ई- किसान भवन पहुचे हुए थे। इस दौरान श्री किशोर ने अनुमंडल कृषि कार्यालय का निरीक्षण भी किया और धान, अरहर, मूंग आदि के बीज वितरण की जानकारी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार से ली। वही कृषि कर्मियो निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को प्राथमिकता के साथ कृषि उपादान मुहैया कराना सुनिश्चित करें।

# नूरूल होदा खान की माता के निधन पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अधिवक्ता एवं वार्ड पार्षद सदस्य नूरूल होदा खान की माता जहां आरा खातून का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों, शुभचिंतकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। इमादपुर स्थित आवास पर पहुंचकर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है और इस कठिन घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, मुखिया यूसुफ अली अंसारी, समाजसेवी सम्मू खान, मो. अब्दुल्ला सिद्दीकी, टुन्न खान, मुन्न खान, लक्खू खान, मो. राजन, मो. जिशान, मो. मिस्टर, बुची बाबू, मास्टर सकील, मो. चंचल, मो. राजा, धर्मेंद्र यादव, मो. मंसूर खान, मो. चिंटू, डॉ. मजीद, भोलू खान, जॉली खान, ईशा कुरैशी, मो. कमर समेत अनेक स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बराबर की वादियों में गूंजा कांवरियों का जयघोष बाबा सिद्धेश्वरनाथ को चढ़ा श्रद्धा का जल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** सावन के दूसरे शनिवार को वाणावर पहाड़ी स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में आस्था की बयार उमड़ पड़ी। शुक्रवार की अर्धरात्रि से ही श्रद्धालुओं का रेला मंदिर की ओर बढ़ चला और शनिवार की सुबह होते-होते हजारों कांवड़िए बाबा की नगरी में जलाभिषेक हेतु कतारबद्ध हो गए।श्रद्धालु पास के जलस्रोतों–हथियाबोर, पातालगंगा और बावन सीढ़ियों–में स्नान कर, सिर पर गंगाजल लिए पहाड़ी की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। भक्तों ने 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के गगनभेदी



जयघोष के साथ बारी-बारी से बाबा को अर्धा अर्पित किया।

श्रावणी मेले के इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा और सुविधाओं की व्यवस्था की थी। मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित की गई थी। जगह-जगह पुलिस बल एवं दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन की ओर से पीने के पानी की व्यवस्था, मेडिकल टीम की तैनाती, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और मंदिर परिसर में बेहतर लाइटिंग की भी व्यवस्था की गई थी। बाबा की नगरी वाणावर की वादियों में भक्तों की भक्ति और शिवभक्ति का स्वरूप एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था, जहां श्रद्धा, आस्था और व्यवस्था का सुंदर समागम देखने को मिला।

# चुनाव आयोग के 'तानाशाही फरमान' के खिलाफ भाकपा (माले) का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को चुनाव आयोग के कथित तानाशाही आदेशों और गरीब- वंचित मतदाताओं को सूची से बाहर किए जाने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। लोहिया स्मारक उच्च विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली प्रखंड मुख्यालय के चारों प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और अंत में प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरने के रूप में तब्दील हो गई। प्रदर्शन का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि देवरुल पासवान ने किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चुनाव आयोग पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। धरने को संबोधित करते हुए बीएसपी नेता देवरंजन दास अम्बेडकर ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से सत्ता में रही भाजपा-जदयू की डबल इंजन सरकार अब अपनी




संभावित हार से घबराकर चुनाव आयोग के माध्यम से जनतंत्र का गला घोंटने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि यह साजिश बिहार की जनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव सुरेंद्र गुप्ता, नागेंद्र यादव, दिलेश्वर राम, लाल बिहारी सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर गरीबों और वंचितों के मताधिकार में हस्तक्षेप किया गया, तो जनआंदोलन और तेज किया जाएगा।

# प्रसव के दौरान बच्चे की मौत पर परिजनों ने काटा बवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने जमकर बवाल काटा। परिजनों द्वारा ड्यूटी पर तैनात एएनएम पर जानबूझ कर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में परिजन स्थानीय जगुआ बिगहा निवासी संजय बिंद ने बताया कि प्रसव के लिए शुक्रवार को महिला को भर्ती कराया गया था। रात में एएनएम दर्द न होने का सूई लगा कर रात भर सोती रही। शनिवार की सुबह में जब नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी बदली तब जाकर प्रसव तो कराया गया लेकिन बच्चे की हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। इस दौरान परिजनों द्वारा मरीज को अविलंब रेफर करने की मांग की गई लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा जानबूझकर घंटों बिलंब किया गया साथ ही एंबुलेंस भी नहीं दिया गया। निजी वाहन से आनन- फानन में नालंदा जिले के एकंगरसराय ले जाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा बच्चे को मृत बताया गया। परिजनों द्वारा जानबूझकर लापरवाही बरतने वाले चिकित्साकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ चंद्रशेखर प्रकाश ने बताया कि जानबूझकर कर लापरवाही नहीं की जाती है फिर भी आरोप के मद्देनजर इसकी जांच की जाएगी।

## शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से कुल 62 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि दोनों ही मामलों में शराब कारोबारियों के फरार होने की खबर है। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली कार्रवाई अकौनी गांव के तालाब के समीप की गई, जहां से 18 लीटर देसी शराब बरामद की गई। इस मामले में गांव निवासी लालू यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई बेरका गांव में की गई, जहां लवकुश पासवान के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने 44 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की। दोनों ही स्थानों पर छापेमारी के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फरार कारोबारियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई को मद्य निषेध अभियान के तहत अंजाम दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** टेहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोभी-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर मठिया गांव के समीप शुक्रवार देर रात एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान मठिया गांव निवासी स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद के पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रितेश कुमार किसी कार्यवश सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही टेहटा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# संतोषजनक है, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत औरंगाबाद जिले में मतदाता सूची का अद्यतन कार्य गतिशील है। इस कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा सघन निगरानी एवं समन्वय के साथ एनुमरेशन फॉर्म संकलन एवं डिजिटल अपलोडिंग कार्य कराया जा रहा है। 12 जुलाई 2025 को अपराह्न 01:59 बजे तक प्राप्त एसआईआर रिपोर्ट के अनुसार जिले में 19,27,443 मतदाताओं में से 11,19,102 मतदाताओं का एनुमरेशन फॉर्म बीएलओ स्तर से सफलतापूर्वक अपलोड किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 58.06 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त 6,978 मतदाताओं के व्यक्तिगत रूप से विवरण अपलोड किए गए हैं, इस प्रकार कुल 11,26,080 फॉर्म



अपलोड हो चुके हैं। यह कुल लक्ष्य का 58.42 प्रतिशत है।

गोह विधानसभा क्षेत्र में कुल 3,24,650 मतदाताओं में से 1,88,401 फॉर्म अपलोड हुए हैं, जो 58.03 प्रतिशत है। ओबरा में 3,35,368 मतदाताओं में से 1,90,348 फॉर्म अपलोड किए गए हैं, जो 56.76 प्रतिशत है। नबीनगर में 2,97,827 मतदाताओं में से 1,83,667 फॉर्म अपलोड हुए हैं, जो 61.67 प्रतिशत है। कुटुंबा में 2,87,310 मतदाताओं में से 1,74,942 फॉर्म अपलोड किए गए हैं, जो 60.89 प्रतिशत है। औरंगाबाद विधानसभा में 3,31,919 मतदाताओं में से 1,79,934 फॉर्म अपलोड किए गए हैं, जो 54.21 प्रतिशत है। रफीगंज में 3,50,369 मतदाताओं में से 2,08,788 फॉर्म अपलोड किए गए हैं, जो 59.59 प्रतिशत है। इसी दिन सुबह 10:00 बजे तक की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 14,36,021 मतदाताओं के एनुमरेशन फॉर्म संकलित किए गए थे, जो कुल मतदाताओं का 74.50 प्रतिशत है। वहीं, कुल 2,11,255 फॉर्म ऑनलाइन अपलोड किए गए थे, जो 11 प्रतिशत की प्रगति को दर्शाता है। गोह में 74.75 प्रतिशत, ओबरा में 70.23 प्रतिशत, नबीनगर में 75.58 प्रतिशत, कुटुंबा में 75.41 प्रतिशत, औरंगाबाद में 74.52 प्रतिशत तथा रफीगंज में 75.79 प्रतिशत फॉर्म का संकलन किया गया है। वहीं अपलोडिंग की स्थिति क्रमशः 55.08 प्रतिशत, 54.23 प्रतिशत, 58.61 प्रतिशत, 57.98 प्रतिशत, 51.98 प्रतिशत एवं 56.77 प्रतिशत रही है। दोनों रिपोर्टों के आधार पर स्पष्ट है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति संतोषजनक है। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी एवं पर्यवेक्षण के माध्यम से इस अभियान को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार लोग गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज। रफीगंज प्रखंड के बदोपुर गांव में शुक्रवार रात उस समय माहौल हिंसक हो गया, जब ताड़ी विक्रेता के एक ग्राहक की बाइक एक ग्रामीण की बकरी पर चढ़ गई। इस मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। हिंसा की इस घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजेंद्र प्रजापत, उनकी पत्नी कांति देवी, पुत्र सुनील कुमार और मुनिल कुमार शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर संतोष कुमार की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। घायल राजेंद्र प्रजापत ने बताया कि गांव में रामविलास चौधरी, रितेश चौधरी समेत कुछ लोग ताड़ी की अवैध बिक्री करते हैं। शुक्रवार रात उन्हीं में से एक ग्राहक ने मेरे घर के सामने खड़ी बकरी पर बाइक चढ़ा दी। जब हमने विरोध किया तो बहस मारपीट में बदल गई। आरोप है कि उक्त ताड़ी विक्रेताओं ने परिवार पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# छोटे साहब के आदर्शों को अपनाने की जरूरत: डॉ. वीरेंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय एस. एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद में शनिवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री स्वर्गीय सत्येंद्र नारायण सिन्हा की 108वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार रजक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित सत्येंद्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इसके उपरांत कॉलेज सभागार में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षकों, छात्रों एवं आमंत्रित अतिथियों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरीय नेता डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन



में कहा कि सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने न केवल बिहार की राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने मगध विश्वविद्यालय का नाम सत्येंद्र नारायण सिन्हा के नाम पर रखने की मांग भी इस अवसर पर दोहराई। प्राचार्य डॉ. रजक ने कहा कि छोटे साहब के नाम से लोकप्रिय रहे सत्येंद्र बाबू बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। उनके जैसे आदर्श नेताओं की आज के समय में अधिक आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं वित्त नियंत्रक प्रो. (डॉ.) सुबोध कुमार झा ने किया। इस अवसर पर प्रो. अख्तर रोमानी, डॉ. नंदेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. ओम प्रकाश वर्मा, डॉ. बबलू कुमार, डॉ. शशिधर गुप्ता, डॉ. कविंद्र भगत, डॉ. नेहा कुमारी, डॉ. शोभा रानी, मो. अनवर हुसैन, राजीव नयन, शशि भूषण कुमार, प्रो. देवब्रत, डॉ. सियाशरण, प्रो. कुमकुम कुमारी, संजय कुमार, नीलम कुमारी, रंजन कुमार, अंकिता, सुरजीत कुमार, आयुष कुमार और मनीष कुमार सहित अनेक शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# रफीगंज-गोह पथ पर दो बाइक की टक्कर, एक युवक गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-गोह मुख्य पथ पर स्थित मखदुमपुर पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गया जिले के आती थाना क्षेत्र के कैथी सदापुर गांव निवासी रामानंद शर्मा के 22 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को तुरंत रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर संतोष कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल सुजीत कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से रफीगंज बाजार करने आ रहे थे। इसी दौरान मखदुमपुर पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। डॉक्टर के अनुसार घायल युवक को सिर एवं हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# बाइक चोरी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के करजारा गांव में एक बाइक चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित सुरेंद्र यादव ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाने में दिए गए आवेदन में सुरेंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार तड़के करीब 3 बजे जब वे उठे तो देखा कि घर के बरामदे में खड़ी मोटरसाइकिल गायब है। चोरी हुई बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस जो उनके पुत्र रोहित राज के नाम से पंजीकृत है। रोहित वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत हैं और लद्दाख में पदस्थापित हैं।

# 22 दिन से लापता है शिक्षक का बेटा, परिजनों की टूटी उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के एस जलजा मार्केट मोहल्ला निवासी शिक्षक धर्मवीर कुमार का 18 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार पटेल पिछले 22 दिनों से लापता है। 21 जून को बिना कुछ बताए घर से निकला रौशन अब तक वापस नहीं लौटा, जिससे पूरे परिवार में गहरी चिंता और शोक का माहौल है। रौशन की दादी सरिता देवी की आंखें अपने पोते की राह देखते-देखते पथरा चुकी हैं। वे बताती हैं कि रौशन मोबाइल ठीक करवाने की जिद कर रहा था, लेकिन उसके पिता ने कुछ दिनों का धैर्य रखने को कहा था। इसके बाद रौशन अचानक घर से निकल गया और अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां लगातार खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बताया गया कि इंटर में नामांकन के लिए रौशन के पास 600 रुपये भी थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वह कहीं नामांकन के उद्देश्य से ही निकला हो। परिजनों ने हसपुरा थाना में युवक की गुमशुदगी को लेकर लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है।

# हसपुरा में दिव्यांगों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के बुनियाद केंद्र परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का निःशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कुल 16 पात्र दिव्यांगों को आधुनिक ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम में बुनियाद केंद्र के कैशियर एस. कुमार, श्रवण विशेषज्ञ यशवंत कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट मोहम्मद इमरान अहमद, गार्डन पहाड़ी के पवन कुमार, सवेरा दिव्यांग




फाउंडेशन के प्रखंड अध्यक्ष सागर कुमार, मनोज कुमार, रामराज चौधरी और मुकेश कुमार की उपस्थिति रही। सम्बंधित पदाधिकारियों ने बताया कि बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ी पहल है और यह उनके जीवन में सुविधा और गति ला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से समाज के अंतिम पंक्ति के दिव्यांग लाभान्वित हो रहे हैं। बताया गया कि ट्राइसाइकिल प्राप्त करने के लिए पहले समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। पात्रता की जांच एवं स्वीकृति के बाद लाभुकों को ट्राइसाइकिल प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में दिव्यांगजन खुशी के साथ ट्राइसाइकिल प्राप्त करते देखे गए और उन्होंने सरकार तथा विभाग का आभार जताया।

# मछली बाजार में चोरी और मारपीट की घटना, दुकानदार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के मछली बाजार स्थित तीन दुकानों में चोरी और मारपीट की घटना सामने आई है। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकानों से मोटर पंप और नकद 1200 रुपये की चोरी कर ली। इस संबंध में दुकानदार विनोद महतो ने हसपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि चोरों ने सतेन्द्र साव और मंटू राम की दुकानों से मोटर पंप चुरा लिया, जबकि विनोद



महतो की दुकान से नकद राशि गायब कर दी गई। पीड़ित विनोद महतो ने थाना प्रभारी दिनेश कुमार को आवेदन देकर चोरी और मारपीट की पूरी घटना की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# शराब के नशे में असामाजिक तत्वों ने दो युवकों पर किया हमला, दोनों घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर से सटे फार्म क्षेत्र में शुक्रवार देर रात असामाजिक तत्वों ने दो युवकों की बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान शाहपुर मोहल्ला निवासी आयुष कुमार एवं व्यवसायी सौरभ कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सौरभ कुमार किसी कार्यवश अपने मित्र आयुष कुमार के साथ शिवगंज बाजार गया था। लौटते समय दोनों फार्म क्षेत्र स्थित एक दुकान पर रुके और पानी पी रहे थे। इसी दौरान वहां शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने पहुंचकर उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। बात बढ़ने पर आयुष और सौरभ बाइक से निकलने का प्रयास कर ही रहे थे कि अचानक 8ऽ10 की संख्या में पहुंचे अन्य युवकों ने उनकी बाइक रुकवा ली और दोनों पर लाठियों से हमला कर दिया। हमलावर मारपीट करने के बाद मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से अब तक थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# गोरडीहा पंचायत उपचुनाव में उदय कुमार सिंह उर्फ उदय कुशवाहा 151 मतों से सरपंच निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** गोरडीहा पंचायत के सरपंच पद पर हुए उपचुनाव में उदय कुमार सिंह उर्फ उदय कुशवाहा ने 151 मतों से विजय हासिल कर सरपंच पद पर कब्जा जमाया। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई। इस उपचुनाव में कुल पांच उम्मीदवार मैदान में थे। मतगणना के दौरान उदय कुमार सिंह को कुल 1423 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मिथिलेश यादव को 1272 मत मिले। अन्य उम्मीदवारों में केसिया देवी





को 639, कलीम अंसारी को 366 तथा निर्मल सिंह को 316 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास ने उदय कुमार सिंह को विजेता घोषित करते हुए बताया कि उन्हें अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 151 मतों की बढ़त मिली है। मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

विजय की घोषणा के बाद मौके पर पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, राजेश यादव, संजय यादव, बबलू कुमार, जितेंद्र शर्मा, मुन्ना यादव, रवींद्र वर्मा, हरेंद्र यादव, सुरेश यादव, छोटू कुमार, नीरज यादव, पुन यादव, नागेंद्र सिंह, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, अनूप कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व समर्थक उपस्थित रहे।

# बस से टकराई ई-रिक्शा, नर्स और चालक गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (कुटुंबा)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के अंबा-नवीनगर मार्ग पर शनिवार को एक अनियंत्रित ई-रिक्शा की बस से जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें ई-रिक्शा पर सवार नर्स अर्चना कुमारी और चालक सरोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नर्स अर्चना कुमारी गया जिले के गुरारू थाना क्षेत्र के सोनडीह भीमपुर गांव निवासी कैलाश राम की पुत्री हैं, जबकि ई-रिक्शा चालक सरोज कुमार कुटुंबा बाजार का रहने वाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा काफी तेज गति से चल रहा था और अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान नर्स अर्चना कुमारी ने बताया कि वह अंबा बाजार में किराए पर रहती हैं और पीएचसी कुटुंबा में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार की सुबह ड्यूटी के लिए ई-रिक्शा से कुटुंबा जा रही थीं, तभी यह दुर्घटना हो गई। डॉक्टरों के अनुसार, अर्चना कुमारी को सिर में गंभीर चोट लगी है, जिसमें सात टांके लगे हैं। वहीं, चालक सरोज कुमार के सीने में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों का इलाज जारी है।

# स्वच्छता पखवारा के तहत सफाई जागरूकता रैली आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वच्छ भारत मिशन शहरी के तहत नगर परिषद मसौढ़ी की ओर से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ऐसे में सफाईकर्मियों, सीआरपी के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। दरअसल मसौढ़ी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी के तहत नगर परिषद मसौढ़ी के द्वारा एक जुलाई से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवारा का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान शहर के सभी 34 वार्डों में विशेष जागरूकता और सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर मिशन के प्रबंधक निकिता सिन्हा ने बताया की मुख्य रूप से इस मानसून में रखें सेहत का ख्याल, स्वच्छता के छह मूल मंत्र को बनाएं ढाल और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ के स्लोगन के साथ लोगों के बीच जन जागरूकता फैलाई जा रही है। इसके अलावा मुख्य रूप से यह अभियान उस मुक्त हो चुके जीवीपी यानि पहले कचरा डंपिंग स्थलों पर केंद्रित होगा, जहां अब सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की गयी है। नगर परीषद के अनुसार, स्वच्छता पखवारे के अंतर्गत हर दिन 19 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहज है। इसमें सफाईकर्मी, वार्ड पार्षद, स्थानीय नागरिक, स्कूल और कॉलेज के छात्र सक्रिय भागीदारी कर रहे है। इन कार्यक्रमों में स्वच्छता की शपथ दिलायी जा रही है। गौरतलब है कि इस पखवारे का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाना और नागरिक भागीदारी के जरिए शहर की रैंकिंग को बेहतर बनाना है। अभियान के दौरान निगम द्वारा स्वच्छता निगरानी समिति की सक्रियता भी बढ़ायी जायेगी जो आमजन को प्रेरित करेगी और गंदगी फैलाने वालों पर निगरानी रखेगी। वहीं नगर प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जो व्यक्ति या संस्थाएं खुले में कचरा फेंकते पाये जायेंगे, उन्हें आर्थिक दंड भी लगाया जायेगा। सफाई जागरूकता रैली कार्यक्रम में अमीन रामाधार प्रसाद सीआरपी अंजु कुमारी, खुशबू कुमारी, पिंकी कुमारी, संगीता आदी शामिल रहे।




# मसौढ़ी के भदौरा में 25 जुलाई को होगा मतदान, नामांकन शुरू

## चार मतदान केंद्रों पर 2672 मतदाता करेंगे वोट

पैक्स उपचुनाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति यानी पैक्स का चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। मसौढी प्रखंड के भदौरा पंचायत में पैक्स उपचुनाव होना है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। आगामी 25 जुलाई को मतदान होगी ।ऐसे में शनिवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है ,जहां अब तक कुल 12 लोगों ने नाजीर रसीद कटाई है, जिसमें एक अध्यक्ष पद के लिए और 11 कार्यकारी सदस्यों के लिए नॉमिनेशन फॉर्म अभ्यर्थियों ने लिया है। बताया जाता है की नामांकन कार्य 12.07.2025 से 14.7.2025 तक चलेगा। संवीक्षा 15.07 2025 से 16.07. 2025 तक सुबह 11:00 बजे 3:00 बजे तक चलेगा, वहीं नाम वापसी और प्रतीक आवंटन 18.07 2025 को सुबह 11:00 से 3:00 तक चलेगी। इसके अलावा मतदान की तिथि 25.7.2025 को सुबह 7:00 से 4:00 तक चलेगा और शाम को 5:00 के बाद मतगणना होगी,बहरहाल प्रशासनिक तैयारी जोरों पर चल रही है। नामांकन के पहले दिन एक भी अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा नहीं दाखिल किया है, निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया की भदौरा पंचायत में पैक्स उपचुनाव होने हैं, 25 जुलाई को वोटिंग होगी। चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 2672 मतदाता मतदान करेंगे

## पेज 1 का शेष

### भारत के विकास...

अभी दो दिन पहले ही मैं पांच देशों की यात्रा से लौटा हूं। मैंने जिन भी देशों का दौरा किया, उनमें भारत के युवाओं की शक्ति का ज़ोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस यात्रा के दौरान हुए समझौतों से देश-विदेश में भारतीय युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल तकनीक, ऊर्ज़ा और दुर्लभ मृदा खनिजों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुए विभिन्न समझौतों से दूरगामी लाभ होंगे। श्री मोदी ने कहा कि ये पहल न केवल भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति को मज़बूत करेंगी बल्कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में युवा भारतीयों के लिए सार्थक अवसर भी पैदा करेंगी। रोज़गार के उभरते परिदृश्य पर बात करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि 21 वीं सदी में रोज़गार की प्रकृति तेज़ी से बदल रही है। नवाचार, स्टार्टअप और अनुसंधान के महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने भारत में युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए सशक्त बनाने वाले विकासशील व्यवस्था की चर्चा की। उन्होंने नई पीढ़ी पर अपने व्यक्तिगत गर्व और विश्वास को साझा किया और युवाओं को महत्वाकांक्षा, दूरदर्शिता और कुछ नया रचने की प्रबल इच्छा के साथ आगे बढ़ते देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि भारत सरकार निजी क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसर पैदा करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में सरकार ने रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना नामक एक नई योजना को मंज़ूरी दी है। इस योजना के तहत सरकार निजी क्षेत्र में अपनी पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को 15 हजार रुपये प्रदान करेगी। दूसरे शब्दों में सरकार उनकी पहली नौकरी के पहले वेतन में योगदान देगी। इसके लिए सरकार ने लगभग एक लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इस योजना से लगभग 3.5 करोड़ नए रोज़गार सृजित होने की उम्मीद है।

# बेलगाम अज्ञात वाहन ने बैंककर्मी को कुचला, विरोध में सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के गोरा बाजार शिव मंदिर के पास सडक पार करने के दौरान बेलगाम अज्ञात वाहन ने बैककर्मी को कुचला दियाञ जिससे घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक का पहचान शाहपुर थाने नीतीश आहर निवासी सुरेंद्र राम के 32 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार के रूप में किया गया है। मौत की सूचना पर परिजनों चित्कार कर उठे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों ने गोरा बाजार मेन रोड पर आजगनी कर सडक जाम कर प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम को हटाया गया। मृतक के चाचा प्रदीप ने बताया कि मृतक गोविंद राजा बाजार में एसबीआई बैंक में प्राइवेट काम करता था. शुक्रवार की रात ऑटो से गोरा बाजार शिव मंदिर उतार कर सडक पार करने के दौरान तेज रफ्तार से अज्ञात वाहन ने धक्का मारा दिया. स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से जख्मी गोविंद को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गये जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। आक्रोशित लोगों ने घटना के विरोध में शनिवार दोपहर में गोरा बाजार में आगजनी कर सडक जाम कर प्रदर्शन किया गया। जाम कर रहे लोगों ने सडक पर ब्रेक बनाने की मांग किया है। आये दिनों सडक दुर्घटना घटी होता है। छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश कुमार ने मृतक के परिजनों को सात्वंना दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन पर मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है।

# बार एसोसिएशन का चुनाव नहीं होने को लेकर अधिवक्ताओं मे नाराजगी, हुई अहम बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी बार एसोसिएशन का चुनाव नहीं होने से मसौढी के अधिवक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। ऐसे में शनिवार को अधिवक्ता भवन में एक अहम बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक ने की। बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने समय पर चुनाव नहीं होने की कड़ी निंदा करते हुए नाराजगी जाहिर की गई। महेंद्र सिंह अशोक ने बताया की बिहार बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा को पत्र लिखकर मांग की गई है कि अविलंब मसौढ़ी अधिवक्ता संघ की वर्तमान कमेटी को भंग करते हुए तदर्थ कमेटी का निर्माण कराया जाए, उन्होंने बताया कि बीते 04.03.2025 को मसौढ़ी बार एसोसिएशन का कार्यकाल समाप्त हो चुका था और इस संबंध में बिहार बार काउंसिल अपने कार्यालय पत्रांक 764/ 2025 दिनांक 04.05.2025 को मसौढी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी को स्पष्ट रूप से चुनाव कराने के निर्देश भी दिए थे, बावजूद उनके दिए गए निर्देश का अनुपालन नहीं हो सका है, ऐसे में अब अधिवक्ताओं मे आक्रोश पनप रहा है। उन सभी अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द चुनाव की तिथि घोषित नही की, तो बहुत जल्द धरना और प्रदर्शन निरंतर विधिवत रूप से होगी। शनिवार को हुई आम बैठक में लल्लू प्रसाद यादव, रामानंद प्रसाद, रुपेश पटेल, सुरेंद्र प्रसाद यादव, अरशद कमाल, अनुपम कुमार, लकेश्वर प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, संजय शर्मा, पुण्यदेव पंडित, टिंकू कुमार, चंद्रकेत सिंह चंदेल, समेत कई अधिवक्ता रहे, इसके साथ ही 70 अधिवक्ताओं ने इस बैठक में हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया।

## एक नजर

### तीन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव में छापेमारी कर न्यायालय द्वारा निर्गत तीन अजमानतीय वारंटीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया वारंटीयों में मक्कू मांझी पिता राजकुमार मांझी. सिंधु मांझी पिता पयल मांझी, सुरेंद्र रविदास पिता राम जन्म रविदास श्रीपालपुर, थाना को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह तीनों वारंटी एक ही गांव से हैं और फिलहाल विभिन्न मामलों में वांछित हैं, जिसे न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट और आसूचना के आधार पर इसे गिरफ्तार किया गया है।

### बीएलओ का एक दिन का वेतन स्थगित

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता सूची में जुड़े लोगों को गलत जानकारी देकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने और बीएलओ सुपरवाइजर के साथ गलत बदतमीजी करने के मामले में बीएलओ मोहम्मद शहजाद अहमद मतदान केंद्र संख्या 189 पर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निबंधन निर्वाचि पदाधिकारी ने एक दिन का वेतन स्थगित करते हुए स्पष्टीकरण करते हुए कहा है कि आपके द्वारा मतदाता सूची में जुड़े लोगों को गलत जानकारी देकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न किया है, इसके अलावा आपके द्वारा आज तक एक भी बीएलओ पोर्टल पर फॉर्म को प्रविष्टि नहीं की गई है। जो अत्यंत दुखद और अनुशासनहीनता एवं लापरवाही का घोतक है, ऐसे में एक दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश देते हुए 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित कर सुनिश्चित करें नहीं तो आपके विरुद्ध विभागीए कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

### छह वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन एवं केवड़ा पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित वारंटीयो को गिरफ्तार किया है, जिसमें पुनपुन थाना क्षेत्र के श्रीपालपुर गांव में छापेमारी कर न्यायालय द्वारा निर्गत तीन अजमानतीय वारंटीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया वारंटीयों में मक्कू मांझी पिता राजकुमार मांझी.सिंधु मांझी पिता पयल मांझी, सुरेंद्र रविदास पिता राम जन्म रविदास श्रीपालपुर, थाना को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह तीनों वारंटी एक ही गांव से हैं और फिलहाल विभिन्न मामलों में वांछित हैं, जिसे न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट और आसूचना के आधार पर इसे गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा केवड़ा पुलिस ने भी तीन वारंटी को गिरफ्तार किया है जिसमें भोरीक यादव सहेंद्र यादव पिता पेरू यादव, राजेश यादव पिता सहेन्द्र यादव को गिरफ्तार का जेल भेजा है।

### तीन घंटे में अपहृता सकुशल बरामद

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के नेतृत्व में फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र में अपहरण से जुड़ी त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मात्र तीन घंटे के भीतर एक अपहृता को बरामद कर लिया. मामले में कांड संख्या-1119/25, दिनांक-11.07.2025 को धारा-137(2)/140(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अनुसंधानकर्ता पदाधिकारी पुअनि अजीत कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में कार्रवाई कर अपहृता को सुरक्षित बरामद कर अग्रिम प्रक्रिया हेतु न्यायालय भेजा गया. उत्कृष्ट कार्य के लिए अनुसंधानकर्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है।

### रंगदारी व नशा तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) क्षेत्र में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत फुलवारीशरीफ थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. रंगदारी से जुड़े कांड संख्या 1113/25 में गिरफ्तार अभियुक्तों में सुधीर कुमार पिता शिव लखन चौधरी निवासी दरियापुर टड़वाँ थाना नौबतपुर वर्तमान पता कन्हैया नगर रविन्द्र चौधरी के मकान में किरायेदार, दीपक कुमार पिता शिव लखन चौधरी निवासी दरियापुर टड़वाँ थाना नौबतपुर, तथा सोनू कुमार पिता लालबाबू चौधरी निवासी चंद्पुरा दरियापुर थाना नौबतपुर शामिल हैं. तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 127(3), 126(6), 308(4), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है. वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या 1121/25 में अभिषेक कुमार पिता स्व. राजेश महतो निवासी संगतपर थाना फुलवारीशरीफ को 1.08 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है. पुलिस द्वारा सभी से पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### बंगाल पुलिस पहुंची मसौढ़ी, चला सर्च अभियान

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** किसी मामले में फरार अपराधी की तलाश में बंगाल पुलिस मसौढ़ी पहुंची, जहां शनिवार को दिन भर मसौढ़ी की विभिन्न मोहल्लों में घूम-घूम कर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन शाम ढलते तक कोई भी सफलता हाथ नहीं लगी फिर बाद में भगवानगंज की और कुच कर गए और भगवानगंज के कई जगहो पर भी उनकी पहचान के लिए तलाश की गई। दरअसल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल पुलिस किसी घटित घटना में संलिप्त अपराधियों की एक तस्वीर लेकर मसौढ़ी पहुंची थी, जहां पर मसौढ़ी की गांधी मैदान, संघत पर, मालिकाना, पटेल नगर और कैलूचक में दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन कहीं भी कुछ आता पता नहीं चल पाया। उसके बाद दोपहर के बाद कुछ पता जानकारी भगवानगंज का मिला वहां भी भगवानगंज की ओर पूरी टीम कूच कर गई लेकिन फिलहाल अभी तक कोई चीज सुराग हाथ नहीं लग पाया है।

# सावन महोत्सव : महिलाओं ने अपने हाथों में साजन के नाम पर लगाई मेहंदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** कहते हैं सावन का महीना आते ही चारों ओर हरियाली छा जाती है और त्योहारों का रंग गहराने लगता है। इस खास मौसम में मेहंदी महिलाओं की खास पसंद बन जाती है। सावन के मौसम की शुरुआत होते ही महिलाओं के हाथों में मेहंदी सजने लगती है। ऐसे में मसौढ़ी में शनिवार को सावन महोत्सव मनाते हुए महिलाओं ने-अपने साजन के नाम पर हाथों में मेहंदी रचाई, और सावन के गीतों पर झूमते हुए नाचते हुए सावन महोत्सव मनाया। कुमारी खुशबूरानी ने बताया कि मेंहंदी का बहुत ही खास महत्व है, ये ना सिर्फ सजने-संवरने का हिस्सा है बल्कि आस्था और भक्ति का भी प्रतीक मानी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की सावन में मेहंदी लगाने से माता पार्वती प्रसन्न होती हैं और पति-पत्नी के रिश्ते में प्रेम और सौभाग्य बढ़ता है। मेहंदी का महत्व सिर्फ धार्मिक ही नहीं, बल्कि यह सेहत के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है। यह परंपरा ना केवल धार्मिक आस्था को दर्शाती है, बल्कि इसे शुभता और खुशहाली से भी जोड़ा गया है। मेहंदी लगाना माता पार्वती के प्रति श्रद्धा, भक्ति और अपने जीवन साथी के प्रति समर्पण का सुंदर रूप है। मसौढ़ी अवध अस्पताल की डॉ राखी रानी ने बताया की मेहंदी ना सिर्फ हाथों की सुंदरता को बढ़ाती है बल्कि यह शरीर को ठंडक भी पहुंचती है। हाथों में मेहंदी लगाने से शरीर को ठंडक मिलती है, जिससे मेंटल स्ट्रेस कम होता है और मन को भी सुकून मिलता है। दिमाग को शांत और संतुलित बनाए रखने के लिए मेहंदी एक थेरेपी का काम करती है। सावन की उमस भरी गर्मी में मेहंदी का शीतल प्रभाव और भी अधिक सुकून देता है। खुशबूरानी, रंजू यादव, अर्चना कुमारी, अनिता कुमारी, नेहा कुमारी, निशा कुमारी, निधि कुमारी, पूनम कुमारी, कुसुम एवं नेहा पटेल आदी शामिल रहे।

# किसानों को कम बिजली आपूर्ति होने से पटवन की समस्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मानसून की बेरुखी से किसानों को एक बार फिर से पटवव की समस्या बढ़ गई है। जिससे किसान परेशान हैं। दरअसल इन दिनों खेतों में धान रोपनी का कार्य चल रहा है ऐसे में बारिश नहीं होने से किसानों को सबसे ज्यादा पटवन को लेकर परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में दूसरी तरफ बिजली की आपूर्ति भी कम होने से किसानों के बीच परेशानी बढ़ गई है। मसौढ़ी के पश्चिमी इलाकों में किसानों ने बताया कि महज 8 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है ऐसे में पटवन कर पाना मुश्किल हो रहा है। किसानों ने 18 घंटा बिजली आपूर्ति करने की मांग की है। मसौढ़ी के पश्चिमी इलाकों में भगवानगंज फीडर में जाहिद्पुर, अकौना, चैनपुर, खनपुरा, अनौली, खरोज, खैनिया चकिया, नदौना, सेमत भगवानगंज, देवरिया और बारा पंचायत में तकरीबन 20 गांवों में 100 एकड़ से अधिक किसान खेती करते हैं। जहां किसानों ने 18 घंटा बिजली आपूर्ति की मांग की है। किसानों में नागेश्वर प्रसाद यादव (अकौना) अनुज यादव (अकौना) धर्मेंद्र कुमार (अनौली) मंगल प्रसाद (अनौली) शिव लखन प्रसाद (चैनपुर) राधेश्याम यादव आदी ने मांग की है कि 18 घंटा बिजली की आपूर्ति होने से ही पटवन संभव हो सकता है। वही इस मामले में बिजली एक्सक्यूटिव इंजीनियर पवन कुमार ने बताया कि किसानो को 12 घंटे बिजली आपूर्ति सप्लाई की जा रही है।आपूर्ति बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से मांग करनी होगी।

# बाढ़ में प्रवासी मजदूर की प्रेम प्रसंग में हत्या, शव पानी भरे गड्ढे में मिला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेढना गांव के पुल के पास स्थित पानी भरे गड्ढे से शनिवार को प्रवासी मजदूर का शव पुलिस ने बरामद किया है। मजदूर की पहचान बेलछी थाने के एकडंगा गांव के वार्ड नंबर 8 निवासी रामविलास केवट के पुत्र राहुल कुमार 20 वर्ष के रूप में की गई है। राहुल 7 जुलाई से लापता था। इसको लेकर परिजनों के द्वारा बेलछी थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया था। परिजनों ने बताया कि राहुल दिल्ली में काम करता था जो अपने स्वजन के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए गांव आया था। 6 जुलाई को वह घर से निकट के सीतापुर गांव जाने के क्रम में गायब हो गया था। हालांकि परिजनों ने अपहरण कर हत्या की आशंका व्यक्त की है। इसी दौरान उसके मोबाइल के कॉल डिटेल की जांच की गई तो पता चला कि राहुल की शेखपुरा जिले की लड़की के साथ बातचीत हो रही थी। उसके मोबाइल में लड़की का नंबर मिला था। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर ही रही थी कि राहुल का शव मिला। पुलिस के अनुसार इस मामले में हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ कर जांच पड़ताल की जा रही है ।शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। राहुल की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# महावीर कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक ने राज्यपाल से भेंट कर दी संस्थान की सुविधाओं की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** महावीर कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 एल0 बी0 सिंह ने आज बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर संस्थान में मरीजों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आधुनिक मशीनों और जनहितकारी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 सिंह ने बताया कि संस्थान में इलाज के लिए आने वाले अधिकतर मरीज आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होते हैं इसलिए संस्थान की प्राथमिकता रहती है कि उन्हें न्यूनतम खर्च में बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाए. मरीजों के परीक्षण और इलाज के लिए विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाता है ताकि उन्हें भटकना न पड़े और उनका समुचित इलाज समय पर हो सके. डॉ0 सिंह ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज देना है. इसी क्रम में बिहार में बढ़ते कैंसर मरीजों की संख्या को देखते हुए महावीर कैंसर संस्थान ने मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन की शुरुआत की है जिसके माध्यम से राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों के बीच कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी और प्रारंभिक स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी. उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग के जरिए कैंसर की पहचान पहले चरण में संभव हो सकेगी जिससे समय पर इलाज शुरू किया जा सकेगा।

# बीडीओ ने 30 बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में रुचि नहीं लेने वाले 30 बीएलओ से बीडीओ ने स्पष्टीकरण पूछा है। बीडीओ विभेष आनंद ने बताया कि 186 दानापुर विधानसभा क्षेत्र के कार्य के प्रति लापरवाह बीएलओ से जबाब तलब किया गया है। संतोषप्रद जबाब नहीं मिलने की स्थिति में लापरवाह बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को लिखा जाएगा। उन्होंने चुनाव आयोग का निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश प्राप्त हैं। लेकिन कुछ बीएलओ का कार्य में लापरवाही बरत रहे थे। इस कारण स्पष्टीकरण मांगा गया है. उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण अभियान का प्रगति कार्य में बीएलओ द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही बरती जा रही है और निर्वाचन आयोग ने निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है और पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र अपलोड करने में धीमी गति से किया जा रहा है. जिसको लेकर बीएलओ स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# दानापुर में 20 करोड़ की लागत से 40 वार्डों का होगा विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** नगर परिषद के 40 वार्डों में 20 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। इन पैसों से सड़कों के अलावा नालियों का निर्माण कराया जाएगा. परिषद के इओ पंकज कुमार ने बताया कि 40 वार्डों में पीसीसी सडक व नाला निर्माण कार्य के लिए शनिवार को टेंडर खोला गया है. उन्होंने बताया कि राज्य योजना के तहत बीस करोड से परिषद के विभिन्न वार्डों में पीसीसी सडक व नाला निर्माण समेत अन्य कार्य कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि पीसीसी सडक, आरसीसी नाला समेत अन्य निर्माण कार्य कराया जायेंगे. इसे लेकर सभी वार्डों से योजनाओं का चयन किया गया है और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कराये जायेंगे और परिषद के 40 वार्डों को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा।

## भंडारा में श्रद्धालुओं के बीच किया प्रसाद का वितरण

**दानापुर।** मैनपुरा स्थित लक्ष्मी नारायण शिव पंच परिवार के वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय श्री अखंड हरिकीर्तन अष्टयाम समारोह व पूजन हवन पूर्णाहुति शनिवार को संपन्न हुआ। यज्ञ भंडारा किया पूजा समिति द्वारा शनिवार को यज्ञ भंडारा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, नप के मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि व समाजसेवी धीरज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव ने मंदिर में पूजा अर्चना किया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। मौके पर मंदिर के अध्यक्ष दयानंद मेहता, भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर सिंह, पूनम देवी, समाजसेवी व पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार यादव, पार्षद दीपिका राज, पार्षद गोपाल प्रसाद, विनोद, राजेश, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष कुमार, भानू सिंह समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विश्वजीत महुआ बने भारतीय लोकहित पार्टी के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष

**फुलवारीशरीफ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विश्वजीत महुआ (प्रधान महासचिव) को भारतीय लोकहित पार्टी के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है. उन्हें यह जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सौंपी गई. इस मौके पर उन्हें शुभकामनाएं दी गयी.इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव प्रेम ने कहा कि भारतीय लोकहित पार्टी के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

## पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक, प्रीति पाल भी शीर्ष पर रहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन से इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का चयन निर्भर करेगा।हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## गिरने के कारण दौड़ पूरी नहीं कर पाए अविनाश साबले




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए। हालांकि, तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जन्में कुजूर ने भारतीय पुरुष स्प्रिंटिंग में नई उम्मीद जगाई है। अब कुजूर की नजर सितंबर 2025 में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए 20.16 सेकंड के कठिन क्वालिफाइंग मार्क पर है। अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर स्पर्धा में 10 सेकंड की बाधा को तोड़ने का संकल्प लिया है। ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष 5 में जगह बनाने की उम्मीद थी, लेकिन शुक्रवार 11 जुलाई की रात वह दौड़ की शुरुआत में ही ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन अविनाश साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अब तक ज्ञात नहीं है। यह 30 वर्षीय खिलाड़ी सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुका है, लेकिन इस वर्ष वह अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। वह पिछले दो डायमंड लीग मुकाबलों में 13वें और आठवें स्थान पर रहे हैं।

# टेलर फ्रिट्ज को हराकर फाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्काराज





**लंदन, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को चार सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के कार्लोस अल्काराज को पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रिट्ज ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन, अंत में अल्काराज ने मैच अपने नाम कर लिया। हार के साथ ही फ्रिट्ज का विंबलडन फाइनल खेलने का सपना टूट गया। 2009 में एंडी रोडिक आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे, जो इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराया। यह उनकी लगातार 24वीं जीत है।

पहला सेट अल्काराज ने जीता, और दूसरा सेट फ्रिट्ज ने जीतकर बराबरी की कोशिश की। लेकिन, तीसरा सेट जीतकर अल्काराज ने फिर से बढ़त बना ली। चौथा सेट सबसे रोमांचक साबित हुआ, जिसका समापन टाई-ब्रेक में हुआ, जहां फ्रिट्ज ने 6/4 की बढ़त बना ली। दो सेट पॉइंट के बाद निर्णायक सेट हुआ। लेकिन, अल्काराज ने अपने दृढ़ निश्चय और प्रतिभा से दोनों सेट पॉइंट बचा लिए। अल्काराज ने लगातार चार अंक हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

विंबलडन 2025 में पुरुष सिंगल्स का फाइनल रविवार को होगा। अल्काराज का फाइनल में टॉप सीड यानिक सिनर और 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच में से किसी एक से सामना होगा। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल खेला जाना है।

अल्काराज एक बेहद खास क्लब में शामिल होने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। अगर वह रविवार को फाइनल जीत जाते हैं, तो वह इतिहास के सिर्फ पांचवें ऐसे व्यक्ति होंगे, जो लगातार तीन विंबलडन खिताब अपने नाम करेंगे। वहीं, अगर अल्काराज जीतते हैं, तो यह उनका छठा ग्रैंड स्लैम खिताब होगा।

## संन्यास की अटकलों पर आया जोकोविच का बयान, बोले- यह मेरा आखिरी विंबलडन...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए साफ कहा है कि वह एक बार और विंबलडन में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि उनका इरादा कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का है। बता दें कि, शुक्रवार को विंबलडन के सेमीफाइनल में यानिक सिनर ने जोकोविच को मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। अब सिनर का सामना अल्कारेज से होगा।

सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविच के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया। जोकोविच ने कहा, मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।

### चोट पर भी की बात

जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविच ने कहा, मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा जरूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी। जोकोविच ने इस साल अभी तक तीनों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाए। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह चोट के कारण पहले सेट के बाद बाहर हो गए थे जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन में सिनर ने उन्हें फाइनल में नहीं पहुंचने दिया।

# मैं थक गया हूं...

### बुमराह ने अचानक ऐसा क्यों बोल दिया?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया. इसके साथ ही उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया.उन्होंने लॉर्ड्स के मैदान में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजी लाइनअप को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया. हालांकि जसप्रीत बुमराह को विकेट लेने के बाद ज्यादा सेलिब्रेट करते हुए नहीं देखा गया. इसका खुलासा बुमराह ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद किया. उन्होंने कहा कि वो थक गए हैं. अब सवाल ये उठता है कि आखिरी बुमराह ने ऐसा क्यों कहा?

जसप्रीत बुमराह ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने इसलिए सेलिब्रेट नहीं किया क्योंकि मैं थक गया था. मैं 21 या 22 साल का नहीं हूं कि पूरे ग्राउंड पर उछलता रहूंगा. मैं सिर्फ अपने मार्क में वापस जाना चाहता था और फिर से गेंदबाजी करना चाहता था. लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में भारतीय तेज गेंदबाज ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को आउट किया. यही नहीं उन्होंने हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स और जोफ्रा आर्चर को भी वापस पवेलियन की राह दिखाई.



# जिंदगी का कोई भरोसा नही...

### जोटा की मौत से टूटे रोनाल्डो के फैन मोहम्मद सिराज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि लिवरपूल के फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत की खबर सुनकर वह काफी भावुक हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जैमी स्मिथ का विकेट लेने के बाद उनकी प्रतिक्रिया पुर्तगाली फारवर्ड के प्रति श्रद्धांजलि थी।स्मिथ को आउट करने के बाद सिराज ने अपनी उंगलियों से '20' (लिवरपूल में जोटा की जर्सी नंबर जिसे अब रिटायर कर दिया गया है) का अंक बनाया और फिर इस फुटबॉलर के सम्मान में दोनों हाथ आसमान की ओर उठाए, जिनकी तीन जुलाई को स्पेन के जमोरा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

# भारत-इंग्लैंड सीरीज में ड्यूक्स बॉल पर क्यों हो रहा विवाद!




**लंदन, एजेंसी।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा है. फिलहाल 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच जारी है. 5 मैचों की सीरीज में ड्यूक बॉल का इस्तेमाल हो रहा है. लेकिन खिलाड़ी इसकी क्वालिटी से खुश नहीं दिख रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन भारत को दो बार बॉल बदलनी पड़ी. खिलाड़ी बॉल की क्वालिटी से खुश नहीं थे. ड्यूक्स कंपनी की शुरुआत 1760 में ड्यूक्स परिवार ने की थी. अब इस कंपनी के मालिक भारतीय बिजनेसमैन दिलीप जाजोदिया हैं, जिन्होंने इसे 1987 में खरीदा था.

अब इस पूरे मसले पर दिलीप जाजोदिया ने सफाई दी है. उन्होंने खिलाड़ियों से धैर्य रखने को कहा है. खास बात यह है कि यह गेंद मेरठ से यूके आती है, फिर इंग्लैंड में उनका फाइनल टच दिया जाता है. उन्होंने बातचीत में कहा कि उनकी कंपनी, जिसकी शुरुआत 18वीं सदी में हुई थी. यूके के असामान्य रूप से गर्म मौसम और आज के दौर की क्रिकेट की मांगों को ध्यान में रखते हुए बॉल में सुधार करने के लिए तैयार है. जहां बल्लेबाज भारी बल्लों से बॉल पर जोरदार प्रहार कर रहे हैं.

लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन की सुबह के सेशन में ड्यूक्स बॉल दो बार बदली गई. 10 ओवर पुरानी बॉल बदली जाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ी काफी नाखुश थे, जिसके चलते कुछ ही मिनटों में दोबारा बॉल बदलनी पड़ी. जाजोदिया ने कहा- दुनिया में सिर्फ तीन मान्यता प्राप्त क्रिकेट बॉल निर्माता हैं (ड्यूक्स, स्ग और कूकाबुरा). क्रिकेट बॉल बनाना आसान नहीं है. अगर यह आसान होता, तो दुनिया भर में सैकड़ों निर्माता होते. जाजोदिया ने कहा- इसलिए मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को यह समझना होगा कि हम चुपचाप बैठे नहीं रह सकते, हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं, और अगर कोई समस्या है, तो इसका रिव्यू होगा. हम देखेंगे कि समस्या कहां है, चाहे वह चमड़े में कोई खराबी हो या किसी और चीज में, हम इसकी जांच करेंगे. मैं पैर ऊपर करके सिगार पीने नहीं जा रहा हूं.

# एशिया कप और जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारत में पाकिस्तान के आने की संभावना कम

**मुंबई,।** भारत में एशिया कप हॉकी और जूनियर हॉकी विश्व कप का आयोजन होना है। भारत सरकार की तरफ से पाकिस्तानी टीम को आने को लेकर सकारात्मक रुख रखा गया है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इन आयोजनों के लिए अपनी सीनियर और जूनियर टीम को भारत नहीं भेजने का विचार कर रही है। पाकिस्तान को 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में भाग लेना है, जिसके लिए पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सरकार से मंजूरी मांगी है। पाकिस्तान को इस साल नवंबर-दिसंबर में चेन्नई में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में भी भाग लेना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट को बताया, दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए शहजाद शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार द्वारा राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत आने की अनुमति देने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने कहा कि गठबंधन सरकार के सदस्यों का मानना है कि दोनों पड़ोसियों के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद टीम भेजना सुरक्षित नहीं होगा। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच संघर्ष हुआ था।

सूत्रों ने बताया कि सरकार से स्पष्ट नहीं सुनने के बाद पाकिस्तान हॉकी महासंघ एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) से मांग करेगा कि वे इन प्रतियोगिताओं को मलेशिया या ओमान जैसे किसी तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करें। पीएचएफ सूत्रों ने कहा, पीएचएफ इन आयोजनों को भारत से बाहर कराने की कोशिश करेगा, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि मलेशिया और ओमान के पास इन आयोजनों के लिए बोली लगाने के लिए जरूरी धनराशि नहीं है, जो लगभग एक लाख डॉलर है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने पिछली बार 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का दौरा किया था, जहां वह छह टीमों में पांचवें स्थान पर रही थी। भारत ने यह प्रतियोगिता जीती थी। इस आयोजन के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई थी।

भारत से हाल ही में आई रिपोर्टों से पता चला है कि अधिकारी पाकिस्तान को हॉकी आयोजनों में भाग लेने की अनुमति देने को तैयार हैं। हॉकी इंडिया ने यह भी कहा था कि उन्हें विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से अनुमति मिल गई है।



### विधानसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद एवं पलामू जिला प्रशासन के अधिकारियों की हुई बैठक

# सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाने पर बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में संभावित अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं सीमाओं पर चौकसी बढ़ाने को लेकर औरंगाबाद एवं पलामू जिला प्रशासन की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक औरंगाबाद जिला अतिथि गृह में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पलामू के उपायुक्त द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर अंतरराज्यीय समन्वय पर चर्चा की गईं। इस दौरान दोनों जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न रणनीतिक निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिहार-झारखंड सीमा पर मादक पदार्थों, शराब, स्पिरिट, अवैध आग्नेयास्त्रों, नकदी, ओवरलोड एवं बिना चालान बालू-पत्थर एवं अन्य खनिजों की अवैध ढुलाई की रोकथाम हेतु संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। नक्सली गतिविधियों की निगरानी हेतु भी दोनों जिलों के पुलिस विभागों द्वारा समन्वय स्थापित कर सतत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पलामू उपायुक्त ने सीमावर्ती क्षेत्रों में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे परस्पर समन्वय स्थापित कर आगामी निर्वाचन तक निरंतर निगरानी एवं कार्रवाई की रणनीति पर कार्य करें। इसके अतिरिक्त चुनाव अवधि के दौरान शराब एवं स्पिरिट की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष निगरानी दलों का गठन किया जाएगा। खनिज परिवहन में जीएसटी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु परिवहन, खनन एवं वाणिज्यकर विभागों के सहयोग से विशेष संयुक्त दल कार्रवाई करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि दोनों जिलों के बीच नियमित सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के साथ सभी गतिविधियों की निगरानी हेतु इंटर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेशन सेल गठित किया जाएगा। असामाजिक तत्वों एवं संगठित अपराध समूहों के विरुद्ध सशक्त एवं समयबद्ध कार्रवाई के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में दोनों जिलों के अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु अंतरराज्यीय समन्वय के माध्यम से हर स्तर पर ठोस एवं समन्वित प्रयास किए जाएंगे। बैठक में औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं पलामू जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्पर्शाघात से किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** माली थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर गांव में विद्युत तार से झुलस कर एक किसान की मौत हो गई। बताया जाता है कि खेत में कृषि कार्य के दौरान किसान अचानक विद्युत तार की चपेट में आकर हादसे के शिकार हो गये। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी साधु पासवान के 35 वर्षीय पुत्र विकास कुमार पासवान के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रंजीत अपने गांव से पूरब दिशा की ओर कृषि कार्य कर रहा था। इस दौरान पहले से खेत की मेड़ पर गिरे हाइटेंशन तार को वह देख नहीं पाया और अचानक वह उसकी चपेट में आ गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने विकास को अचेत अवस्था में देखा तो शोर मचाया। इसके बाद उसे जिंदा समझकर आनन-फानन में इलाज के लिए पास के ही एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया, जहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि 15 वर्ष पूर्व मृतक की शादी हुई थी। घटना के बाद से पत्नी शोभा देवी सहित अन्य परिजनों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हुई है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या सहित अन्य मामलों में 56 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में विभिन्न कांडों के 56 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसमें हत्या में 1, हत्या के प्रयास में 29, शराब के शीर्ष कांडों में 7 एवं अन्य शीर्ष कांडों में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 43 वाहनों की जांच की गई जिससे 3000 रूपये जुर्माना वसूला गया हैं। इसके अलावा वारंट निष्पादन की संख्या जबकि कुर्की निष्पादन संख्या 10 है। साथ ही 290 लीटर देसी शराब तथा एक ऑटो को जब्त किया गया है। विदित हो कि एसपी के आदेश पर जिला पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व एसपी अम्बरीश राहुल खुद करते हैं। पुलिस पदाधिकारी दिशा निर्देश के बाद छापेमारी कर बदमाशों की गिरफ्तारी करते हैं। एसपी की माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। एसपी ने आम जनता से भी अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और समाज में शांति व सुरक्षा का माहौल बना रहे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# नीतीश सरकार ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर : वीरेन्द्र सिंह

### पूर्व सांसद का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम संपर्क यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** वर्ष 2005 से पूर्व महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विकास पर कोई काम नहीं किया गया था। वहीं नीतीश सरकार पिछले 20 वर्षों से महिला शिक्षा एवं उनके विकास पर काम कर रही है और महिलाओं को रोजगार देने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल बिहार की प्रगति में योगदान दे रही हैं बल्कि वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत भी कर रही हैं। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को ग्राम जन संपर्क यात्रा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में महिलाओं को प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में 50% आरक्षण दिया गया। वर्ष 2006 में ही पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं को 50% आरक्षण दिया गया और इसके तहत अब तक चार चुनाव हो गए हैं। वर्ष 2013 से पुलिस में महिलाओं के लिए 35% आरक्षण दिया गया। अब बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या देश में सबसे अधिक है। वर्ष 2016 से महिलाओं को सभी सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण दिया गया। अब इस आरक्षण का लाभ केवल बिहार की महिलाओं को ही मिलेगा, इससे उन्हें पहले से ज्यादा लाभ होगा। विदित हो कि पूर्व सांसद का नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार ग्राम संपर्क यात्रा जारी है। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठेंगो पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किया। उन्होंने केवला, रजवरिया कला, रजवरिया खुर्द, कांदू बिगहा, खेदन बिगहा, गोसलडीह, चमराही, काशी तेन्दुआ, राटा बिगहा, पहलाद बिगहा, गोगो दक्षिणी, गोगो उतरी, ठेंगो, कोइरीडीह एवं नोनिया बिगहा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। इस क्रम में जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का स्वागत किया। यात्रा में जदयू जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य सूर्यवंश सिंह, विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, जदयू जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य महावीर कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि विजय पासवान, पूर्व पैक्स अध्यक्ष रामध्यान सिंह यादव, जिला प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह, पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, नबीनगर जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष मंटू कुमार सिंह, गुप्ता प्रसाद चंद्रवंशी, शिव शंकर तिवारी, साहब दयाल सिंह, सुभाष सिंह, युवा नेता सुजीत सिंह, रामप्रवेश सिंह, शिवपूजन सिंह आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम जन संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर पुलिस द्वारा अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के तिवारी मुहल्ला निवासी स्व. सुरेंद्र तिवारी के 22 वर्षीय पुत्र अभय कुमार के रूप में की गई है। इसके पास से एक देसी रिवॉल्वर और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। दाउदनगर सीडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि विशेष समकालीन अभियान के दौरान सूचना के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार किया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह आगे भी जारी रहे ताकि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# मारपीट मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/रफीगंज।** मारपीट के आरोप में चार लोगों को ढिबरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के बनुआ टोला पक्कापर निवासी अर्जुन पासवान के पुत्र प्रिंस कुमार, सुदर्शन पासवान के पुत्र नीतीश कुमार एवं देव थाना क्षेत्र के करमडीह गांव निवासी शशिकांत कुमार तथा श्रीकांत कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष रितेश उपाध्याय ने बताया कि 11 जुलाई को मारपीट की घटना हुई थी जिसमें ये सभी आरोपितों ने चैनपुर खैरा निवासी कमलेश शर्मा को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। मामले में पीड़ित के फर्द बयान के आधार पर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया गया था। इसी क्रम में आज सभी पकड़े गए जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। गंभीर चोट की वजह से पीड़ित फिलहाल अस्पताल में इलाजरत है। वहीं रफीगंज थाना क्षेत्र के दशरथ बिगहा गांव में पानपती कुंवर के साथ मारपीट मामले में गोह थाना अंतर्गत पकरी गांव निवासी विनय कुमार यादव ने काशी बिगहा गांव निवासी रूपेश कुमार, अंकित कुमार, एवं फ्रूटी कुमारी को नामजद आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाने में आवेदन दिया है। आवेदन मे उल्लेख किया कि सूचना मिली कि मेरी बहन पर सभी आरोपितों द्वारा घर में घुसकर जान से मारने की नियत से हमला किया गया। मेरी बहन की बहू एवं उनके दो भाई मिलकर मारपीट कर रहे थे। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए रूपेश कुमार व अंकित कुमार को हिरासत में लेकर औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया है।

## दो लोग जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के अंबा-नवीनगर रोड में कुटुंबा के पास ई-रिक्शा के बस से टकराने के कारण ई-रिक्शा पर सवार दो लोग जख्मी हो गए। घायलों में पीएचसी कुटुंबा में कार्यरत नर्स अर्चना कुमारी और ई-रिक्शा चालक सरोज कुमार शामिल हैं। दुर्घटना में घायल नर्स अर्चना गयाजी जिले के गुरारू थानाक्षेत्र अंतर्गत सोनडीह भीमपुर गांव निवासी कैलाश राम की बेटी है जबकि सरोज स्थानीय कुटुंबा बाजार का निवासी है। घटना के बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को कुटुंबा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लोगों ने घटना की जानकारी जख्मी के परिजनों को दी।

# आज औरंगाबाद आयेंगे वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ मधुरेन्द्र नारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिलावासियों को एक वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट से इलाज कराने का सपना अब साकार होने वाला है। अब उन्हें इसके लिए कहीं बाहर जाने और परेशान होने की जरूरत नहीं है। 13 जुलाई रविवार को वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट एवं टाटा मेन हॉस्पिटल के भूतपूर्व विभागाध्यक्ष डॉ मधुरेन्द्र नारायण सिंह परामर्श हेतु औरंगाबाद में उपलब्ध रहेंगे। शहर के कर्मा रोड वन विभाग के बगल में स्थित एस.आर.एस मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक डॉ मधुरेन्द्र नारायण सिंह मरीजों से मिलेंगे। मरीज फोन नंबर 6209919878 पर सम्पर्क स्थापित कर अपना रजिस्ट्रेशन पहले करवा सकते हैं। जिन लोगों को सर में दर्द, माइग्रेन, चक्कर आना, फिट, मिर्गी, चमकी होना, हर्पिस के बाद उस जगह पर लहर होना, बेहोश हो जाना, नसों की बीमारी जैसे-शरीर में झुनझुनापन, सूनापन होना, यादाश्त कम होना, लकवा, गर्दन, कमर या पीठ में दर्द या अकड़ापन, हाथ का कंपन, नींद कम आना, खाना चबाने, निगलने या बोलने में दिक्कत होना, मांसपेशियों का सूखना या कमजोर होना, आँख से चीज दो दिखना या पलक झपक जाना, काम करने की इच्छा न होना, सर दर्द के साथ बुखार एवं उल्टी होना, चेहरा टेढ़ा हो जाना, थोड़ा दूर चलने पर पैर भारी होना या दर्द होना, चलते समय संतुलन न बनना, जोड़ों में दर्द होना, चिड़चिड़ापन होना, ज्यादा डर लगना अथवा घबराहट होना, मन स्थिर नहीं रहना, चिन्ता अधिक होना, भीड़ में या खुले जगह में डर लगना, एक ही काम को बार-बार करने की इच्छा होना, भूख प्यास ज्यादा लगना, घाव भरने में ज्यादा समय लगना, अत्यधिक थकान या सुस्ती महसूस होना, अत्याधिक गर्मी या ठंड लगना, पेशाब में जलन होना आदि लक्षणों में से कोई भी लक्षण मौजूद हो तो वैसे रोगी डॉ. मधुरेन्द्र से मिलकर लाभ उठा सकते हैं।

# कांवरियों के लिए नीलकंठ महादेव सेवा समिति का सेवा शिविर शुरू

### 11 जुलाई से 8 अगस्त तक पैदल बाबा धाम जाने वाले सभी कांवरियों को मिलेगी निशुल्क सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले की सामाजिक संस्था नीलकंठ महादेव सेवा समिति द्वारा सावन माह में कांवरियों के लिए निशुल्क सेवा शिविर की शुरुआत कर दी गई है। यह समिति 11 जुलाई से 8 अगस्त तक इस सेवा शिविर के माध्यम से सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल देवघर स्थित बाबाधाम जाने वाले सभी कांवरियों को हर तरह की निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। यह शिविर बांका जिले में कुमरसार नदी से तीन किलोमीटर आगे जोरीपार में लगाया गया है। शिविर का उद्घाटन समाजसेवी सह लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्रा ने किया। इस दौरान संस्था के संस्थापक नीरज कुमार उर्फ लप्पू ने बताया कि नीलकंठ महादेव सेवा समिति अपने शिविर के माध्यम से पिछले चार वर्षों से कांवरियों की निशुल्क सेवा कर रही है। शुरू से संघर्ष करते हुए आज 77 डिसमिल जमीन अपने समिति का हो गया है जिसमें सभी तरह की जरूरी सेवाएं निशुल्क दी जा रही है। भविष्य में इसी जमीन पर समिति एक भव्य धर्मशाला का निर्माण कराएगी ताकि पूरे वर्ष बाबाधाम जाने वाले शिव भक्तों को हर तरह की सेवाएं दी जा सके। वहीं संस्थापक लखन प्रसाद ने बताया कि सेवा शिविर भव्य सुसज्जित प्रकाशयुक्त पंडाल के साथ बनाया गया है जहां कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था है। इसके अलावा आधुनिक मशीन द्वारा दर्द निवारण की सुविधा, उत्तम चिकित्सा व्यवस्था, दवा एवं एम्बुलेंस सहित प्रतिदिन डाक बम सेवा शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक, प्रतिदिन भक्ति जागरण, प्रतिदिन शुद्ध एवं सात्विक भोजन की उत्तम व्यवस्था, फलाहारी कांवरियों के लिए अलग व्यवस्था, प्रतिदिन चाय, नींबू शर्बत, मिनिरल वाटर एवं गर्म पानी का कुण्ड समेत स्वच्छ सुलभ शौचालय की व्यवस्था की गई है।

# जम्होर पीएचसी में परिवार नियोजन पखवारा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर स्थित प्रखंड स्तरीय अस्पताल के प्रांगण में आज परिवार नियोजन से संबंधित पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लगातार 31 जुलाई तक चलेगी। कार्यक्रम में परिवार नियोजन से संबंधित शिविर के निमित नसबंदी का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें 17 महिला एवं एक पुरुष का नसबंदी किया गया। अस्पताल के प्रभारी डॉ श्याम कुमार के नेतृत्व में नसबंदी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम कुमार, जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, डॉ शाहीन अख्तर सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान डॉ श्याम कुमार ने बताया कि महिला बंध्याकरण को जागरूक करने के लिए जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसमें पुरुष लाभार्थी को 3000 रूपये जबकि उत्प्रेरक को 400 रूपये दिए जाएंगे। वहीं महिला बंध्याकरण के लाभार्थी को 2000 एवं उत्प्रेरक को 300 प्रदान किए जाएंगे। वर्तमान परिदृश्य में जम्होर प्रखंड स्तरीय अस्पताल में सभी सुविधाओं को विशेष तरीके से मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

CMYK